आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 09:39 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 53, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आसमान में चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु-ए 3 16

27,000 रन पूरे करने वाले चौथे बल्लेबाज बने विराट 15

## एक नजर

### मदुरै के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में सोमवार को नारिमेदु स्थित केंद्रीय विद्यालय सहित कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी के बाद से अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में दहशत फैल गई और प्रबंधन ने बच्चों को जल्दी घर भेजने पर मजबूर होना पड़ा। बम तलाशी एवं निरोधक दस्ते सहित पुलिस की टीमें केंद्रीय विद्यालय और तीन अन्य स्कूलों में पहुंचीं तथा गहन जांच की। जांच में बम की धमकी अफवाह प्रतीत हुई।

### झारखंड में परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्टूबर को झारखंड के हजारीबाग का दौरा करेंगे और इस दौरान धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत करने के अलावा 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

### महाराष्ट्र में आया 4.2 तीव्रता का भूकंप

**नागपुर।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार की दोपहर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। अमरावती के स्थानिक उपजिलाधिकारी अनिल भटकर ने कहा कि किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान की कोई खबर नहीं है। एनसीएस ने कहा कि भूकंप जिले के चिखलधारा तालुका के टेंबू गांव में दोपहर बाद 1.37 बजे आया। भूकंप का केन्द्र 13 किलोमीटर की गहराई पर था।

### डीयू के 12 कॉलेजों की होगी विशेष ऑडिट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कॉलेजों की विशेष लेखापरीक्षा शुरू की है। मुख्यमंत्री आतिशी ने इसकी स्वीकृति दे दी है। डीयू के यह कॉलेज दिल्ली सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित हैं। एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद लेखापरीक्षा निदेशालय ने विशेष ऑडिट करने के लिए आठ सदस्यीय टीम का गठन किया है।

# मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी



- 8 अक्टूबर को दिया जाएगा 74 वर्षीय अभिनेता को सम्मान

हिंदी सिनेमा में डिस्को डांस को लोकप्रिय बनाने वाले तथा मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस-डांस जैसी फिल्मों के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकार ने सोमवार को उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने की घोषणा की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर यह घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें एक सांस्कृतिक दूत बताया। चक्रवर्ती (74) ने कहा कि जब उन्हें यह खबर मिली तो उनके दिमाग में भोजन और सिर छुपाने के शुरुआती संघर्ष के दिनों सहित जीवन की अब तक की तमाम यादें ताजा हो गईं। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण का मतदान आज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को 40 विधानसभा क्षेत्रों में अंतिम चरण में मतदान होगा, जिनमें कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। ये क्षेत्र कुपवाड़ा, बारामूला और बांदीपुरा के तीन जिलों में फैले हैं। उत्तरी कश्मीर के डीआईजी मकसूद-उल-जमान ने कहा कि मंगलवार को तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए तीन सीमावर्ती जिलों में विभिन्न सुरक्षा बलों की 400 कंपनियां तैनात की गई हैं। यह तैनाती सेना और बीएसएफ सहित उन बलों के अतिरिक्त है जो एलओसी पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं।

# महाराष्ट्र में देशी गाय को राज्यमाता का दर्जा

**शिंदे सरकार ने प्राचीन परंपरा का हवाला देते हुए जारी किया आदेश**

मुंबई, एजेंसी

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को भारत में गायों के सांस्कृतिक महत्व और उसकी परंपराओं का हवाला देते हुए गाय को ''राज्य माता'' घोषित करने का आदेश जारी किया। आधिकारिक आदेश में महायुति सरकार ने कहा कि गाय भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है और प्राचीन काल से ही इसका आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सैन्य महत्व रहा है।


आधिकारिक अधिसूचना में शिंदे सरकार ने कहा कि प्राचीन काल से ही गायों का मानव जीवन में एक अनूठा महत्व रहा है। वैदिक काल से गायों के धार्मिक, वैज्ञानिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए उन्हें कामधेनु कहा जाता है।

**राज्य में देशी नस्ल की बढ़ाई जाएगी संख्या**

राज्य के विभिन्न हिस्सों में गायों की अलग-अलग देशी नस्लें पाई जाती हैं, लेकिन दिन-ब-दिन देशी गायों की संख्या में भारी कमी आ रही है। देशी गायों के दूध में मानव आहार में अधिक पोषण मूल्य होता है। देशी गायों का दूध एक संपूर्ण आहार है, क्योंकि इसमें मानव शरीर के पोषण के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं।

**गाय पालन के लिए सब्सिडी योजना भी लागू**

रिपोर्टों के अनुसार महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने देशी गायों के पालन के लिए 50 रुपये प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का निर्णय लिया है क्योंकि राज्य में गोशालाएं अपनी कम आय के कारण इसका खर्च वहन नहीं कर सकती थीं इसलिए उन्हें मजबूत बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया।



# भगवान को तो सियासत से दूर रखें

**तिरुपति लड्डू विवाद**

## सुप्रीम कोर्ट ने जांच के बिना चंद्रबाबू के बयान पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालत ने कहा-जांच लंबित होने तक बयान देना उचित नहीं था
- लड्डू बनाने में दूषित घी के इस्तेमाल के नहीं थे ठोस सबूत

उच्चतम न्यायालय ने ''तिरुपति लड्डू'' विवाद मामले में मुकदमा दर्ज होने और विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश देने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की ओर से प्रसाद में कथित तौर पर दूषित घी के इस्तेमाल के बारे में बयान देने पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि 18 सितंबर को प्रेस के सामने बयान देने का औचित्य क्या था? इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं था कि लड्डू बनाने में वास्तव में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। पांच आपूर्तिकर्ता थे। जिनमें से केवल एक की आपूर्ति दूषित पाई गई। पीठ ने यह भी पूछा कि क्या सभी आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त घी को इस्तेमाल से पहले मिलाया गया था। पीठ ने कहा कि हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि जब जांच लंबित थी तो सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए, बयान देना उचित नहीं था। शीर्ष अदालत भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, इतिहासकार डॉ. विक्रम संपत, सुदर्शन टीवी चैनल के संपादक सुरेश चव्हाण और एक अन्य व्यक्ति के द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह निर्देश लेने को कहा कि क्या राज्य सरकार द्वारा गठित वर्तमान एसआईटी को ही जारी रहने दिया जाना चाहिए या कोई अन्य एसआईटी गठित की जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश सरकार और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने मुख्यमंत्री के 18 सितंबर को दिए गए बयान का बचाव करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आपूर्ति की गई (घी) मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई थी, इसलिए इसे परीक्षण के लिए आनंद में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की प्रयोगशाला में भेजा गया था। जांच की रिपोर्ट आने के बाद मिलावट संबंधी जानकारी सामने आई।

**दुनियाभर के भक्तों की भावनाएं आहत हुईं**

सुब्रमण्यम स्वामी के वकील ने कहा कि वह इससे चिंतित हैं कि मुख्यमंत्री ने किस आधार पर स्पष्ट बयान दिया है, क्योंकि इससे देवता के प्रति सम्मान कम हुआ और दुनिया भर के भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। अधिवक्ता लूथरा और रोहतगी ने स्वामी पर टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। रेड्डी ने घी के स्रोत और गुणवत्ता पर विस्तृत फॉरेंसिक रिपोर्ट तथा भक्तों की भावनाओं की रक्षा के लिए मुद्दे को प्रचारित करने पर अस्थायी रोक लगाने को अलग से याचिका दायर की है।

**दूषित घी का प्रयोग अस्वीकार्य, जांच होनी चाहिए कि कौन है जिम्मेदार**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह आस्था का मामला है और यदि दूषित घी का उपयोग किया गया है तो यह अस्वीकार्य है। इसकी जांच की जानी चाहिए कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। शीर्ष अदालत ने तीन अक्टूबर को अगली सुनवाई पर सॉलिसिटर जनरल से जवाब मांगा है। नायडू ने दावा किया था कि राज्य में पिछली वाई एस जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डू बनाने में पशु वसा का उपयोग किया गया था, जिससे बड़ा विवाद शुरू हो गया।

## केजरीवाल-आतिशी के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

**मानहानि मामला**





**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि के एक मामले को रद्द करने से इनकार किए जाने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी एक याचिका पर सोमवार को दिल्ली सरकार तथा भाजपा नेता राजीव बब्बर से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस विषय में नोटिस जारी किया और निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

आतिशी और केजरीवाल की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि मानहानि मामला भाजपा की दिल्ली इकाई के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बब्बर द्वारा दायर किया गया है।

# डेढ़ गुना बढ़ा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वर्दी भत्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को मिली राहत
- मुख्य सचिव समिति की सिफारिश पर राज्यपाल ने दी स्वीकृति

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने सभी राजकीय विभागों समेत सचिवालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मियों और वाहन चालक संवर्ग के वर्दी भत्ता में डेढ़ गुना की बढ़ोतरी की है। मुख्य सचिव समिति की सिफारिश को राज्यपाल ने मंजूरी दी है। पांच साल बाद भत्ता बढ़ने से करीब दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को राहत मिली है।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सोमवार को सचिवालय प्रशासन समेत अलग-अलग प्रमुख सचिवों को बढ़ोत्तरी से संबंधी शासनादेश भेजा है। चतुर्थ श्रेणी में दफ्तरी, जमादार, चपरासी, चौकीदार और सफाईकर्मी शामिल हैं। सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी व वाहन चालक संवर्ग के लिए वर्दी, वर्दी नवीनीकरण, धुलाई भत्ता और सिली वर्दी लेने के लिए तय रकम में अलग-अलग वृद्धि की गई है। वर्दी नवीनीकरण की समय सीमा भी घटा दी गई है। वर्दी धुलाई की दरें 40 से बढ़कर 90 रुपये की गई है। चालकों के लिए हर दो साल में एक जोड़ी जूता-मोजा और पांच साल में एक छाता भी मिलेगा।

**चतुर्थ श्रेणी कर्मी व चालक के लिए वर्दी की दरें**

| वर्दी | भत्ता | नई संस्तुति |
|---|---|---|
| ग्रीष्मकालीन | 680 | 1020 |
| शीतकालीन | 1310 | 1965 |
| जूता | 164 | 246 |
| कंबल | 200 | 300 |
| छाता | 96 | 144 |
| रेनकोट (5 वर्ष पर) | 500 | 750 |

(नोट : सभी आंकड़े रुपये में)

**बगैर वर्दी ड्यूटी आने पर होगी कार्रवाई**

एसीएस दीपक कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन कर्मचारियों को वर्दी अथवा वर्दी भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें ड्यूटी पर वर्दी पहनना अनिवार्य होगा। वर्दी न पहनने पर संबंधित पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

# अयोध्या गैंगरेप : पीड़िता के भ्रूण से मोईद का डीएनए मैच नहीं हुआ

विधि संवाददाता, लखनऊ

- मामले में दूसरे अभियुक्त राजू की डीएनए रिपोर्ट आई पॉजीटिव, 3 को होगी सुनवाई

**अमृत विचार :** अयोध्या दुष्कर्म मामले में पीड़िता के भ्रूण की डीएनए रिपोर्ट आ गई है। जो मुख्य अभियुक्त और सपा नेता मोईद अहमद के डीएनए से मेल नहीं खा रही है। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मामले की सुनवाई के दौरान उक्त डीएनए रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। हालांकि मामले की सुनवाई नहीं हो सकी, न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 3 अक्टूबर तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने अभियुक्त मोईद अहमद की जमानत याचिका पर पारित किया। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। अभियुक्त के अधिवक्ता ने बताया कि आदेश के अनुपालन में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में दूसरे अभियुक्त राजू से डीएनए मेल खाने की बात तो कही गई है लेकिन मोईद अहमद से नहीं। मोईद की ओर से दलील दी गई कि वह 71 वर्ष का वृद्ध है और मामले में उसे राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है। वहीं राज्य सरकार का कहना है कि मामला बहुत ही गंभीर प्रकृति का है, पीड़िता नाबालिग है जिसके साथ दुराचार का आरोप अभियुक्त व उसके नौकर पर है। पीड़िता गर्भवती भी हो गई थी, गर्भपात के पश्चात डीएनए जांच के लिए सैंपल भेजा गया था।

# प्रदेश के 4000 क्रय केंद्रों पर आज से होगी धान की खरीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़, झांसी और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जिलों में धान की खरीद मंगलवार से शुरू हो जाएगी। किसानों से धान खरीद का लेकर 31 जनवरी तक चलने वाली इस प्रक्रिया के लिए राज्य सरकार ने 4000 क्रय केंद्र बनाए हैं।

धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों को धान की उतराई, छनाई व सफाई के मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रतिपूर्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री ने क्रय केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है। खाद्य-रसद विभाग की ओर से धान खरीद के लिए पहली सितंबर से पंजीकरण शुरू हो गया था। 30 दिनों में अब तक लगभग 32 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया है। कृषि विभाग के मुताबिक, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान से आच्छादित क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष धान का उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। औसत उत्पादन लगभग 43.36 कुंतल प्रति हेक्टेयर अनुमानित है।

# लेखपालों को दौड़ाकर पीटा, अभिलेख छीने

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



- ग्राम उखरा में राजस्व टीम पर गांव वालों ने किया हमला
- एसडीएम, सीओ, जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने मारपीट
- 28 सितंबर को गांव में जेसीबी से ढहाए गए थे 18 मकान

**अमृत विचार :** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम उखरा में 28 सितंबर को प्रशासन ने जेसीबी से अवैध रूप से बने 18 मकानों को ढहा दिया था। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम जांच करने गांव पहुंची तो जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, सीओ तथा एसडीएम की मौजूदगी में गांव वालों ने लेखपालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनसे सरकारी अभिलेख भी छीनकर गायब कर दिए गए।

ग्राम उखरा में पंचायत की भूमि पर 18 लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बनवा लिए थे। राजस्व एवं पुलिस प्रशासन ने 28 सितंबर को इन मकानों पर जेसीबी चलवा दी थी। इससे गांववाले नाराज थे। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह, सीओ मोहम्मदाबाद अनिल कुमार लेखपालों के साथ गांव उखरा पहुंचे।

मोनिका यादव व नरेंद्र सिंह यादव गांव वालों से बातचीत कर रहे थे कि तभी गांव वालों ने राजस्व टीम पर हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने दो लेखपालों रुद्र प्रताप सिंह और सौरभ पांडे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। अभिलेख छीनकर फाड़ दिए। किसी तरह बचकर वे गांव से निकले।

लेखपालों की पिटाई की सूचना पर दर्जनों लेखपाल थाना नवाबगंज पहुंच गए और कार्रवाई की मांग पर धरने पर बैठ गए। इस संबंध में एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह ने बताया कि उनके सामने लेखपालों पर जानलेवा हमला किया गया है। हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेखपाल संघ के अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया कि दो लेखपालों के साथ मारपीट हुई है। अभिलेख फाड़े गए हैं। तहरीर तैयार की जा रही है।

# टैंक की सफाई को उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



- गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** देवा मार्ग पर स्थित मुर्गी दाना और राइस ब्रान बनाने वाली फैक्ट्री के भूमिगत डीजल टैंक में उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि तीन अन्य श्रमिकों को लोगों ने सकुशल निकाल लिया। हादसा देवा मार्ग पर जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भटेहटा स्थित गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ। इस कारखाना परिसर में एक ओर राइस मिल तो कुछ ही दूरी पर मुर्गी दाना बनाने का भी प्लांट है। शाम करीब पांच बजे कारखाने में डीजल का टैंकर आया था। भूमिगत टैंक में डीजल डालने से पहले उसकी सफाई के लिए कहा गया। इस काम के लिए तीन मजदूर नीलेश (22) व सुनील (30) जहांगीराबाद, और धर्मेंद्र (22) जिला अंबेडकरनगर लगाए गए। काफी देर तक तीनों बाहर नहीं आए तो अन्य तीन साथी नीचे उतरे जहां पर तीनों मजदूर बेसुध पड़े हुए थे।

## वायुसेना के नए प्रमुख ने संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत्त होने पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायु सेना के नए प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर चीफ मार्शल सिंह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**निष्क्रिय उपभोक्ता** — खाद्य एवं रसद विभाग ने एनआईसी को दिए निर्देश, रद भी किये जा सकते हैं कार्ड

# पांच माह से नहीं लिया राशन, होल्ड हुए 6.75 लाख कार्ड

राजीव शुक्ला, लखनऊ



**अमृत विचार :** सरकार की ओर से पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को हर माह प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जाता है। प्रदेश में 6 लाख 75 हजार ऐसे पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड धारक हैं, जो पिछले करीब पांच माह से सरकारी राशन नहीं ले रहे हैं। खाद्य एवं रसद विभाग ने लंबे समय से निष्क्रिय इन राशन कार्डों को होल्ड पर रख दिया है। आशय यह है कि इन कार्ड का उपयोग फिलहाल धारक राशन लेने में तत्काल नहीं कर सकेंगे। इसे लेकर एनआईसी को निर्देश दे दिए गए हैं। अगर किसी जरूरत के तहत होल्ड किए गए ये कार्ड धारक आते हैं तो उसे इस व्यवस्था से मुक्त भी किया जाएगा। इसके लिए डीएसओ को अधिकृत किया जा रहा है। मंशा है कि इन कार्ड का दुरुपयोग न हो सके और नए जरूरतमंदों को जोड़ा जा सके।

वर्तमान में दो श्रेणी के राशन कार्ड सरकार की ओर से मान्य है। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों की संख्या प्रदेश में 3,18,28,499 है। इन्हें वर्तमान में प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जा रहा है। जबकि अंत्योदय श्रेणी के कार्ड धारकों की संख्या 40,89,480 है और इन्हें प्रति कार्ड 35 किलोग्राम के हिसाब से मुफ्त राशन दिया जाता है। पिछले दिनों प्रदेश के नॉन-ट्रांजेक्टेड राशन कार्डों की समीक्षा में खुलासा हुआ कि यूपी में 6,75,753 पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड ऐसे हैं, जिन पर पांच महीनों से (अप्रैल 24 से अगस्त 24 तक) राशन का उठान नहीं हुआ है। कार्डधारकों ने नेशनल पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के तहत किसी दूसरे राज्य की दुकान से भी मुफ्त राशन नहीं लिया। इससे स्पष्ट होता है कि इन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन की जरूरत नहीं है।

**प्रदेश के कार्डधारकों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| पात्र गृहस्थी कार्डधारक- | 3,18,28,499 |
| अंत्योदय श्रेणी के कार्डधारक- | 40,89,480 |
| इतने कार्ड पर नहीं उठा राशन - | 6,75,753 |

**पात्र के बनाए जाएं कार्ड**

अपर आयुक्त खाद्य प्रभाष कुमार ने एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक राजीव रस्तोगी को पत्र लिख कर निष्क्रिय इन 6,74,753 राशन कार्डों को होल्ड करने को कहा है। साथ ही निष्क्रिय कार्डों को होल्ड पर डालने के बाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उनकी जिलावार रिक्तियां सृजित करने को कहा है, ताकि उनके स्थान पर दूसरे पात्र लोगों के नए कार्ड बनाए जा सकें।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## सार-संक्षेप


अवध विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और छात्र-छात्राएं।

### हर्षित पांडे मिस्टर फ्रेशर एवं हर्षिता मिस फ्रेशर चुनी गई

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर में संचालित बीएससी प्रोग्राम के छात्र-छात्राओं द्वारा नवागत छात्रों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। शुभारंभ बीएससी प्रोग्राम के समन्वयक प्रो चयन कुमार मिश्र द्वारा किया गया। द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा नवागत छात्रों के लिए मनोहारी प्रस्तुति की गई। इसमें हर्षित पांडे को मिस्टर फ्रेशर एवं हर्षिता पांडे को मिस फ्रेशर्स चुना गया। दोनों को क्राउन पहनाकर स्वागत किया गया। बीएससी प्रोग्राम के शिक्षक डॉ0 दीपक वर्मा, डॉ जितेंद्र कौशल श्रीवास्तव, डॉ मनोज कुमार, डॉ अश्वनी कुमार, डॉ अमिता सिंह, डॉ मिथिलेश तिवारी, डॉ गया प्रसाद, डॉ ज्ञानेश्वर गुप्ता, डॉ संदीप रावत एवं समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट सेवानिवृत्त


समारोह में मौजूद चिकित्सक व फार्मासिस्ट। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार** : जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट आरपी सोनी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार वर्मा ने सोने की चेन पहना कर उन्हें विदाई दी। डॉ. विपिन ने बताया कि आरपी सोनी का कार्यकाल सभी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। कार्यक्रम में प्रभा शंकर द्विवेदी, विजय वर्मा, हनुमत दुबे, सर्वेश श्रीवास्तव, उपेंद्र मणि त्रिपाठी, संजीव गुप्ता, कृपा शंकर चौधरी, आर कनौजिया, गोरखनाथ वर्मा, ओमप्रकाश पांडे, सुनील श्रीवास्तव, बी आर्य, सूरज यादव मौजूद रहे।

### तीन उपनिरीक्षक समेत चार लोग हुए सेवानिवृत्त

**अयोध्या, अमृत विचार** : पुलिस विभाग में तैनात तीन उपनिरीक्षक समेत चार पुलिस कर्मी सोमवार को सेवानिवृत हो गए। सभी को पुलिस लाइन स्थित सभागार में समारोह पूर्वक विदाई दी गई है। पुलिस लाइन स्थित एसपी देहात कार्यालय में आयोजित विदाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी की ओर से सेवानिवृत नगर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक लालजी, तारुन थाने में तैनात उपनिरीक्षक तेज बहादुर सिंह और पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक बाल कृष्ण शुक्ल तथा परिवहन शाखा के मुख्य आरक्षी चालक विजय कुमार शुक्ल को स्मृति चिन्ह, छाता, धार्मिक पुस्तक व अंग-वस्त्र आदि भेंट किया तथा सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। एसपी ग्रामीण और उपाधीक्षक योगेंद्र कुमार ने सभी के सुखद एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की तथा सेवानिवृत कर्मियों को विदाई दी। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक ब्रजेंद्र कुमार सिंह, परिवहन शाखा के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी अखिलेश पांडेय व उमाशंकर प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे।

### गिरीश साहा विशिष्टता पुरस्कार से हुए सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार** : जल संरक्षण व मानवाधिकार के क्षेत्र में सक्रिय गुजरात प्रांत के समाजसेवी और उद्योगपति गिरीश साहा सत्रा को विशिष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उनको सोमवार को साहबगंज क्षेत्र स्थित एक होटल में विश्व हिन्दू महासंघ की जिला इकाई ने प्रदान किया है। जिला अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने बताया कि उद्योगपति गिरीश साहा यहां चल रहे रामायण सम्मेलन में सम्मिलित होने आए थे। समाजसेवा के क्षेत्र में उसके उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय विशिष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया है। महासंघ के गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दूबे, महामंत्री संतोष रावत, जिला उपाध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ पं.रमेश शास्त्री,दीपक भट्ट, युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश यादव,अंकित सोनकर,अनिल यादव आदि उपस्थित रहे।

### एटीकेटी मामले में विवि ने अभी तक नहीं लिया फैसला

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : बीते शनिवार को एटीकेटी और छात्रावास की बदहाली को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों को आश्वासन का घूंट पिला कर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन शांत बैठ गया। दो दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई फैसला न किए जाने को लेकर सैकड़ो छात्र - छात्राओं का भविष्य अधर में पड़ गया है। पीड़ित छात्रों का कहना है कि उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश के सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंगलवार को परिसर में बड़ा प्रदर्शन करने जा रहा है। बता दें कि शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन कर एटीकेटी और विभिन्न मामलों को उठाया था। इस दौरान विवि कर्मियों पर छात्राओं से बदसलूकी का मामला भी सामने आया था। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है। वहीं, अवध विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया की अभी एटीकेटी और अन्य मामलों को लेकर फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हितों को लेकर सदैव गंभीर है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदर्शन की जानकारी नहीं है।

### एडीए ने कराया अवैध प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण

**अयोध्या, अमृत विचार** । अयोध्या विकास प्राधिकरण ने सोमवार को दशरथ कुण्ड के निकट हैबतपुर में पुलिस बल के साथ अवैध प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण कराया। बताया गया है कि सूरज यादव व पूरन यादव, रामजी वर्मा और अन्य द्वारा विकास प्राधिकरण से बिना अनुमति के अवैध प्लाटिंग कराया जा रहा था। प्राधिकरण से यूपी नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। लेकिन तीन लोगों ने प्राधिकरण से अनुमति लेने की कार्रवाई नहीं की। मामले की जानकारी होने के बाद अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडे ने कार्रवाई का निर्देश दिया। प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी / सह प्रभारी प्रर्वतन के नेतृत्व में प्राधिकरण प्रर्वतन अभियन्तागण और कर्मचारियो के साथ आवश्यक पुलिस बल की उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग का ध्वस्तीकरण कराया।

# पूर्व सैनिकों के आने से मंदिर की कार्य पद्धति में आया बड़ा बदलाव

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अयोध्या धाम की वार्षिक प्रतिनिधि सभा का आयोजन

अयोध्या कार्यालय


कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के साथ मौजूद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व सदस्य अनिल मिश्र। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अयोध्या धाम की वार्षिक प्रतिनिधि सभा और सम्मान समारोह तीर्थ क्षेत्र भवन के सभागार में हुई। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा की अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद भारतीय परंपरा में पूर्व सैनिकों के लिए मील का पत्थर है। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ पूर्व सैनिक पूरे भारत में देश के विभिन्न हिस्सों में अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह कर रहे हैं। चाहे वह राम मंदिर हो चाहे वह अन्य महत्व के मुद्दे हों।

35 साल के पूर्व के एक संस्मरण के हवाले से उन्होंने संगठन की स्थापनी की बात कही। बोले इसके गठन में कई ब्रिगेडियर, कई पूर्व जनरल सहित कई ने अपना अथक प्रयास किया। कार्यक्रम में ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने कहा कि जब से राम मंदिर में पूर्व सैनिक आए हैं तब से मंदिर की व्यवस्था मंदिर की कार्य पद्धति में बड़ा बदलाव आया है। आरएसएस के पदाधिकारी व विश्व हिंदू परिषद की ओर से मंदिर में काम देख रहे गोपाल जी ने हिंदू संगठन और उसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के योगदान की वृहद चर्चा की। स्वागत संभाषण परिषद के अध्यक्ष प्रकाश पाठक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन परिषद के अवध प्रांत के अध्यक्ष मेजर बीएस तोमर ने किया। कार्यक्रम में दो पूर्व सैनिकों नायक सूबेदार सिद्धनाथ शर्मा और सूबेदार मेजर बालेंद्र भूषण मिश्र को उनके कर्तव्य निष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। सभी अतिथियों का अंग वस्त्र देकर के परिषद के पदाधिकारियों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। कई पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक जगदीश प्रसाद, कैप्टन केके तिवारी, कैप्टन भगवान दास, बालेंदु भूषण मिश्रा, सुरेंद्र प्रताप, घनश्याम सिंह, रणविजय सिंह, हरीश सिंह, रामसेवक, सुरेश सहित अन्य लोग थे।

# आरोपियों का गैंगस्टर एक्ट में भी हुआ रिमांड मंजूर

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ भदरसा सामूहिक दुष्कर्म मामले में कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किए गए आरोपी**

**अमृत विचारः** भदरसा में किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपियों की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। सोमवार को दोनों आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट के तहत भी न्यायिक अभिरक्षा में लिया गया। विवेचक राम जन्मभूमि थाना के थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार पांडेय की मौजूदगी में दोनों आरोपियों को जेल से कड़ी सुरक्षा में लाकर कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट के जज मोहिंदर कुमार ने विवेचक की ओर से प्रस्तुत केस डायरी में मौजूद प्रपत्रों को देखने के बाद दोनों को गैंगस्टर एक्ट की धाराओं के तहत रिमांड मंजूर किया।

विशेष लोक अभियोजक गिरोहबंद अधिनियम विकास शुक्ला ने बताया कि इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को दर्ज कराई थी, जिसमें कहा था कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री खेत में काम कर रही थी। मोईद खान का नौकर राजू खेत में पहुंचा और उसे बुलाकर बेकरी के कारखाने में ले गया। वहां मोईद खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और राजू ने मोईद के मोबाइल से इसका वीडियो बनाया। राजू के ऊपर भी दुष्कर्म का आरोप है। इस तहरीर पर राजू खान निवासी मुराई टोला कस्बा भदरसा व मोईद अहमद निवासी मुराई टोला के ऊपर सामूहिक दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। इसके अलावा मोईद खान के ऊपर और मुकदमे हैं। इन्हीं सबका हवाला देते हुए प्रशासन ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। सोमवार को मामले के दोनों आरोपियों को जेल से कड़ी सुरक्षा में मिलाकर अदालत के समक्ष पेश किया गया। बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष की ओर से रिमांड पर बहस हुई। कोर्ट ने दोनों को 25 अक्टूबर तक के लिए गैंगस्टर एक्ट में न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।


अवध विश्वविद्यालय में आयोजित चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागी। अमृत विचार

### विवि में स्वच्छता ही सेवा के तहत हुई चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : जिला गंगा समिति वन विभाग अयोध्या एवं समाज कार्य विभाग डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को 2 अक्टूबर को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान डॉ दिनेश सिंह ने छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई। उद्घाटन समाज कार्य विभाग के समन्वयक डॉ दिनेश कुमार सिंह, श्वेता साहू जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति, गोविंद मिश्रा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नीरज साहू असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर जलज भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा किया गया। डॉ प्रज्ञा पांडे, डॉ प्रभात सिंह, स्वतंत्र त्रिपाठी, पल्लव पांडे, सीमा मिश्रा, हर्षित तिवारी, अंशिका शुक्ला, सारिका सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग महिला से सामूहिक दुष्कर्म

कुमारगंज, अयोध्या

**▸▸ एक सप्ताह तक टालमटोल के बाद दर्ज हुई रिपोर्ट, एक गिरफ्तार**

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र निवासी एक 60 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। वारदात में शामिल चार लोगों ने बुजुर्ग से दुष्कर्म ही नहीं किया बल्कि वारदात का वीडियो भी बना लिया। पीड़िता की ओर से शिकायत पुलिस को दी गई तो टालमटोल करती रही। उच्चाधिकारियों की फटकार के बाद सोमवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजवाया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव में 23 सितंबर की रात चार लोगों ने एक 60 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो भी बना लिया। पीड़िता को कहीं शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। हालांकि पीड़ित महिला ने घटना के दूसरे ही दिन ही कुमारगंज पुलिस को शिकायत दी और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय थाना पुलिस घटना को दबाने में जुटी रही। उसने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की तो अधिकारियों की कड़ी फटकार के बाद कुमारगंज पुलिस ने मंसाराम व दिल बहार को नामजद करते हुए कुल चार के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस पंजीकृत कर पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजवाया है। सोमवार की देर शाम क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर केस पंजीकृत किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी दिलबहार को गिरफ्तार कर उसका चालान किया है,जबकि अन्य आरोपियों की तलाश कराई जा रही है।

# सिंधी अनुवाद में रोजगार के तेजी से बढ़े हैं अवसरः डॉ. दिनकर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : भारत सरकार के मैसूर स्थित राष्ट्रीय अनुवाद परिषद में सीनियर रिसोर्स पर्सन डॉ. दिनकर प्रसाद ने सिंधी अनुवादकों की भारी कमी की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए सिंधी युवाओं का अनुवाद के क्षेत्र में कैरियर बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद सभी भारतीय भाषाओं में अनुवाद रोजगार के अवसरों में तेजी आई है। वह अमर शहीद संत कंवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र में विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस के अवसर पर ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मशीन कभी भी सटीक अनुवाद नहीं कर सकती है। फिरोजाबाद की संस्कृत विदुषी डॉ. तुलसी देवी ने कहा कि संस्कृत साहित्य में अनुवाद को ब्रह्मानंद सहोदर कहा गया है और अनुवाद से पूरी वसुधा कुटुंब बन जाती है। अयोध्या की सपना खटनानी ने अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस को स्वयं के बनाये चित्रों से प्रदर्शित किया। राजाराम ने परिचर्चा की अध्यक्षता की।





| | ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक गेम्स (एकल वर्ग) | (टीम गेम्स) | एशियन गेम्स | कॉमनवेल्थ गेम्स | विश्वकप |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वर्ण पदक | ₹06 करोड़ | ₹03 करोड़ | ₹03 करोड़ | ₹1.50 करोड़ | ₹1.50 करोड़ |
| रजत पदक | ₹04 करोड़ | ₹02 करोड़ | ₹1.50 करोड़ | ₹75 लाख | ₹75 लाख |
| कांस्य पदक | ₹02 करोड़ | ₹01 करोड़ | ₹75 लाख | ₹50 लाख | ₹50 लाख |

ओलम्पिक गेम्स के प्रतिभागी खिलाड़ियों को ₹10-10 लाख तथा कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स एवं विश्वकप के प्रतिभागी खिलाड़ियों को ₹05-05 लाख की प्रोत्साहन राशि

• अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता 10 खिलाड़ियों की सीधे राजपत्रित पदों पर नियुक्ति • 05 खिलाड़ी पुलिस उपाधीक्षक, 02 खिलाड़ी नायब तहसीलदार, 01 खिलाड़ी यात्री/माल कर अधिकारी एवं 02 खिलाड़ी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के पद पर नियुक्त • 479 कुशल खिलाड़ियों की आरक्षी पद पर नियुक्ति

शासकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 2% क्षैतिज आरक्षण

• मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय की स्थापना • प्रत्येक जनपद में स्टेडियम, ब्लॉक में मिनी स्टेडियम, ग्राम पंचायत में खेल मैदान और ओपेन जिम का निर्माण • ग्रामीण स्तर पर कुल 81 स्टेडियम स्थापित • 140 खिलाड़ियों की एकलव्य क्रीड़ा कोष से आर्थिक सहायता

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश


# खतरनाक फोड़े का ऑपरेशन चिकित्सकों की मेहनत 'सार्थक'

**मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों को ऑपरेशन करने में लगे तीन घंटे**

**आठ माह का है बच्चा, परिवार था बहुत परेशान**

अयोध्या कार्यालय


ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचारः** दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल के चिकित्सकों ने सोमवार को एक बड़ा करिश्मा कर दिखाया है। आठ माह के बच्चे सार्थक की रीढ़ पर हुए खतरनाक फोड़े का सफल ऑपरेशन किया है। यह मेडिकल कॉलेज के खाते में एक नई उपलब्धि भी है। इस ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों की टीम को प्राचार्य ने बधाई दी है।

प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि अयोध्या के ही एक आठ माह के बच्चे की रीढ़ पर बड़ा फोड़ा हो गया था। इसे मेडिकल की भाषा में मेनिंगोमायलोसील कहते हैं। बच्चे को यह समस्या बचपन से ही थी। फोड़ा रीढ़ पर होने के कारण ऑपरेशन काफी जटिल था। न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉ. विक्रांत यादव व प्रो. जेपी तिवारी एनेस्थीसिया की टीम ने तीन घंटे की मेहनत के बाद सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दिया। बच्चे का हीमोग्लोबिन सिर्फ तीन ग्राम था, जिसके बाद उसे ब्लड चढ़ा कर उसका ऑपरेशन किया गया। डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि इस प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा सिर्फ लखनऊ स्थित पीजीआई व डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में ही उपलब्ध है। प्रो. जेपी तिवारी ने बताया कि हम लोग रोजाना कई केस देखते हैं, लेकिन यह मामला जटिल था। अब सार्थक पूरी तरह से स्वस्थ है। चिकित्सकों की टीम में डॉ. सर्वजीत वर्मा व डॉ. अनीशा सिंह भी मौजूद रहीं।


ऑपरेशन के बाद।

### पीजीआई में मिला था एक साल बाद का नंबर

डॉ. विक्रांत ने बताया बच्चे के परिजन काफी परेशान थे। वह जिले में कई चिकित्सकों के पास गए, लेकिन ऑपरेशन करने को कोई राजी नहीं था। लखनऊ स्थित पीजीआई भी गए, लेकिन एक वर्ष बाद की डेट मिली थी। इसके बाद मेडिकल कॉलेज पहुंचे। दस दिन पहले बच्चे को भर्ती किया गया था। सार्थक के खून कम था। पहले खून चढ़वाया गया। ऑपरेशन के दौरान भी खून का इंतजाम किया गया था। हालांकि ऑपरेशन करने में हमारी टीम सफल हो गई।

## एक नजर

### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

टांडा, अंबेडकरनगर,अमृत विचार। राष्ट्रीय राजमार्ग-233 लुम्बनी वाराणसी मार्ग पर टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुंथर कुटिवा के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मूकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। बता दें कि बीते रविवार की रात्रि में पुन्थर मौहरिया निवासी राधेश्याम पुत्र जीवधन सडक़ से जा रहे थे कि किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। वाहन की टक्कर से राधेश्याम के सर में घातक चोट आई थी, जिन्हें रात्रि में ही मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र धीरज की तहरीर पर टांडा कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# मंत्री ने अभ्युदय योजना के छात्रों को किया सम्मानित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सोमवार को मंत्री समाज कल्याण स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण जनपद के एक दिवसीय दौरे पर रहे। अमृत काल में सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामर्षि पंडित रामकुमार पांडे ग्रामोदय आश्रम स्नातकोतर महाविद्यालय वीरसिंहपुर सरैया सया में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि मंत्री असीम अरुण ने दीप प्रज्जवलित कर उद्घ किया। मंत्री असीम अरुण के साथ मौके पर एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व भाजपा नेता डॉ. धीरेद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विमलेन्द्र प्रताप उर्फ मोनू सिंह, कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर मंत्री का भव्य रूप से स्वागत किया।



दीप प्रज्जलित कर उद्घाटन करते मंत्री असीम अरुण व साथ में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह।

मंत्री ने प्रबुद्ध वर्ग जन, अभ्युदय छात्रों, उद्दमियों और अन्य विभिन्न विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है और सभी को सरकारी योजनाओं से लाभावंति किया जा रहा है। सरकार द्वारा चलाई जा रही अभ्युदय योजना के तहत प्रदेश के कई छात्रों का सरकारी नौकरियों में चयन हो रहा है। जिसका सीधा लाभ छात्रों को मिल रहा है। कार्यक्रम के तहत समाज कल्याण विभाग, अभ्युदय योजना राजकीय इंजिनीरिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा किए गए स्टार्ट अप, एक जिला एक उत्पाद और कई अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया। जिनका मंत्री और अन्य अतिथियों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उपस्थिति रहे। मंत्री ने स्कॉलर शिप, अभ्युदय योजना के छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरण और एक जिला एक उत्पाद के लाभार्थियों को डेमो चेक आदि का वितरित किया।

### मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय तेंडुआईकाला जहांगीरगंज के छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, भाजपा नेता डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, सुधीर सिंह मिन्टू, पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, पूर्व प्रतयाशी रमाशंकर सिंह समेत कई भाजपाई मौके पर उपस्थित रहे।

# महिला की मौत के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बीते माह फंदे से लटकती मिला महिला के शव के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के लारपुर दक्षिण गांव निवासिनी 30 वर्षीय खुशबू का 11 अगस्त के सुबह घर के अंदर रस्सी के फंदे से लटकता हुआ शव पाया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

मृतका के पिता देवेंद्र निवासी रानीपुर थाना निजामाबाद जिला आजमगढ़ की तहरीर पर पति राकेश, ससुर राम मिलन राम, सास अनरसा देवी, संदीप व अजीत के साथ इनकी पत्नी के विरुद्ध दहेज हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया था। इससे पूर्व पुलिस ने संदीप को जेल भेज चुकी है। अब पति राकेश व ससुर राम मिलन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एक आरोपी को पहले जेल भेजा जा चुका है और दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# अधिकारी उपचुनाव को लेकर सभी व्यवस्थाएं करें दुरुस्त

## डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी विधानसभा उप निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के डाटा फीडिंग, अपडेशन करने के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को अपने-अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों का बैंक खाता विवरण सहित समस्त प्रविष्टियों को पूर्ण सावधानी और सही-सही व समय से पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभाग से संबंधित गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित कार्मिकों को चिन्हित कर लें व यह सुनिश्चित करें कि उनकी चुनाव में ड्यूटी न लगे। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के समस्त मतदान केंद्रों, बूथों का सभी संबंधित अधिकारियों जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज्य अधिकारी आदि को भौतिक निरीक्षण कर मतदान से संबंधित समस्त आधारभूत सुविधाओं बिजली, पानी, रैंप, संपर्क मार्ग और साफ-सफाई आदि को अपेक्षित समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



आगामी विधानसभा उप निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

### चुनाव को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों को दी जानकारी

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला और अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने भी निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित अधिकारियों और कार्मिकों को प्रदान किया। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारीए डॉ. राजकुमार, संबंधित एसडीएम, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह, डीडी एग्रीकल्चर, डीसी मनरेगा, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बालिका शिक्षा के समर्थक थे मौलाना

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** नगर के उस्मानपुर स्थित बारगाह इमाम अली मुर्तजा हाजी बाबा तल में मौलाना गुलामुस्सकलैन वाइज मरहूम की मजलिस-ए-चेहल्लुम को खिताब करते हुए मौलाना सैयद मोहम्मद जाबिर जौरासी ने कहा कि मौलाना गुलामुस्सकलैन बहुत सी खूबियों के मालिक थे। वह सरल इंसान होने के साथ कारी एवं प्रखर विद्वान भी थे। उन्होंने कहा कि मौलाना बालिका शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उनके द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मजलिस से पूर्व मौलाना मोहम्मद हसनैन रिजवी लखनऊ, मौलाना मेंहदी हसन वाइज, मौलाना अकबर अली वाइज, मौलाना नैय्यर जुलकरनैन, मास्टर इब्ने हसन ने मरहूम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मजाहिर नूरी, अमीर अब्बास मीसम, हसन मेंहदी अब्बू, अज़हर कायमी, मास्टर अकबर अब्बास, शेर आलम, जीशान जलालपूरी, मेंहदी जलालपूरी आदि शायरों ने पेश ख्वानी कर हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शान में नजराना अकीदत पेश किया। कार्यक्रम में अमीर हसन कर्बलाई, वसी मोहम्मद समेत बड़ी संख्या में उलमा, शायर और शिक्षक के अलावा मोमनीन शरीक रहे।

# समूह की दीदियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन उत्तर प्रदेश और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद के आकांक्षात्मक विकासखंड भीटी के समस्त समूह की दीदियों, समूह सखियों और बैंक सखियों के जीविकोपार्जन में उत्तरोत्तर वृद्धि के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी सर्वप्रथम विभिन्न समूह की दीदियों, बैंक सखियों, समूह सखियों के साथ संवाद कर मुख्यमंत्री के प्रेरणा स्रोत से संचालित स्वयं सहायता समूह योजना से जुडक़र किए गए स्वरोजगार से उनके जीविकोपार्जन में आए बदलाव से रूबरू हुए और उनकी स्वरोजगार में आ रही समस्याओं को सुनकर प्राथमिकता पर निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली विकासखंड भीटी की एक बैंक सखी आशा देवी, ग्राम महमूदपुर छपरा बारहा को जिला प्रशासन की तरफ से ई-स्कूटी प्रदान कर सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया।



विकासखंड भीटी की बैंक सखी आशा देवी को ई-स्कूटी की चाभी देते डीएम अविनाश सिंह

### स्वरोजगार से जोड़ने के लिए किया प्रेरित

मुख्यमंत्री प्रेरणा से संचालित एनआरएलएम विभाग की स्वयं सहायता समूह योजना से जुडक़र बकरी पालन, भैंस पालन, मछली पालन, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, मसाला बनाने, एलईडी बल्ब बनाने आदि जैसे विभिन्न स्वरोजगार को स्थापित कर दीदियां आर्थिक रूप से मजबूत हो रहीं हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का एक करोड़ दीदियों को लखपति दीदी के क्लब में शामिल करने का लक्ष्य है। उन्होंने समस्त दीदियों से अधिक से अधिक दीदियों को समूहों से जोड़ने और स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनने के इस बेहतर अवसर का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

### योजनाओं से लाभांवित होने के लिए किया प्रेरित

गोष्ठी के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने समस्त दीदियों को सरकार द्वारा संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से भी स्वयं लाभान्वित होने और अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें लाभान्वित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना अधिकारी डीआरडीए डीसी एनआरएलएम अनिल कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।

## पेंशनर्स संघ के जिलाध्यक्ष बने सूर्यभान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सेवानिवृत्त कर्मचारी और पेंशनर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक निर्वाचन अकबरपुर सामुदायिक हॉल में संपन्न हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष अमरनाथ यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सूर्यभान सिंह को तीसरी बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रामनवेल वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, केशवकांत यादव को मंत्री व लालता प्रसाद तिवारी को संप्रेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष सूर्यभान ने कहा कि सभी लोग एकजुटता पर ध्यान दें। ऐसा होने पर ही समस्याओं का निस्तारण बेहतर ढंग से हो सकेगा। इस मौके पर प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल कुशवाहा, ओपी त्रिपाठी, नरेंद्र कुमार उपाध्याय आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### शिविर में 140 सफाईकर्मियों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**बसखारी, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा कार्यालय पर अधिशासी अधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता को गति देने वाले स्वच्छता ग्राहियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सा प्रभारी निरीक्षक डॉ. भास्कर, डॉ. मोहम्मद जियाउद्दीन, डॉ. अमीर अब्बास, उपेंद्र वर्मा, नरेंद्र परीक्षक, शैलेंद्र फार्मासिस्ट आदि चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में कुल 140 सफाई कर्मचारियों का स्वस्थ परीक्षण किया गया। इस दौरान शासन द्वारा नामित स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रक्रम प्रबंधक हृदय नारायण यादव ने बीमारी से बचाव के लिए सफाई कर्मचारियों को सफाई किट के साथ काम करने की सलाह दी। नगर पंचायत क्षेत्र में बीते 17 सितंबर से चलाए जा रहे स्वच्छता की सेवा अभियान के तहत कल 125 स्थानों पर साफ -सफाई को अमली जामा पहनाया जा चुका है। साथी इस अभियान को गढ़ देने के लिए स्वच्छ सारथी क्लब विद्यालयों एवं क्षेत्र के सब ब्रांच नागरिकों से भी सहयोग करने की अपील की जा रही है। इस दौरान लिपिक अभिषेक यादव, कार्यालय सहायक राकेश प्रजापति, सफाई नायक परमेश्वर दत्त पांडे आदि नगर पंचायत के कई कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।



अशरफपुर किछौछा कार्यालय पर स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेते सफाई कर्मी।

### नदी में मिले शव की हुई पहचान

**टांडा, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** बीते शनिवार को हंसवर थाना क्षेत्र के दारानगर के गदनपुर श्मशान घाट पर घाघरा नदी के किनारे कुटी के पास मिले अज्ञात शव की पहचान शिव राम पुत्र मिश्रीलाल निवासी मुबारकपुर दक्षिण कोतवाली टांडा के रूप में हुई। परिजनों ने बीते रविवार की देर शाम को हंसवर थाना पहुंचकर शव के फोटो और कपड़े आदि देखकर शिनाख्त किया।

### राजकीय उद्यान मं गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** किसानों को तकनीकी खेती का गुर सिखाने के लिए राजकीय उद्यान पार्क अकबरपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को तकनीक के जरिए खेती से बेहतर लाभ अर्जित करने का तौर-तरीके के बारे में जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिक डॉ. रामजीत ने कहा कि कई युवा किसान अपनी बेहतर समझ और तकनीक के जरिए व्यावसायिक खेती कर खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बन रहे हैं। साथ ही दूसरे युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी बन रहे हैं। किसान वर्ग सब्जी, फल के अलावा बकरी पालन, मछली पालन आदि से आय को बेहतर कर सकते हैं।

### ग्राम पंचायतों में गुणवत्तापूर्ण कराएं विकास कार्य



पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में डीएसटीओ अनुपम सिंह। अमृत विचार

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने वित्त आयोग अनुदान की धनराशि के व्यय की भी समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायत में गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा डीपीआरओ को निर्देशित किया कि व्यक्तिगत शौचालय के पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त की धनराशि भेजी जाए। जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालयों के पात्र और अपात्र लाभार्थियों की सूची जनपद की वेबसाइट पर अपलोड कराए जाने के निर्देश दिए। जिन लाभार्थियों को व्यक्तिगत शौचालय की धनराशि उनके खातों में भेज दी गई है और उनके द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, उन्हें प्रेरित करने के लिए सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, खण्ड प्रेरक और पंचायत सहायकों का दायित्व निर्धारित किया जाए। यदि फिर भी उनके द्वारा निर्माण कार्य नहीं कराया जाता है तो उनके विरुद्ध नोटिस जारी कर वसूली की कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, डीपीआरओ अवनीश कुमार श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# सौहार्द पूर्ण मनाएं नवरात्र और दशहरा का त्योहार

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** नवरात्र व दशहरा सहित अन्य त्योहारों को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए कोतवाली जलालपुर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। न्यायायिक उपजिलाधिकारी नीरज गौतम की अध्यक्षता व कोतवाल संतोष कुमार सिंह के संचालन में हुई बैठक में तहसीलदार शिव नरेश सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि त्योहार उत्साह व उमंग के साथ मनाएं, लेकिन नियमों का उल्लंघन कदापि न करे।

बैठक के दौरान दुर्गा पूजा समितियों के सदस्यों, ग्राम प्रधानों और अन्य सम्भ्रांत लोगों से अपील की गई कि वह विसर्जन के समय चार डीजे बाक्स का ही प्रयोग करें, जो वाहन से ऊपर न हो। इस बीच सोनगांव के ग्रामीणों के जरिए मूर्ति कारीगर मंगल से बारह फिट ऊंची मूर्ति बनाए जाने की जानकारी मिलने पर कोतवाल ने कहा कि इतनी ऊंची मूर्ति नहीं लगायी जाएगी। मूर्ति 6 फिट या इससे कम ऊंचाई की हो और मूर्ति के पास आग से बचाव के साधन अवश्य रूप से हो। आयोजकों को यह भी हिदायत दिया कि सभी मूर्ति के पास आयोजक अपनी समिति के वालंटियर भी रखें। भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने मूर्ति विसर्जन के दौरान बिजली कटौती न किए जाने की बात कही।

### समस्याओं को दूर करने का मिला आश्वासन

शांति कमेटी की किसी भी बैठक में एसडीओ विद्युत का मौजूद न रहना भी उपस्थित लोगों की नाराजगी का कारण बना रहा। वहीं समस्याओं के बाबत अधिकारियों ने समय से पहले समस्या दूर कर लेने का आश्वासन दिया है। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका ईओ अजय कुमार सिंह, मानिक चंद सोनी, आनंद मिश्रा, सुरेश गुप्ता, संदीप अग्रहरि, बेचन पांडेय, प्रधान अजय गोस्वामी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सपा सरकार में पुलिस में यादव भर्ती होते हैं : राजभर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सूबे के पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर सोमवार को जनपद के एक दिवसीय दौरे पर रहे। उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सपा विधायक महबूब अली में अगर दम हो तो वह सपा मुखिया अखिलेश से बोले की 20 फीसदी मुसलमान सपा को वोट देते है। इसलिए किसी मुसलमान को मुख्यमंत्री बनाए, लेकिन महबूब अली ऐसा नहीं कर पाएंगे। ऐसे नेता गुलाम होते हैं और यह अपनी कौम के सबसे बड़े दुश्मन होते है। उन्होंने कहा कि महबूब अली भूल रहे है कि राजा सुहेलदेव मुगलों को जमीन में दफन कर दिए थे। हम महाराजा सुहेलदेव के वंशज है।



सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सूबे के पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर।

बता दें कि जनपद पहुंचे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर सर्किट हाउस में सुभासपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के विधायक महबूब अली द्वारा दिए गए बयान पर कहा कि महबूब अली जैसे नेता गुलामी में जकड़े हैं। वह अपने कौम के सबसे बड़े दुश्मन होते हैं, उनमे अगर दम हो तो वह सपा मुखिया अखिलेश से बोले की 20 फीसदी मुसलमान सपा को वोट देते है। इस बार किसी मुसलमान को मुख्यमंत्री बनाए। लेकिन अगर ऐसे बोलेगे तो सपा मुखिया उनको तुरंत पार्टी से निकाल देंगे। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि जब सपा की सरकार बनती है तो पुलिस में भर्ती यादव की होती है। तब ना तो मुसलमान की होती है और न ही दलित और पिछड़ों की होती है।

### राजा सुहेलदेव मुगलों को जमीन में दफन कर दिए थे

मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि सपा नेता महबूब अली भूल रहे है कि राजा सुहेलदेव मुगलों को जमीन में दफन कर दिए थे। हम महाराजा सुहेलदेव के वंशज है! राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला करते हुए ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि दोनों नेता लोकसभा का चुनाव एक साथ लड़े और संविधान व आरक्षण खत्म करने की बात करते थे। लेकिन चुनाव बाद न आरक्षण खत्म हुआ और न ही संविधान। वहीं राहुल गांधी विदेश में जाकर कहते हैं कि उनको मौका मिले तो आरक्षण खत्म कर देंगे। 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव पर ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि उप चुनाव सत्ता पक्ष का होता है।

## भरभराकर गिरा कच्चा मकान

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर अन्तर्गत विकास खण्ड जहांगीरगंज अंतर्गत ग्राम कोहड़ा भांट इमिलिया में लगातार तीन दिनों तक हुई बारिश के चलते आवासीय कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। बता दें कि गांव के कैलाश पुत्र परदेशी का एक आवासीय पुराना खपरैल का मकान बीती दिवस अचानक गिर कर ध्वस्त हो गया। गनीमत रही कि जब मकान गिरा तो उसमें कोई मौजूद नहीं था। कैलाश ने बताया कि घर गिरने से गृहस्थी का सामान और राशन आदि मिट्टी में दब गया। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई, लेकिन एक दिन बीत जाने के बाद भी लेखपाल मौके पर नहीं पहुंचे। ग्राम प्रधान अमरजीत यादव और गांव के गणमान्य लोगों ने रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले कैलाश को शासन प्रशासन से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। साथ ही गरीब मजदूर को आवासीय योजना का लाभ दिलाने की मांग किया है।

**गड़बड़झाला** ग्राम प्रधान, सचिव समेत अन्य अधिकारी कागजात में हेराफेरी कर फर्जी बिल बनाकर कम कार्य को बहुत अधिक दिखाकर फर्जी भुगतान कर भर रहे हैं अपनी जेब

# जगतूपुर बिलटई में सरकारी योजनाओं में किया जा रहा है जमकर भ्रष्टाचार

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायतों में कम कार्य व बगैर कार्य के बदले भुगतान कर नित नया भ्रष्टाचार का रिकार्ड बनाया जा रहा है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की निति विकास विभाग को मुंह चिढ़ा रहा है। मामला अधिकारियों के संज्ञान में लाने पर जांच और कार्यवाही के बजाय लीपापोती की जा रही है। यह हाल है जलालपुर ब्लॉक के जगतूपुर बिलटई ग्राम पंचायत का, जहां सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार किए गया है। ऑनलाइन भुगतान का रिकॉर्ड इसकी गवाही दे रहा है।



ग्राम पंचायत जगतूपुर बिलटई में बना कूड़ा निस्तारण घर। अमृत विचार

बता दें कि मोदी और योगी सरकार ने ग्राम पंचायतों के समुचित विकास के लिए खजाने का मुंह खोल दिया है। इसी खजाने को खर्च करने में ग्राम प्रधान, सचिव समेत अन्य अधिकारी कागजात में हेराफेरी कर फर्जी और कूट रचित बिल बनाकर कम कार्य को बहुत अधिक दिखाकर फर्जी भुगतान कर अपनी जेब भर रहे है। ऑनलाइन मिले भुगतान के रिकॉर्ड और जमीन पर की गई पड़ताल में भुगतान में जमकर गड़बड़झाला दिखाई दे रहा है। जगतूपुर बिलटई कंपोजिट विद्यालय और तालाब के बगल ग्राम पंचायत से निकल कूड़ा करकट के निस्तारण के लिए आरआरसी सेंटर का निर्माण किया गया है। जिस जमीन पर आरआरसी सेंटर का निर्माण किया गया है वह एक समतल जमीन है। इसी सेंटर के अंदर और बाहर ग्राम पंचायत निधि से कुल 79 हजार 500 रुपए की मिट्टी गिराई गई है। अलग-अलग तिथि में 24 हजार 500, 33 हजार 500 और 21 हजार 500 रुपए का भुगतान एके इंटरप्राइजेज के नाम पर किया गया है।

जलालपुर खंड विकास अधिकारी रामविलास राम ने बताया कि जगतूपुर बिलटई ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की शिकायत मिली है। एडीओ पंचायत से विकास कार्यों की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बगैर फॉगिंग और छिडक़ाव के हजारों का भुगतान

यहां ग्राम पंचायत में मिट्टी पटाई ही नहीं स्वच्छता के नाम पर भ्रष्ट्राचार किया गया है। 13 अगस्त को 18 हजार 890 रुपए का भुगतान फॉगिंग और 24 अप्रैल को 16 हजार 854 रुपए का भुगतान स्वच्छता के नाम पर निकाल लिया गया। गांव निवासी रमेश कुमार, सुक्खू, ईश्वर देव सिंह आदि ने फागिंग और स्वच्छता के नाम पर निकाली गई लगभग 35 हजार रुपए की बात फर्जी बताई है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा कराए जा रहे फर्जी तरह से विकास कार्यों के जांच की मांग किया है।

### मिट्टी गिराने वाले ने बताई हकीकत

पड़ताल के समय कई ग्रामीण पहुंच गए। आरआरसी सेंटर पर लगभग 80 हजार रुपए की मिट्टी के भुगतान की बात सुनकर ग्रामीण चौक गए। तालाब पर मछली पालन करने वाले पीएन सिंह के साथ अन्य कई ग्रामीणों ने भुगतान को बहुत अधिक बताया है। यहां मिट्टी गिराने वाले जेसीबी संचालक ने बता कर ने पर महज 25 हजार रुपए की मिट्टी गिराने की बात कही है। इस मद में लगभग 54 हजार रुपए का भ्रष्ट्राचार किया गया है।

## एक नजर

### शिविर में किसानों से पांच लाख की वसूली

**गोंडा।** इंडियन बैंक की शाखा आर्यनगर के तत्वाधान में गौसिहा गांव में बकाया वसूली शिविर आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि इस शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पांच किसानों से चार लाख 75 हजार रुपये का बकाया वसूल किया गया। कृषि अधिकारी विजया सोम कुंवरि भी उपस्थित रहे।

### प्रधानों व सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण

**गोंडा, अमृत विचार।** ब्लॉक रुपईडीह के ग्राम प्रधानों व पंचायत सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह की देखरेख में ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला मोबिलाइजेशन समन्वयक शेषनाथ सिंह तथा यूनीसेफ के ब्लॉक समन्वयक श्याम सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को संचारी रोगों के लक्षण व बचाव के बारे मे जानकारी दी। एडीओ आईएसबी आजम खान, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष अमित अवस्थी, हनुमान तिवारी, अजीत सिंह, अनिल पांडेय, घनश्याम वर्मा, अफसर अली, पंचायत सहायक आरती पाठक, अनिल कुमार वर्मा, रेशमी मिश्र, महिमा तिवारी, सुरेश मौर्य, रिंकू प्रजापति, मीनाक्षी त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रही।

### सरयू माइनर के पास दिखा अजगर

**इटियाथोक, गोंडा।** कर्मडीहकला ग्राम पंचायत स्थित सरयू माइनर के पास ग्रामीणों ने एक विशालकाय अजगर को देखा। सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद अजगर को पड़कर छोड़ दिया। वन विभाग की टीम में रामू, मनोज व सत्य प्रकाश शुक्ला ने रेस्क्यू चलाया। ग्रामीणों की मदद से अजगर को काबू में पाया गया। अजगर की लंबाई करीब 8 फुट के आसपास थी। अजगर को देखने के लिए काफी भीड़ इकट्ठा हो गई और जब तक अजगर पकड़ा नहीं गया तब तक कौतूहल का विषय बना रहा।

# गोंडा की डांसर से बिहार में दरिंदगी

## ऑर्केस्ट्रा संचालिका पर पीड़िता ने लगाया 10 हजार में बेचने का आरोप

- 15 युवकों ने सात दिन तक किया युवती से गैंगरेप
- पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** जिले की रहने वाली एक डांसर से बिहार में दरिंदगी किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बिहार के सारण जिले में एक कार्यक्रम में गयी डांसर को कार्यक्रम खत्म होने के बाद आर्केस्ट्रा संचालिका ने 10 हजार रुपये में बेच दिया। जब वह अपने घर को लिए निकली थी तो रास्ते से उसे उठा लिया गया और उसे बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया।

पीड़िता के मुताबिक 15 आरोपी सात दिन तक उसके साथ हैवानियत करते रहे। जब उसकी हालत बिगड़ गयी तो उसे ले जाकर सुनसान जगह पर फेंक कर आरोपी फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गोंडा जिले के एक गांव की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि वह विवाहित है और परिवार की जीविका चलाने के लिए आर्केस्ट्रा पार्टी में डांस करती है। जिस आर्केस्ट्रा पार्टी में वह काम करती है उसकी संचालिका भी एक महिला है। उसी के कहने पर वह सारण में आयोजित एक कार्यक्रम में गयी थी और महाराणा चौक के पास रुकी हुई थी। पीड़िता का कहना है कि कार्यक्रम खत्म होने के बाद संचालिका ने उसे 10 हजार रुपये में बेच दिया और खुद दिल्ली भाग गयी। जब वह गोंडा के लिए निकल रही थी तभी रास्ते में उसे 15 लोगों ने अगवा कर लिया और सात दिनों तक बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जब वह बेहोश हो गई तब दरिंदों ने उसे सुनसान जगह पर फेंक दिया और फरार हो गए।



स्थानीय लोगों की नजर जब उस पर पड़ी तो लोग मदद के लिए आगे आए। लोगों ने उसे कपड़े में लपेटा और सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इसी बीच किसी ने पुलिस को भी सूचना दे दी। वहीं पीड़िता के साथ हैवानियत किए जाने की जानकारी मिलने पर उसके साथ गयी युवतियां अस्पताल पहुंची। उन्होंने बताया कि पीडिता मुन्नी मोड़ के पास कार्यक्रम में गई थी। वहीं से उसे उठाया गया। उन्होंने कहा कि घटना के तीन दिन पहले पीड़िता ने घर जाने की बात कही थी। बाद में यह खबर मिली की उसके साथ गैंगरेप हुआ है। इसकी मालकिन ने इसे 10 हजार रुपये में बेच दिया और वो खुद दिल्ली भाग गई है। इसके साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल हम लोग इसका इलाज करा रहे हैं। पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सारण एसपी ने कहा कि मशरक थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने पीड़िता का बयान लेने के बाद आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस ने एक आरोपी नौशाद आलम को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं।

## सपा नेता के हत्या अभियुक्तों पर लगा गैंगस्टर

**परसपुर :** सपा नेता ओम प्रकाश सिंह की दिन दहाड़े हत्याकांड में आरोपियों पर गैंगस्टर का अभियोग जिलाधिकारी के अनुमोदन पर दर्ज किया गया। उक्त मुकदमे को दर्ज कराते हुए थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि भ्रमण के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त उदयभान सिंह उर्फ लल्लन सिंह पुत्र राम कुमार सिंह वार्ड संख्या दस राजा टोला परसपुर का संगठित गिरोह है, जिसका मुख्य लीडर उदयभान सिंह उर्फ लल्लन सिंह हैं। इस गिरोह द्वारा आपस में साजिश करके अपने आर्थिक भौतिक एवं दुनियादारी लाभ के लिए हत्या जैसे जघन्य अपराध करते हैं। अपने बचाव में किसी भी की जान ले सकते हैं। इनके भय व आतंक से इनके कोई भी जनता का व्यक्तिगत मुकदमा लिखाने व गवाही देने का साहस नहीं करता है। जिससे इस गैंग के लोग अपराधिक कृत्यों को अंजाम देते हैं। जिनके नाम क्रमश: उदयभान सिंह उर्फ लल्लन सिंह, धर्मबीर सिंह उर्फ चंदन सिंह, बलबीर सिंह उर्फ नंदन सिंह, सूरज सिंह निवासी राजा टोला परसपुर तथा रोहित सिंह बलगर पुरवा नंदौर के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही की गयी।

## सार-संक्षेप

### त्योहार में गड़बड़ी करने पर होगी कठोर कार्रवाई



शांति कमेटी की बैठक में शामिल लोग। अमृत विचार

**खरगूपुर, अमृत विचार :** दुर्गा पूजा, रामलीला व दशहरा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए समिति के अध्यक्षों व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने सभी संप्रदाय के लोगों से सद्भाव पूर्ण माहौल में पर्व को सम्पन्न कराने की अपील की। स्थानीय थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित होंगी। उन्होंने लोगों से कहा कि कहीं भी असुविधा हो व गड़बड़ी की आशंका अथवा पंडालों में लावारिस वस्तु दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। प्रभारी निरीक्षक त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासन की अनुमति के बगैर किसी भी नये स्थान पर प्रतिमा नहीं स्थापित की जाएगी। वहीं कम आवाज में डीजे बजाने तथा अनुमति लेने की बात कही गई। क्षेत्र में त्यौहार के मौके पर माहौल खराब करने वाले लोगों से कड़ाई से निपटने का शासन से स्पष्ट निर्देश है। ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। शांति समिति की बैठक में आए लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को संपन्न कराने में सभी के सहयोग की अपेक्षा की। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज कुमार, उपनिरीक्षक सहित राजीव रस्तोगी, धर्मेंद्र कुमार मिश्र, राजा सोनी, सूरज देवराज सहित स्थानीय नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### युवक पर खौलता दूध फेंका, गंभीर

**मनकापुर (गोंडा) :** चाय की दुकान पर आए हुए व्यक्ति से दुकानदार का वाद विवाद हो गया। दुकानदार ने खौलता हुआ गर्म दूध उसके ऊपर फेंक दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला कोतवाली मनकापुर के गांव गोहन्ना का है। जगदीशपुर चौराहे पर स्थित चाय की दुकान के सामने सुबह लगभग साढे आठ बजे पीडित मनोज कुमार यादव (30) खड़े थे। आरोप है कि दुकानदार सत्यदेव ने पूछा इधर क्यों देख रहे हो इसी बात पर दोनों लोगों में तू तू मैं मैं व गाली गलौज होने लगा। इसी दौरान दुकानदार ने मनोज कुमार यादव पर खौलता हुआ गर्म दूध फेंक दिया जिससे युवक गंभीर रूप से झुलस गया। गंभीर रूप से झुलसे युवक को ग्रामीणों की मदद से सीएचसी लाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इसके बाद जब इस घटना की उलहना व पूछताछ करने झुलसे युवक का पिता रामजस यादव दुकान पर गये तो दुकानदार ने उन्हें भी गाली देते हुए मारा-पीटा। कोतवाल ने बताया कि एफआईआर दर्ज किया जा रहा है।

### दिनदहाड़े घर में घुसे बदमाश, ग्रामीणों के जुटने पर भागे

**तरबगंज :** सेझिया गांव के मेनरोड पर बने घर में अज्ञात तीन बदमाश दिन में ही धावा बोलते हुए घर में घुस गए। घर मालिक के मुख पर नशीला पदार्थ फेंककर कमरे में बन्द कर दिया। हल्ला गोहार होने पर भाग निकले। सेझिया गांव के मजरा नये पुरवा निवासी राममणि पाण्डेय ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि नयेपुरवा गांव के सामने मेन रोड पर उनका घर बना हुआ है जिसके सामने बैठकर रविवार को 11बजे दिन में अखबार पढ़ रहे थे। अचानक तीन अज्ञात बदमाश एक मोटरसाइकिल पर बैठकर आये जो अवैध असलहा लिए हुए थे और उनके मुख पर नशीला पदार्थ फेंककर हाथ पैर बाँध दिया और मारपीट कर कमरे में बन्द कर दिया। लूट के इरादे से घर में घुसे बदमाश हल्ला गोहार होने पर तीनों भाग गए। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच की जा रही है।

## शराब पीते पकड़े गए दरोगा व सिपाही निलंबित

**कार्रवाई**

- डायल 112 पर थी तैनाती, जांच में लोकेशन भी ड्यूटी प्वाइंट से अलग मिली

**खरगूपुर, अमृत विचार:** ड्यूटी पर शराब पीते पकड़े गए डायल 112 के दरोगा व सिपाही को एसपी ने निलंबित कर दिया है। दोनों पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान ग्रामीणों ने बाहरी लोगों के साथ शराब पीते हुए पकड़ा था और हंगामा किया था। एसएचओ ने दोनों के खिलाफ एसपी को रिपोर्ट भेजी थी। एसएचओ की रिपोर्ट पर सोमवार को एसपी ने कार्रवाई की।

जिले के पीआरवी 882 पर तैनात उप निरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद व सिपाही सुशील कुमार 21 सितंबर को लक्ष्मनपुर गांव के बाहर एक सुनसान जगह पर शराब पीते पकड़े गए थे। उनके साथ दो बाहर संदिग्ध भी थे। ग्रामीणों ने दोनों को पकड़कर खरगूपुर पुलिस के हवाले किया था। जांच मे पता चला कि 21 सितंबर को जिस वक्त दोनो लक्ष्मनपुर गांव के पाल शराब पी रहे थे उस वक्त उनकी ड्यूटी वहां से 10 किमी दूर भवनियापुर उपाध्याय गांव के पास थी। खरगूपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ एसपी को रिपोर्ट भेजी थी। एसएचओ की रिपोर्ट पर एसपी विनीत जायसवाल ने सोमवार को दरोगा लक्ष्मण प्रसाद व सिपाही सुशील कुमार को निलंबित कर दिया।

### गांव में हुई चोरी की घटना से सतर्क थे ग्रामीण

लक्ष्मनपुर गांव में 11 सितंबर को चोरी की घटना हुई थी। चोर गांव के एक घर में घुसकर नकदी सहित लाखों के जेवरात चोरी कर ले गए थे। घटना के बाद गांव को लोग सतर्क थे और रात में जाग कर गांव की रखवाली कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि 21 सितंबर की रात उन्हे सूचना मिली कि गांव के बाहर कुछ लोग बैठकर शराब पी रहे हैं। चोर होने की आशंका पर गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। वहां पीआरवी के पुलिसकर्मियों के साथ दो संदिग्ध युवक भी थे। सभी शराब पी रहे थे। यह देख गांव के लोगों ने सभी को घेर लिया और हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे खरगूपुर थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया था।

## कोटेदार समेत 3 लोगों के खिलाफ लूट का केस दर्ज


- राशन लेने गए पीड़ित से मारपीट कर उसका मोबाइल व 700 रुपये छीन लेने का आरोप

**गोंडा, अमृत विचार:** धानेपुर थाना क्षेत्र के डेबरी कला गांव के रहने वाले गौतम तिवारी के मुताबिक वह बीते 29 जून को राशन लेने के लिए गांव के कोटेदार सालिक राम के घर गए थे। आरोप है कि कोटेदार के बेटे ने उनसे मोबाइल मांगा और किसी व्यक्ति को उनके मोबाइल से फोन कर गाली गलौज करने लगा। जब उन्होंने इस बात का विरोध किया तो राकेश, कोटेदार सालिक राम व मेलाराम ने उन्हें भी गाली दी और मारपीट पर आमादा हो गए। आरोप है कि इस दौरान कोटेदार और उसके बेटे राकेश ने उनका मोबाइल फोन व 700 रुपया भी छीन लिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाने पर की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की जांच का आदेश दिया है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर सालिकराम, राकेश व मेलाराम के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी व लूट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। घटना की जांच की जा रही है।

## धर्म दर्शन

### शक्ति तत्व और उसका महत्व

महाशक्ति ही परब्रह्म परमात्मा हैं। इन्हीं की शक्ति से ब्रह्मा, विष्णु, महेश क्रमशः सृजन पालन व संहार का कार्य करते हैं। श्रीदुर्गा सप्तशती में ब्रह्मा जी ने मधु कैटभ नामक दैत्यों से अपनी रक्षा के लिए योगनिद्रा का आवाहन करते हुए कहा है मुझको, भगवान शंकर और विष्णु को भी तुमने ही शरीर धारण कराया है। अतः तुम्हारी स्तुति करने की शक्ति किसमें है। नवदुर्गा, दस महाविद्या, अन्नपूर्णा, भुवनेश्वरी काली, तारा, बगुला, त्रिपुरा आदि सब इन्हीं के रूप हैं। हमारे ऋषियों द्वारा सर्वव्यापी चेतनसत्ता अर्थात अपने उपास्य की उपासना मातृ-पितृ रूप से तथा स्वामी रूप से अपनी भावना व श्रद्धा के अनुरूप की गई है। संसार में सभी प्राणियों के लिए माता ही सबकी आदिगुरु हैं। इसीलिए "मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव" मंत्र में सर्वप्रथम माता को ही स्थान दिया गया है। समस्त विश्व महाशक्ति का ही विलास है। भवानी की स्तुति करते हुए आचार्य शंकर ने कहा है, अपर्णैका सेव्या जगति सकलैर्यत् परिवृत्तः।/ पुराणोऽपि स्थाणुः फलति किल कैवल्यपदवीम्।।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

संसार में लोग अनेक प्रकार के गुणों से युक्त पत्ते वाली लता का विविध प्रकार से सेवन करते हैं, परंतु मेरा तो मत है कि इस संसार में सब लोगों को अपर्णा (पार्वती जी) का ही सेवन करना चाहिए, जिनके संसर्ग से स्थाणु अर्थात पुराना ठूंठ-संसार के आदि कारण निर्विकार निराकार देवाधिदेव महादेव भी मोक्षरूपी फल देने लगते हैं। तात्पर्य यह है कि सदाशिव के नाम से प्रसिद्ध निर्गुण परमात्मा सर्वथा क्रिया शून्य होने के कारण स्वयं कोई फल देने में असमर्थ हैं। जब यह शिव शक्ति से समन्वित हो जाते हैं अर्थात शक्ति संपन्न होकर सगुण एवं सक्रिय रूप में आते हैं, तभी वे मोक्ष आदि फल प्रदान करने में समर्थ होते हैं। शक्ति उपासना हमारे समाज में वैदिक काल से ही प्रचलित है। श्री दुर्गासप्तशती में उद्धृत अथर्व शीर्ष के रूप में वर्णित देवी मंत्र इसका प्रमाण है। अथर्व शीर्ष शब्द का अर्थ है वह मंत्र,जो अथर्ववेद का शीर्ष अर्थात सर्वोच्च मंत्र है। देवी कहती हैं, अहम् ब्रह्मस्वरूपिणी। मत्तः प्रकृतिपुरुषात्मकं जगत्। शून्यं चाशून्यं च। अहमखिलं जगत्।। प्रसंग के अनुसार सभी देवता देवी के समीप गए और नम्रता से पूछने लगे हे महादेवि आप कौन हैं? देवी ने मैं ब्रह्म स्वरूप हूं। मुझसे प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ है। यह सारा दृश्य जगत मैं ही हूं। जगत की सृष्टि, पालन व संहार रूपी तीनों कार्य क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु व महेश द्वारा किए जाते हैं।

ब्रह्माजी की शक्ति जिससे सृष्टि होती है वह महासरस्वती हैं, विष्णुशक्ति जो पालन करती व कराती हैं महालक्ष्मी हैं और रुद्रशक्ति, जिससे संहार होता है, उनका नाम महाकाली है। इन तीनों महाशक्तियों के कार्य में कोई अंतर्विरोध नहीं है, यह सभी परस्पर सहायक हैं। संहार, संहार के उपरांत सृष्टि, सृष्टि के क्रम में उसकी पालना और फिर संहार यही क्रम चलता रहता है। संहार के लिए बल, पालन के लिए धन व सृष्टि के लिए बुद्धि की आवश्यकता होती है। अपने-अपने कर्म के अनुरूप महाकाली,महालक्ष्मी एवं महासरस्वती क्रमशः शक्ति, स्वर्ण व विद्या की अधिष्ठात्री देवियां हैं। इसीलिए उनका रंग क्रमशः काला, पीला एवं सफेद बताया गया है, जहां तक सार्थक उपासना का प्रश्न है, विद्वानों के मतानुसार शक्ति एवं शक्तिमान की उपासना एक है।

### महादेवी मां दुर्गाः शास्त्रीय परिबोध

मां दुर्गा का प्राचीनतम उल्लेख सर्वप्रथम महाभारत में हुआ है। वनवास अवधि में अज्ञातवास के लिए विराट नगर में प्रवेश के पूर्व युधिष्ठिर ने त्रिभुवन की अधीश्वरी, जगजननी देवी दुर्गा की स्तुति की थी और प्रसन्न देवी ने युधिष्ठिर को प्रत्यक्ष दर्शन एवं वरदान दिया था। कुरुक्षेत्र में महासमर के प्रारंभ के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की प्रेरणा से अर्जुन ने इनकी स्तुति की थी और महादेवी ने अंतरिक्ष में स्थित होकर पार्थ को विजय का वरदान दिया था। (भीष्म पर्व,23/4/19) अर्जुन कृत इस दुर्गा स्तोत्र की महिमा का अंकन भी इसी 23 वें अध्याय के श्लोकों 22-25 में हुआ है। इसी में अन्यत्र कृष्ण भगवान से संबंधित कथा में उनको भगवान शिव की पत्नी उमा बताते हुए उनको वेद, वेदांत, सुचरित्रता आदि सर्वगुण संपन्ना कहा गया है, किंतु यहां वह अन्य संदर्भों की भांति 'कुमारी' नहीं हैं। मार्कण्डेय पुराण के 'देवी महात्म्य' में दुर्गा देवी को ही काली, लक्ष्मी और सरस्वती का अवतार कहा गया है। दुर्गम दुर्ग असुर का वध करने के कारण ही यह "दुर्गा" कहलाईं। उक्त असुर ने भारी तपकर ब्रह्मदेव से वर प्राप्त कर वेदों को चुरा लिया था। फलस्वरूप सभी यज्ञादिकर्म बंद हो गए। पृथ्वी अनावृष्टि और अकाल से त्राहि-त्राहि कर उठी। देवों तथा ऋषियों की करुण पुकार पर देवी ने शताक्षी रूप धारण कर दुर्गम का वधकर वेदों को मुक्त किया।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

दुर्गाजी की प्रतिमा का अंकन शक्ति के प्रतीक के रूप में हुआ है। अत्यंत सुंदरी (या त्रिपुर सुंदरी),परंतु अनंत शक्ति धारिणी सिंह वाहिनी कभी अष्टभुजी तो कहीं दशभुजी तो कहीं अठारह भुजाओं वाली विभिन्न आयुध धारिणी प्रदर्शित हैं। ब्रह्मदेव के ही वरदान से देवताओं, ऋषियों सहित संपूर्ण सृष्टि के लिए घोर उत्पीड़क महिषासुर के वध के लिए आदिशक्ति माता ने महिष का वधकर महिषासुर मर्दिनी का संबोधन प्राप्त किया। त्रिगुणात्मिका, चामुंडा, शाकंभरी, सती, महालक्ष्मी, काली, पार्वती, गौरी, कालिका, मातृका, त्रिपुरा, योगीश्वरी, चर्चिता, छिन्नमस्ता, चंडिका, सिद्ध-अंबिका आदि नामों से इनके विभिन्न स्वरूपों तथा अवतारों का विस्तृत विवरण यत्र-तत्र उपलब्ध है।

## वर्ग पहेली-208

**बाएं से दाएं**

4.1. रमणीय, सुंदर, मनोहर 2. मोहक, प्रिय 3. सुखद, रुचिकर।

6.1. शरीर या मन की स्थिति, मिज़ाज 2. चित्त, मन, जी, हृदय 3. स्वास्थ्य, सेहत 4. मनोवृत्ति, भावना, करवाचौथ

8.1. रहने की क्रिया, भाव या ढंग 2. सुख एवं शांतिपूर्वक रहने की अवस्था या भाव 3. आराम, सुख, चैन।

**ऊपर से नीचे**

1.1. एक फली जो सब्ज़ी या अचार बनाने के काम आती है, लोबिया 2. अजगर।

2.1. जो वंचित किया गया हो, अलग किया गया, रहित 2. छला गया, ठगा गया।

3. नामवाला, ख्यातिप्राप्त, सुप्रसिद्ध, नामवर।

5. विश्वास, भरोसा।

7.1. किसी को छल से किसी मंडली

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| 5 | ■ | ■ | | ■ | |
| 6 | | | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | 7 |
| 8 | | | ■ | ■ | |

### वर्ग पहेली -207 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ज | ■ | 2 दु | कू | ल |
| ■ | मो | ■ | वि | ■ | ■ |
| 3 यु | ग | वि | धा | यी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ही | ■ | ■ |
| ■ | 4 ल | ख | न | 5 वी | ■ |
| ■ | ड़ | ■ | ■ | थी | ■ |
| 6 वि | ना | य | क | ■ | ■ |

## सुडोकू-121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 7 | | 2 | 5 |
| 4 | | 2 | | 3 | | | | |
| 6 | | 5 | | | 2 | 1 | | 7 |
| | | | 4 | 2 | | | 7 | |
| | | 9 | | | | 5 | | |
| | 3 | | | 1 | 8 | | | |
| 5 | | 1 | 9 | | | 7 | | 3 |
| | | | | 5 | | 2 | | 8 |
| 7 | 8 | | 2 | 6 | | | | |

### सुडोकू - 120 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 9 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 | 8 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 21.39 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 09.16 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** — आज घर का वातावरण काफी सुखद रहने वाला है। घर के बुजुर्गों से सहयोग मिलेगा। धार्मिक स्थल में जाने का विचार बनेगा। जीवनसाथी को आप उपहार दे सकते हैं। संतान के व्यवहार से आपका मन गदगद हो जाएगा।

**वृष** — आज आपका मन अशांत हो सकता है। सिरदर्द और माइग्रेन के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है। किसी वाहन में खराबी आने की आशंका है। दूसरों की नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। बुरे विचार आपको परेशान कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज आपको प्रेमी जन से बड़ा उपहार मिल सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर एकाग्र रहेंगे। व्यवसाय में मित्रों का सहयोग ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप किसी महत्वपूर्ण कार्य में फंसे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**कर्क** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कुछ लोग आपके काम को लेकर टोका-टाकी कर सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में दुविधापूर्ण स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। पारिवारिक जीवन बहुत ही सुखदायक रहने वाला है।

**सिंह** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। बड़े प्रोजेक्ट्स में आप निवेश कर सकते हैं। विपरीत लिंग के लोगों के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है। युवा अपने करियर को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**कन्या** — आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाना चाहेंगे। आंखों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। परिवार जनों के साथ आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। आपका मनोबल थोड़ा कमजोर हो सकता है। असंयमित भोजन के कारण आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा।

**तुला** — आज आपके जनसंपर्क में वृद्धि होगी। आपकी कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पैतृक कारोबार में धन लाभ होगा। विदेशी भूमि से आपको धन लाभ मिल सकता है। व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा।

**वृश्चिक** — आज नया रोजगार शुरू कर सकते हैं। शेयर मार्केट में किया गया पूर्व निवेश से लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन रही है। लोग स्वार्थवश आपसे संपर्क में रहना चाहेंगे।

**धनु** — आज बच्चों की शिक्षा को लेकर आप काफी ध्यान देंगे। दांपत्य संबंध काफी प्रगाढ़ रहने वाले हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। आपके कार्य अपेक्षाकृत देरी से पूरे होंगे। आपकी उपलब्धियों से आपके सीनियर्स काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मकर** — आज अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। वर्तमान वातावरण को लेकर आपको अपना ध्यान रखना चाहिए। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी संबंधी समस्या हो सकती है। आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। किसी भी काम में ज्यादा मन नहीं लगा पाएंगे।

**कुंभ** — आज प्रेम संबंधों को लेकर दिन बेहद शुभ है। मन में परोपकार की भावना रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आलस्य से आपको बचना चाहिए।

**मीन** — आज सरकारी कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। लोग आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। साझेदारी वाले व्यापार में आपको धन लाभ होगा। अति महत्वपूर्ण कार्यों को आप समय पर पूरा करेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- जय लव कुश — सुबह : 09.15
- राम लखन — रात : 07.11

**Sony Max**
- मिशन कश्मीर — सुबह : 11.00
- एन एक्शन हीरो — रात : 09.00

**Sony Pix**
- रैमपेज — दोपहर : 12.01
- एंजेल हैज फॉलेन — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- खूंखार — सुबह : 11.06
- सिरीवेन्नेला — शाम : 05.44

**Zee Action**
- वर्दी — सुबह : 11.24
- गुमराह — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

## एक नजर

### शिविर में 40 मरीजों की आंखों की हुई जांच

**गोंडा, अमृत विचार** : वजीरगंज क्षेत्र के नगवा के पंचायत भवन में सोमवार को अयोध्या फेको सेंटर आँख अस्पताल ने नि :शुल्क आँख जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 लोगों के आँख की जांच की गई व उन्हें उचित परामर्श दे कर नि :शुल्क दवाएं दी गईं । छः मरीज मोतियाबिंद के पाए गये जिन्हें आपरेशन कराने की सलाह दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि शिविर में कई लोगों का जांच किया गया है। जिन लोगों को गंभीर प्रवृत्ति की समस्या थी उनका ऑपरेशन का सुझाव दिया गया है इस दौरान ग्राम प्रधान स्वामी नाथ सिंह ने बताया कि क्षेत्र के कई आंख रोग से पीड़ितों का इलाज शिविर में किया गया है। जांच पड़ताल की गई है आवश्यक दवा के साथ सलाह भी दिया गया है। यदि आवश्यकता पड़ेगी तो भविष्य में भी ऐसे शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में प्रसिद्ध नारायन ,गोरखनाथ सिंह,डा. निशांत श्रीवास्तव, कैम्प आर्गेनाइजर हर्षित उपाध्याय, फार्मासिस्ट शिव शुक्ल, समाजसेवी नवनीत मिश्र आदि रहे।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों को किया सम्मानित

**गोंडा** : प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी के जन्म जयंती 2 अक्टूबर 2024 के मध्य चलाई जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में विकसित भारत 2047 विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के मंडल अध्यक्ष देवनाथ सविता तथा उपाध्यक्ष राज बहादुर राजू ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया की कक्षा 6,7, 8 के 15 प्रतिभागियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा कुलदीप विश्वकर्मा नवनीत भरत सिंह, काजल पासवान, शिवा सिंह, भानु प्रताप, आदर्श सिंह, प्रभाकर मौर्य, लक्ष्मी नारायण को मेडल देकर के सम्मानित किया गया।

### महिलाओं की गोद भराई बच्चों का अन्नप्राशन

**धानेपुर** : राष्ट्रीय पोषण माह के समापन मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से नगर पंचायत धानेपुर के प्राथमिक विद्यालय धानेपुर द्वितीय में पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर गोद भराई, अन्नप्राशन संस्कार व चौपाल बैठक कर जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आरती ने बताया कि गर्भवती धात्री महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी दी गई। समापन मौके पर आयोजित पोषण कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार से भरी टोकरी भेंट कर गोदभराई कराई गई और खान पान संबंधी जानकारी दी गई। 6 माह के बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार करवाया गया। ठीक होकर आने वाले सैम मैम बच्चों का केंद्र पर स्वागत किया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूनम त्रिपाठी, मिथलेश, मीना, रंजना शामिल रहीं।

### स्वच्छता पखवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**गोंडा** : स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायालय गोंडा में सफाई अभियान, स्वच्छता जागरूकता रैली व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए अपर जिला जज व विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने बताया कि स्वच्छता जागरूकता रैली को जिला जज प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में जिले के विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड व अन्य छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। इसके उपरांत जनपद न्यायालय परिसर में सभी न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सफाई की गई।

# मजिस्ट्रेट ट्रेनिंग पर, जांच अटकी

**फीस प्रतिपूर्ति घोटाला**

▸▸ **एक महीने के प्रशिक्षण पर गए तीन सदस्यीय जांच टीम में शामिल अपर उप जिलाधिकारी**

**गोंडा, अमृत विचारः** आरटीई के तहत गरीब बच्चों के एडमिशन के नाम पर हुए फीस प्रतिपूर्ति घोटाले की जांच टीम मे शामिल किए गए अपर उप जिलाधिकारी एक महीने के प्रशिक्षण पर चले गए हैं। उनके ट्रेनिंग पर जाने के कारण फीस प्रतिपूर्ति घोटाले की जांच लटक गयी है। अब ट्रेनिंग से वापस आने के बाद ही जांच आगे बढ़ने की संभावना है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब बच्चों की पढाई के बदले भेजी गयी फीस प्रतिपूर्ति में एक करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है।

शिकायत मिलने पर डीएम नेहा शर्मा ने इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया था। जांच टीम में अपर उप जिलाधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी जिला पंचायत कामेश्वर पटेल व परसपुर के खण्ड विकास अधिकारी को शामिल किया गया है। डीएम ने 15 दिन के भीतर इस पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट मांगी थी लेकिन इसी दौरान जांच टीम का नेतृत्व कर रहे अपर उप जिलाधिकारी राजीव सक्सेना की ट्रेनिंग लग गयी और वह एक महीने के प्रशिक्षण पर चले गए। एसडीएम के ट्रेनिंग पर जाने के कारण यह प्रकरण की जांच अटक गयी है। अब यह जांच उनके ट्रेनिंग से वापस लौटने पर ही आगे बढ़ने की संभावना है।

**यह है पूरा मामला**

परसपुर के नंदौर गांव के रहने वाले रावेन्द्र सिंह ने डीएम से शिकायत की थी कि उनके गांव नन्दौर नौसहरा के रहने वाले शीतला प्रसाद सिंह बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर एक ही स्थान व भवन में 15 अलग अलग स्कूलों का संचालन कर आरटीई के तहत बच्चों यका फर्जी नामांकन किया और फीस प्रतिपूर्ति के नाम पर एक करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान लेकर उसे हड़प लिया। इस शिकायत से संचालन से जुड़े लोगों में खलबली मची है। वहीं डीएम ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाकर मामले की जांच का आदेश दिया है। मामला सामने आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 की फीस प्रतिपूर्ति के नाम पर भेजी गयी 20 लाख रुपये की धनराशि के भुगतान पर रोक लगा दी है।

# आज से होगी मक्का खरीद, बने दो क्रय केंद्र

**2225**

रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा मक्का



**गोंडा, अमृत विचारः** मूल्य समर्थन योजना के तहत जिले 2024- 25 मे मक्का की खरीद 1 अक्टूबर यानी आज से होगी। मक्का खरीदने के लिए दो क्रय केंद्र बनाए गए हैं। मक्का खरीद मार्केटिंग विभाग के दो क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस बार मक्का खरीदने के लिए मूल्य समर्थन योजना के तहत भाव में बढ़ोतरी की गई है।

विगत वर्ष 2090 प्रति क्विंटल से खरीद की गई थी लेकिन सरकार ने इस बार मूल्य समर्थन 135 रुपया बढ़ाते हुए 2225 रुपये के दर से खरीद करने का फैसला किया है। जिले में मक्का की खेती तरबगंज,परसपुर, नवाबगंज समेत कई स्थानों पर होती है। मक्का किसानों को मूल्य समर्थन योजना का लाभ मिले इसके लिए विभाग सरकार की ओर से आदेश के क्रम में दो क्रय केंद्र संचालित करने का निर्णय लिया है। क्रय केंद्र संचालन का दायित्व मार्केटिंग विभाग के पास है। एक मक्का खरीद क्रय केंद्र बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में स्थापित किया गया है, जबकि दूसरा केंद्र नवाबगंज मंडी में ही बनाया गया है।

सरकारी क्रय केंद्र पर किसान अपनी उपज को बेचे इसको लेकर किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। किसानों को अपना मक्का बेचने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उसके बाद मक्का के केंद्र प्रभारी किसानों से उनकी उपज को खरीदेंगे। भुगतान भी किसानों के खाते में ही जाएगा, इसलिए आवेदन के समय किसानों को वही खाता देना होगा जो सही रूप से संचालित हो रहा हो। मार्केटिंग विभाग का दावा है कि मक्का खरीद को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। नवीन गल्ला मंडी में बनाए गए केंद्र की जिम्मेदारी मार्केटिंग इंस्पेक्टर राजकुमार चौधरी को सौंप गई है तथा नवाबगंज मंडी केंद्र प्रभारी मार्केटिंग इंस्पेक्टर निशांत त्रिपाठी को बनाया गया है। मक्का उत्पादन वाले क्षेत्र में जो मक्का खरीद के प्रभारी बनाए गए हैं, उनको भी भ्रमणशील रहकर किसानों को जागरूक करने का भी निर्देश दिया चुका है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि मक्का खरीद 1अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। जिले में मक्का किसानों से उनकी उपज को खरीदने के लिए दो क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। खरीद की जिम्मेदारी इस बार मार्केटिंग विभाग की है। एक केंद्र नवाबगंज मंडी में है, जबकि दूसरा बहराइच रोड स्थित गल्ला मंडी में है। इस बार मूल्य समर्थन योजना के तहत किसानों से मक्का 2225 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा। मक्का खरीदने के लिए केंद्र खोल दिए गए हैं। तैयारी पूरी है।

# लापता बच्ची का शव सोकपिट में मिला

## शनिवार की रात सोते समय बच्ची हुई थी अपहृत, एसपी ने लिया जायजा

**फॉलोअप**

**संवाददाता, परसपुर, गोंडा**

▸▸ **बच्ची की हत्या के बाद ईंट से बांध सोकपिट में डाला**



शगुन (फाइल फोटो)।



जानकारी हासिल करते एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शनिवार की रात सोते समय किसी ने नौ माह की बच्ची को चुरा लिया और ईंट से बांध कर उसे सोकपिट में डाल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

उधर रविवार को बच्ची की मां व परिजन बच्ची के किसी जानवर द्वारा उठा लिए जाने की चर्चा होती रही। लेकिन सोमवार की शाम को जब मौके पर एसपी पहुंचे और सघन तलाशी कराई तो बच्ची का शव एक सोकपिट में बरामद हुआ जिसके शरीर से ईंट बांधी गई थी। शनिवार की रात मां के पास सोयी बच्ची के गायब होने के रहस्य की छानबीन पुलिस करती रही। पुलिस व वन विभाग की टीम दिन भर खाक छानती रही। डाग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम छानबीन के बाद वापस हो गई। घटना के दूसरे दिन सोमवार को पहुंचे पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने हर बिन्दुओं पर एक घन्टे तक जांच पड़ताल की। एसपी की सख्ती के दो घंटे बाद सोकपिट में बच्ची की लाश बरामद की गई।

परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अभईपुर के मजरे मेहरबान पुरवा के सीताराम गौतम के घर से शनिवार की रात मां के पास सोयी 8 माह की बच्ची शगुन रहस्यमय ढंग से लापता हो गयी थी। सीताराम गौतम ने जंगली जानवरों पर आशंका जताते हुए थाने पर फौरी सूचना दी थी कि शनिवार की रात उनकी बहू जगमती अपनी आठ माह की बच्ची शगुन को लेकर कमरे में लेटी थी जिसमें दरवाजा नहीं लगा है। घर की छत पूरी तरह खुली है। छत पर जाने के लिए जीने से कोई भी व्यक्ति या जानवर आ जा सकता है। वन विभाग के अधिकारी डीएन पाण्डेय ने बताया कि किसी भी एंगल से जंगली जानवर आने की सूचना नहीं है।

थाना प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उमेश्वर प्रभात सिंह क्षेत्राधिकारी करनैलगंज ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही। घटना का खुलासा किया जायेगा।

## डीएम के निरीक्षण से पहले पकड़े जा रहे छुट्टा गोवंश

**गोंडा** : जिलाधिकारी के निरीक्षण से पहले मुजेहना ब्लाक में छुट्टा गोवंशों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को ब्लाक के सफाई कर्मियों ने कस्बे में घूम रहे दर्जनों को गोवंशों को पकड़कर उन्हें रुद्रगढ़ नौसी गौ आश्रय केंद्र में जमा कराया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा चार अक्टूबर को मुजेहना ब्लाक का निरीक्षण करेंगी। डीएम के निरीक्षण से पहले ब्लाक परिसर को चकाचक किया जा रहा है। सफाई कर्मचारी पूरे परिसर की सफाई करने में जुटे हैं। वहीं सोमवार को कस्बे में घूमने वाले छुट्टा मवेशियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। सफाई कर्मियों ने पूरे कस्बे में घूम घूम कर छुट्टा मवेशियों को पकड़ा और उन्हे ट्राली पर लादकर रुद्रगढ़ नौसी स्थित गौ आश्रय केंद्र में जमा कराया। बीडीओ राजेंद्र यादव ने बताया कि डीएम के आदेश पर गोवंशों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### सीएम के कार्यक्रम में शामिल होंगे 5 ताइक्वांडो खिलाड़ी



चयनित ताइक्वांडो खिलाड़ी। अमृत विचार

**गोंडा** : एक अक्टूबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ के जुपिटर हाल में पेरिस ओलंपिक एवं पैरा ओलंपिक खेल के पदक विजेता व प्रतिभागियों के साथ-साथ जनपद के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे। इसमें जिले के पांच ताइक्वांडो खिलाड़ी उत्कर्ष सिंह, नवनीत सिंह, अंश दुबे, दिव्यांश गुप्ता व कार्तिक शर्मा सम्मिलित होंगे। ताइक्वांडो सचिव डा.प्रत्यूष राज ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा।

### रात्रि जागरण में कलाकारों की प्रस्तुति पर झूमे श्रद्धालु

**गोंडा, अमृत विचार** : रविवार की रात दुखहरण नाथ मंदिर पर यूपी 43 टीम ने रात्रि जागरण में प्रस्तुति दी। जिसमें जनपद के भजन गायक और गायिका शामिल हुए।



भजन प्रस्तुत करतीं महिला कलाकार।

शुरुआत भजन गायक निलेश भट्ट ने जय गणेश जय महा देवा की भजनों से शुरुआत किया। भजन गायिका शिप्रा सलोनी ने गाया - चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है ...तुने मुझे बुलाया शेरावालिए मै आया मैं आया शेरावालिए ...मैं परदेशी हूं तेरे पास आया हूं ... भजन गायिका दीपिका मिश्रा ने गाया जय जय जय बजरंग बली, जो भी दिल से पुकारे उसकी विपदा पल में टली। मैंने मोहन को बुलाया है वो आता होगा ...भजन गायक वैभव सक्सेना ने गाया, दुनिया में देव हजारों है बजरंग बली का क्या कहना ...भजन गायक दिनेश कमलापुरी ने गाया, दुनिया में किस्मत का मारा था,रो रो कर पुकारा था भजन गायक गगनदीप सिंह ने गाया भोले की बारात चली गज बाजे से।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख ने सोनबरसा के बच्चों को किया सम्मानित

**मनकापुर** : सोमवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आझाराम मनकापुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'विकसित भारत 2047' के सौजन्य से बच्चों के बीच कला पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6, 7 व 8वीं के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में संगीता, कुसुम, रामनरेश, अजीत, विनोद अमन शिवांशु, नंदिनी, रेशमा, पूनम, मनजीत, बृजमोहन, लक्ष्मी, संजू, अंशिका, युवराज, राजकुमार, मानसी, नैंसी, सिमरन, आंचल, अर्चना, माधुरी, करिश्मा, चांदनी, आकाश, रूमा, अर्चना, दामिनी, सचिन आदि लगभग 40 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे बच्चों को पूर्व ब्लॉक प्रमुख यूपी सिंह व प्रधान प्रतिनिधि विजय चौहान ने बच्चों को पुरस्कार स्वरूप इमरजेंसी लाइट भेंट की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूनम भारती, द्वितीय स्थान पर संजू निषाद व तृतीय स्थान पर अंशिका मौर्य रही।

### विकसित भारत थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**इटियाथोक** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म जयंती 2 अक्टूबर के मध्य चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को कंपोजिट विद्यालय बरईपारा में कक्षा 6, 7 एवं 8 के छात्र-छात्राओं द्वारा 'विकसित भारत' विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश चतुर्वेदी मंडल प्रभारी मेहनौन, आत्माराम वर्मा मंडल अध्यक्ष मेहनौन और रामकृपाल वर्मा ग्राम प्रधान बरईपारा ने कला पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रथम स्थान प्रतिमा वर्मा कक्षा 8, द्वितीय स्थान रेखा कक्षा 8 और तृतीय स्थान दीपक गुप्ता कक्षा 6 को प्राप्त हुआ।

### मां बाराही देवी के स्थान पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**बेलसर** : जगदंबा शरण सिंह एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बेलसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलिंटियर्स ने सेवा ही स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुराग सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय योजना हाल में सभी छात्रों को शपथ दिलाया। मां बाराही स्थान पर स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को जागरूक भी किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी मेधावी स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने मां बाराही देवी के स्थान पर आस पड़ोस में गलियों की सफाई करके वहां स्थित लोगों को स्वच्छता से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत चर्चा किया। डॉ अनुराग सिंह, अल्पना सिंह, नीता सिंह, अर्चना जायसवाल, कीर्ति पांडे, डॉ प्रिया सिंह मौजूद रहे।

### बैडमिंटन में वरुण व उमंग की जोड़ी ने जीता खिताब



**गोंडा, अमृत विचार** : अग्रसेन जयंती समारोह मे रविवार की देर शाम जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे पुरुष ग्रुप में राम अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, वरुण मोदी, अमित कुमार गर्ग, उमेश शाह, अनिल कुमार मित्तल, डॉ आलोक अग्रवाल ,पुनीत सिंघल,ऋषभ सिंघल, सार्थक मोदी, अनंत तुलस्यान, अनमोल, जोशी ,आदित्य जोशी, आदित्य सिंघल, निखिल शर्मा ,हिमांशु तायल, निखिल अग्रवाल ,आदित्य सिंघल, निखिल शर्मा ,शुभ अग्रवाल, यथार्थ अग्रवाल ,कृष अग्रवाल, पार्थ अग्रवाल ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वरुण मोदी और उमंग अग्रवाल की जोड़ी ने रोमांचक मुकाबले में हराकर फाइनल का खिताब जीता । वहीं जूनियर वर्ग में निखिल अग्रवाल और हिमांशु तायल की जोड़ी ने फाइनल पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में निखिल वाधवानी, नितिन वाधवानी, वरदान रायतानी रेफरी रहे । सोमवार को एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 15 वर्ष से कम बालिकाओं में स्वाति सिंघल, प्रिया भावसिंहका ,खुशी अग्रवाल, क्षिरजा केडिया ने हिस्सा लिया। महिला एकल नृत्य में सुरुचि अग्रवाल, निकिता जैन, पूजा अग्रवाल, सारिका सोमानी ,वर्तिका सोमानी, दीक्षा सिंघल, पूजा मित्तल ने हिस्सा लिया। किचन क्वीन मास्टर सेफ प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ , जिसमें मानसी अग्रवाल ,यशी पचेरिया, विभा अग्रवाल, नेहा पचेरिया, स्नेहा बंसल, कोमल पचेरिया, मानसी अग्रवाल और वर्षा अग्रवाल ने हिस्सा लिया। गुढलिया रेस प्रतियोगिता में एक वर्ष तक के बच्चों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रिया अग्रवाल, आव्या अग्रवाल ,गौरव सिंघल, रितिक मित्तल, धान्या गर्ग, यश्वी सिंघल ,ध्रुवी अग्रवाल और वृंदा अग्रवाल रहे।

## पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य ने लिया जायजा



सीएचसी में डॉक्टर से जानकारी लेते सदस्य। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार** : पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य अरविंद सिंह पटेल ने सोमवार को एल्गिन चरसड़ी बांध के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, विकासखंड कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय और ग्राम दिनारी गौशाला का निरीक्षण किया। जहां सारी व्यवस्थाएं अप टू डेट पाई गई।

बोर्ड के सदस्य अरविंद सिंह पटेल सोमवार को करीब 12 बजे करनैलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने मरीजों से अस्पताल के संबंध में जानकारी ली और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को देखा। खामियां मिलने पर सम्बंधित को फटकार लगाई और सुधार करने की नसीहत दी। उसके बाद मंत्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचे जहां जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी पहले से मौजूद रहकर आवभगत करने के लिए बैठे थे। विद्यालय की छात्राओं ने उनका फूलों से स्वागत किया।

## उपनिरीक्षकों को दिए साइबर क्राइम से बचने के टिप्स

**गोंडा, अमृत विचारः** 45 दिन का प्रोन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस प्रशिक्षणार्थियों को सोमवार को साइबर क्राइम का पाठ पढ़ाया गया। प्रशिक्षण में उन्हे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए और बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गयी।

30 वीं वाहिनी पीएसी के परिसर में नागरिक पुलिस के उपनिरीक्षकों का 45 दिवसीय प्रोन्नत प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण में सोमवार को उन्हें साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए गए। प्रशिक्षणार्थियों को साइबर क्राइम से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराते हुए बताया गया कि वह किसी भी व्यक्ति के साथ अपनी ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) साझा न करें। अनजान वीडियो कॉल रिसीव न करने, लॉटरी / इनाम के कॉल, मैसेज के फ्रॉड होने की संभावना होने, अनजान व्यक्ति को यूपीआई पिन न बताने की जानकारी दी गई।

## सेवा पखवाड़ा के तहत संवाद व भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित

**गोंडा, अमृत विचारः** भारत युवाओं का देश है। आज भारत आत्मनिर्भर भारत बनने के क्रम में नित्य नई ऊंचाइयां प्राप्त कर रहा है। उक्त बातें सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत विषय पर संवाद एवं संभाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज प्रबंध तंत्र की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार ने किया। मंच संचालन डॉ मनोज मिश्रा ने किया। सेवा स्वच्छता और आत्मनिर्भर भारत पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत सांस्कृतिक निदेशक डॉ रेखा शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 25 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक की भूमिका में प्रो शिव शरण शुक्ला एवं प्रो श्रवण कुमार श्रीवास्तव रहे। प्रथम स्थान अनुपा यादव ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर सौम्या रही, तृतीय स्थान पर निधि श्रीवास्तव एवं शिवानी जायसवाल रहीं।

## मंडी में दुकान आवंटन के लिए बिके फार्म

▸▸ **मंडी परिसर में बनायी गयीं दुकानें व गोदाम के लिए 3 अक्टूबर को लगेगी बोली**

**गोंडा, अमृत विचारः** गल्ला व फल एवं सब्जी मंडी मे बनी दुकानों के आवंटन के लिए अंतिम दिन 50 फॉर्म बिके हैं, जिनमें से करीब तीन दर्जन से अधिक फॉर्म जमा भी किए गए हैं। आगामी तीन अक्टूबर को दुकानों के लिए बोली लगाई जाएगी। मंडी परिसर में बनी दुकान व गोदाम के आवंटन को लेकर मंडी प्रशासन ने निबिदा निकाली।

बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी तथा उतरौला रोड स्थित फल एवं सब्जी मंडी में सैकड़ों की संख्या में लाइसेंसी व्यापारी हैं। जो व्यापार करते हैं व मंडी परिषद को राजस्व देते हैं। मंडी प्रशासन की ओर से व्यापारियों को व्यापार करने के लिए दुकानों का आवंटन किया गया है। जिसमें काफी व्यापारी दुकान आवंटित कराकर अपना व्यापार कर रहे हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी व्यापारी हैं जो मंडी परिषद से लाइसेंस से लेकर व्यापार तो करते हैं लेकिन उनको दुकान नहीं मिली हुई है। मंडी के व्यापारियों के मांग पर मंडी परिसर में ही करीब दो दर्जन से अधिक नई दुकानों का निर्माण कराया गया है जो अब आवंटन के लिए तैयार हैं। दुकानों के साथ-साथ गल्ला मंडी में गोदाम भी बनाया गया है। मंडी प्रशासन ने निविदा का प्रकाशन भी कर दिया है। दुकानों के लिए मंडी के लाइसेंसी व्यापारियों को बोली प्रक्रिया में प्रतिभाग करना होगा। जो व्यापारी अधिकतम बोली लगाएगा उसको दुकान आवंटित की जाएगी। कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव मुकेश जायसवाल ने बताया कि करीब दो दर्जन से अधिक दुकानें व एक गोदाम मंडी परिसर में बनकर तैयार हैं।

**धर्म-कर्म** | रावण-बाणासुर का संवाद देखकर रोमांचित हो गए दर्शक

# रामलीला में धनुष यज्ञ का मंचन देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु



रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार** : नगर की प्रसिद्ध रामलीला में बीती रात रावण-वाणासुर संवाद और प्रभु श्रीराम चंद्र द्वारा धनुष तोड़कर सभी राजाओं का मद चूर करने और माता जानकी द्वारा वरमाला पहनाए जाने का मार्मिक प्रसंग का मंचन किया गया। जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

मंचन में दिखाया गया कि योगी विदेहराज जनक द्वारा पिनाक वंदना करने के पश्चात कुल पुरोहित सतानंद जी को मुनि विश्वामित्र को श्री राम लक्ष्मण के साथ रंगभूमि में पधारने को आमंत्रित करने बुलावा भेजा। रंगभूमि में पधारने पर उनका भव्य स्वागत कर एक विशाल मंच पर आसीन कराया गया। उधम चंद्र एवं उल्टा राजा ने हास्य वाद द्वारा दर्शकों का मनोरंजन किया। जनक ने सखियों के साथ जानकी को धनुष वंदना के लिए बुलवाया रावण तथा बाणासुर अपने-अपने सयनागार से मिथिला हेतु प्रस्थान करते हैं जहां दोनों का जोरदार तरीके से संवाद हुआ। राजाओं द्वारा धनुष न उठा पाने पर विदेहराज जनक का करुण विलाप बहुत ही हृदय विदारक रहा। अंत में ऋषि विश्वामित्र के आदेश "उठहु राम भंजहु भव चापा, मेटहु तात जनक परितापा" पर श्री राम धनुष मंच पर पहुंचकर धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ा देते हैं। धनुष भंग हो जाता है। मंचन में जनक का अभिनय सचिन्द्र नाथ मिश्रा, रावण राजेश गुप्ता, बाणासुर आलोक वैश्य, द्वारपाल कन्हैयालाल वर्मा, मंत्री आशीष शाह, सुमंत विशाल कौशल, उल्टा राजा वेद प्रकाश मुन्ना, उधमचंद राजा अनुज जायसवाल ने अभिनय किया। कमेटी के अध्यक्ष मोहित पाण्डेय, महामंत्री कामतानाथ वर्मा आदि मौजूद रहे।

## दो संप्रदायों की होड़ में बढ़ गई डीजे की आवाज

**बेलसर** : नगर पंचायत बेलसर के रगड़गंज कस्बे का है। यहां पर किसी भी त्योहार पर डीजे सहित अन्य साज सज्जा पर जमकर रुपये खर्च किए जाते हैं। डीजे की आवाज एक संप्रदाय के लोग दूसरे संप्रदाय के त्योहार से तेज बजाने की होड़ में आवाज बढ़ा देते हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सपा नेता मनोज चौबे ने बताया कि डीजे की आवाज अब लोगों को हार्ट का मरीज बना रही है। व्यापारी नेता हरी सिंह ने बताया कि इसके लिए प्रशासन को आगे आना चाहिए। एसडीएम तरबगंज विशाल कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से बात करके डीजे की आवाज मानक के अनुरूप कराई जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज में न्यूरोसिस्टिसकोर्सिस का हुआ सफल इलाज

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज में दुर्लभ न्यूरोसिस्टिसर्कोसिस के 120 से अधिक सिस्ट वाले मरीज का सफल उपचार कर उसे जीवन दान मिला है। मेडिकल कालेज के प्रोफेसर और अन्य डॉक्टरों की टीम ने इलाज कर किशोर को कोमा में पूरी तरह जाने से रोक लिया है। अब वह अन्य बच्चों की भांति रह सकेगा।

जिले के रामगांव थाना क्षेत्र किशुनपुर मीठा गांव निवासी अर्जुन (12) अत्यंत दुर्लभ और जटिल न्यूरोसिस्टिसर्कोसिस बीमारी की चपेट में आ गया। उसकी स्थिति कोमा के प्रथम चरण में पहुंच रही थी। महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ संजय खत्री ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में किशोर इलाज के लिए आया। प्राचार्य के नेतृत्व में बाल चिकित्सा विभाग ने रोग का सफलतापूर्वक उपचार कर चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। बाल चिकित्सा विभाग के प्रमुख, डॉ. परवेज के निर्देशन में, डॉ अरविंद शुक्ला ,वरिष्ठ परामर्शदाता बाल रोग विभाग की अनुभवी टीम ने यह चुनौतीपूर्ण केस संभाला। जिसमें मरीज़ के मस्तिष्क में 120 से अधिक सिस्ट पाए गए थे। मामला एक किशोर का था, जिसे गंभीर कोमा की स्थिति में अस्पताल में लाया गया था। महाराज सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने तुरंत प्रोटोकॉल के अनुसार इलाज शुरू किया। डॉ. अरविंद शुक्ला, वरिष्ठ परामर्शदाता बाल रोग विभाग, ने कहा, "जब बच्चा हमारे पास लाया गया था, तब वह कोमा में था। हमने पूरी टीम के साथ मिलकर प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार किया और सभी ने अपनी ओर से भरपूर प्रयास किए। इलाज के परिणामस्वरूप बच्चे की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ, और वह पूरी तरह से स्वस्थ होकर अस्पताल से छुट्टी पा सका। इस सफलता के लिए सहायक प्रोफेसर डॉ. मंजरी तिवारी और जूनियर डॉक्टर डॉ. जे पी मौर्य, डॉ. सूर्या, और डॉ. सौरभ सहित पूरी बाल चिकित्सा टीम ने समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ महत्वपूर्ण योगदान दिया।


इलाज के बाद स्वस्थ हुआ किशोर।


जांच में निकले सिस्ट।

### परजीवी है संक्रमण

मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के डॉक्टर अरविंद शुक्ला ने बताया कि न्यूरोसिस्टिसर्कोसिस एक गंभीर परजीवी संक्रमण है, जो टेपवर्म के अंडों से होता है और मस्तिष्क में सिस्ट के रूप में विकसित हो सकता है। इस जटिल स्थिति का सफल उपचार महाराज सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखरेख और विशेषज्ञता का प्रमाण है।

### लखनऊ में भी नहीं हुआ सुधार

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय खत्री ने बताया कि किशोर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिसके चलते उसने हैसियत के हिसाब से बहराइच और लखनऊ के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करवाया, लेकिन सफलता न मिलने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया। टीम ने निशुल्क इलाज कर बालक को ठीक कर दिया है। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि भविष्य में इस तरह के गंभीर मामलों से निपटने में और अधिक आत्मविश्वास लाएगी।

# भाविप पदाधिकारी को मिली जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद के एक वरिष्ठ पदाधिकारी को मोबाइल व सोशल साइट के जरिए धमकी दी गई। पीड़ित ने इस मामले में नगर कोतवाली में एक को नामजद कर धमकी की धाराओं के तहत केस दर्ज कराया गया है।

नगर कोतवाली के गुदड़ी में भवेश भाष्कर मंदिर के नजदीक निवासी बैजनाथ रस्तोगी भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी होने के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनो से जुड़े हैं। कोविड काल में सरस्वती विद्या मंदिर की ओर से एक आक्सीजन सिलेंडर दान किया गया था। जो जरूरतमंद के यहां भेजा जाता था। दान दिया गया आक्सीजन सिलेंडर विद्यालय के एक पदाधिकारी ने अपने परिचित के यहां भिजवा दिया। यह भी कहा गया कि यह सिलेंडर वहां से मंगवाना नहीं है। इसके बाद बैजनाथ रस्तोगी से सिलेंडर की कीमत डेढ़ लाख मांगी गई। धमकी दी गई कि धन नहीं दिया तो किसी तरह धन वसूल लेंगे। बाइक छीन लेंगे और जान से मार देंगे। पीड़ित के मुताबिक फोन के अलावा सोशल साइट पर ऐसे मैसेज पोस्ट किए गए। दहशतजदा पीड़ित ने इस मामले में थाने में नामजद तहरीर दी। नगर कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

## एक नजर

### नौ दिन बाद दर्ज हुआ चोरी का केस

**बहराइच।** हरदी थाने के कपूरपुर के मजरे उपाध्याय पुरवा में राम गोपाल उपाध्याय पुत्र मुन्ना लाल उर्फ राम नरायन के घर में 22 सितम्बर की रात चोर घर में घुसे। दस लाख छह हजार नगदी व लगभग छह लाख से अधिक के सोने चांदी के जेवर चोरी गए थे। पीड़ित ने इसकी तहरीर थाने में दी थी। पुलिस ने नौ दिनों बाद चोरी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

### गैस रिसाव से निकला आग का भभका, मां-बेटी झुलसीं

**बहराइच।** रामगांव थाने के नौतला गांव में सोमवार सुबह लगभग नौ बजे घर के अंदर रसोईघर में 25 वर्षीय प्रीति पत्नी आशीष कुमार जायसवाल गैस चूल्हे पर भोजन बनाने जा रही थी। पास में चार वर्षीय बेटी स्नेही बैठी थी। गैस पाइप लीक होने से अचानक आग का भभका निकला। जिसके चलते मां बेटी गंभीर रूप से झुलस गए।

### 90 शीशी नेपाली शराब के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

**नवाबगंज, बहराइच।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक शीला यादव के कुशल नेतृत्व में गठित टीम ने तीन लोगों को नेपाली शराब के साथ पकड़ा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उप निरीक्षक रणजीत यादव, हेड कांस्टेबल महेंद्र यादव, राजेश कुमार, अमित मद्धेशिया की टीम ने सोमवार को संजय कुमार पुत्र रामसुमिरन निवासी ग्राम गुलरिहा गांगपुर, त्रिभुवन पुत्र सुरजन निवासी ग्राम अड़बड़ा मजगवां, जोगी पुत्र लल्लू प्रसाद निवासी ग्राम मजगवां थाना नवाबगंज के कब्जे से 90 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया। सभी के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### तालाब के पास बेहोश मिला वन विभाग का अर्दली

**बौंडी, बहराइच।** रानीपुर थाना क्षेत्र के गुदड़ापुर के मजरे मुतहा गांव निवासी 55 वर्षीय सुखदेव पुत्र संतराम कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के शहर स्थित दफ्तर में अर्दली के पद पर तैनात है। रविवार को वह कुछ अन्य साथियों के साथ बेड़नापुर में टहल रहे थे। दोपहर में लगभग एक बजे लोगों के शोर पर लोग बेड़नापुर तालाब के पास गए, तो देखा कि सुखदेव तालाब किनारे बेहोशी की हालत में पड़े हैं। उनके कपड़े भीगे हुए थे। लोगों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बेहोशी की हालत में अर्दली को एंबुलेंस से लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की बैठक आयोजित

**फखरपुर, बहराइच।** नवरात्रि एवं दशहरा को लेकर ब्लॉक सभागार फखरपुर में बैठक आयोजित हुई। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति फखरपुर के तत्वाधान में 72 समितियां के अध्यक्ष एवं महामंत्री सम्मिलित हुए। बैठक में वजीरगंज बाजार में स्थित गावट स्थान के सुंदरीकरण तथा ग्राम कंडोसा में गांवट स्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाने की योजना पर विचार किया गया। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति फखरपुर के अध्यक्ष पेशकार यादव ने बताया कि क्षेत्र में 102 स्थान पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी जिनका विसर्जन 12 अक्टूबर तथा 13 अक्टूबर को होगा। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद वर्मा, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री हनुमान प्रसाद यादव, जिला पंचायत सदस्य ओंकार नाथ चौरसिया, पूर्व प्रधान अमरीश चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

### खौलती चाय गिरने से बच्ची झुलसी

**बहराइच।** श्रावस्ती जिले के भिनगा कोतवाली के मछरहिवा में सोमवार सुबह खौलती चाय का बर्तन उल्ट जाने से डेढ़ वर्षीय नेहा पुत्री सैफल झुलस गई। उसे भिनगा जिला अस्पताल में भर्ती कराए जाने पर चिकित्सकों ने बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

# गांगू देवर में लाखों की लागत से बनेगा आधुनिक स्टेडियम

## डीएम बोलीं - ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को मिलेगा हुनर तराशने का मौका

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के गांगूदेवर गांव में युवा कल्याण विभाग की ओर से मिनी स्टेडियम का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने जमीन की भूमि चिन्हित कर युवा कल्याण विभाग को दे दी गई है। इसको लेकर क्षेत्र के लोगों में हर्ष है।

प्रदेश सरकार की ओर से खेलों में ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के लिए गांव गांव में खेल मैदान बनवाने का कार्य किया जा रहा है। उसी के तहत पयागपुर तहसील के विकास खंड विशेश्वरगंज अंतर्गत गांगू देवर गांव में आधुनिक मिनी स्टेडियम का निर्माण होना है। युवा कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर तहसील प्रशासन ने जमीन की खोज की। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील प्रशासन पयागपुर अन्तर्गत परगना इकौना के ग्राम गांगूदेवर में आधुनिक/मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए गाटा संख्या 121 क्षेत्रफल 1.3310 हेक्टयर व गाटा संख्या 118/1 क्षेत्रफल 0.3410 कुल 1.6720 हेक्टयर भूमि का आवंटन युवा कल्याण विभाग को किया है। डीएम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक/मिनी स्टेडियम के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अपना हुनर तराशने का अवसर मिलेगा। साथ ही क्षेत्र के युवाओं को विभिन्न खेलों के लिए दूसरे क्षेत्र का रुख नहीं करना पड़ेगा।


मोनिका रानी, जिलाधिकारी।

### निर्माण पर पांच लाख से अधिक का होगा खर्च

युवा कल्याण अधिकारी प्राची ने बताया कि गांगू देवर गांव में मिनी स्टेडियम का निर्माण होगा। जिस पर पांच लाख से अधिक का खर्च आएगा। मिनी स्टेडियम में ओपन जिम, दौड़, क्रिकेट, लंबी कूद ऊंची कूद समेत अन्य के मैदान भी बनेंगे।

# पिंजड़े में कैद हुआ हमला करने वाला तेंदुआ

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार।** ककरहा रेंज में किसान पर हमला करने वाले तेंदुए को वन विभाग ने पिंजड़ा में कैद कर लिया है। उसे स्वास्थ्य परीक्षण के लिए रेंज कार्यालय लाया गया है।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत धर्मपुर बेझा के मजरा मैकूपुरवा निवासी कंधई (40) पुत्र जगजीवन पर रविवार को तेंदुआ ने हमला कर मार डाला था। इसको लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजगी थी। गांव के लोग तेंदुआ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाए जाने की मांग कर रहे थे। गांव के लोगों की नाराजगी को देखते हुए वन विभाग ने रात में पिंजड़ा लगा दिया। इसके बाद उसमें बकरी को शिकार के लिए बांध दिया। बकरी के शिकार करने के चक्कर में सुबह तीन बजे तेंदुआ पिंजड़े में कैद हो गया। उसे वन विभाग की टीम रेंज कार्यालय लेकर आई है। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि तेंदुआ का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जायेगा। इसके बाद अधिकारियों के आदेश पर जंगल या चिड़िया घर भेजने की कार्यवाई की जायेगी। इस दौरान सीओ हीरालाल कनौजिया, कोतवाल अमितेंद्र कुमार, रेंजर डीपी कनौजिया, वन दरोगा अशोक श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे।


पिंजड़े में कैद तेंदुआ।

### ट्रांस गेरूआ के जंगल में छोड़ दिया गया तेंदुआ

पिंजड़े में कैद हुआ तेंदुआ नर है। उसकी उम्र सात से आठ वर्ष के मध्य है। स्वास्थ्य जांच में ठीक होने और अधिकारियों के निर्देश पर उसे ट्रांस गेरूआ के घने जंगलों में छोड़ दिया गया है।

–बी. शिव शंकर, डीएफओ

## सार-संक्षेप

### चित्रांश परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक बने अशोक

**बहराइच, अमृत विचार।** अखिल भारतीय चित्रांश परिषद का राष्ट्रीय संरक्षक किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था की प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य अशोक कुमार श्रीवास्तव को मनोनीत किया गया है। इस परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉ .आनंद कुमार श्रीवास्तव तथा जिला अध्यक्ष बैजनाथ श्रीवास्तव बनाए गए हैं। अखिल भारतीय चित्रांश परिषद का राष्ट्रीय संरक्षक बनाए जाने पर डॉ .सत्यभूषण सिंह सहित अनेक लोगों ने अशोक कुमार श्रीवास्तव के आवास पर जाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ और सक्रिय जीवन की कामना की। इस अवसर पर डॉ. आनंद श्रीवास्तव,विनीत श्रीवास्तव व धर्मवीर सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।


राष्ट्रीय संरक्षक को गुलदस्ता देते शिक्षक।

### नगर पंचायत के सफाईकर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण


जरवल नगर पंचायत में लगे स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सक। अमृत विचार

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार।** जरवल नगर पंचायत में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सोमवार को स्वास्थ्य शिविर लगा। जिसमें डॉक्टरों की टीम ने सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की। नगर पंचायत जरवल कार्यालय परिसर में शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगा। स्वास्थ्य टीम के चिकित्साधिकारी डॉक्टर अशोक सिंह, डॉ अभिषेक कृष्णा, नीलम कुमारी एएनएम, अब्दुल रहमान लैब टेक्नीशियन ने शिविर लगाया। जिसमें सफाई कर्मचारियों को की जांच की गई जिसमें मलेरिया शुगर व हीमोग्लोबिन की जांच हुई। सभी कर्मचारी स्वस्थ पाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता खुशबू यादव अधिशाषी अधिकारी व तस्लीम बानो अध्यक्ष नगर पंचायत जरवल द्वारा की गई। इस दौरान निकाय कर्मचारी बृजेश कुमार, संजीव कुमार, रंजीत कुमार, शरीफ अहमद, विनोद कुमार, संजय कुमार, विजय कुमार, पवन कुमार, मोहम्मद यूसुफ आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### होमगार्ड संघ ने वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर दिया धरना

**बहराइच, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड अवैतनिक अधिकारी और कर्मचारी एसोसिएशन ने सोमवार को मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि को सौंपा। उत्तर प्रदेश होमगार्ड अवैतनिक अधिकारी और कर्मचारी एसोसिएशन के जिला महामंत्री शोभाराम चौरसिया की अगुवाई में सोमवार को सभी जवानों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। महामंत्री ने कहा कि बांबे एक्ट के तहत होमगार्डों का गठन हुआ, लेकिन इसका लाभ उत्तर प्रदेश छोड़कर सभी प्रदेश के जवानों को मिल रहा है। जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार जो घोषणा करती है, उसका लाभ वैतनिक कर्मियों को मिल रहा है। अवैतनिक होमगार्ड जवानों को कुछ नहीं मिल रहा है। कहा कि आठ से 12 घंटे ड्यूटी करने के बाद भी मजदूरों की तरह वेतन दिया जा रहा है। सभी ने वैतनिक कर्मियों की तरह वेतन देने, वैतनिक कर्मियों का दर्जा देने , सेवाकाल के दौरान एक साल में 30 दिन का अवकाश वेतन भत्ता देने, महिला जवानों को मातृत्व अवकाश देने, सेवानिवृत्त पर एक उचित धनराशि देने समेत नौ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सदर को दिया। इस दौरान काफी संख्या में होमगार्ड जवान मौजूद रहे।


डीएम के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते होमगार्ड।

### 63 वें रामलीला महोत्सव के भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार।** आगामी 2 अक्टूबर से शुरू होने वाले रामलीला महोत्सव का भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ। श्री नवयुवक रामलीला समिति भूपगंज बाजार के तत्वावधान में आयोजित 63 वें रामलीला महोत्सव के आयोजन के क्रम में सोमवार को भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पुरोहित रामजी शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से भूमि पूजन का कार्य समिति के संरक्षक सरदार गुलाब सिंह,अध्यक्ष मनोज सोनी महामंत्री रोहित शुक्ला,उपाध्यक्ष विनय मिश्रा,संयोजक राहुल सोनी सहित वरिष्ठ पात्र उमेश तिवारी,गोविंद विहारी शुक्ला,आदि की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। रामलीला समिति के अध्यक्ष मनोज सोनी ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले महोत्सव का भव्य शुभारंभ आगामी 2अक्टूबर को प्रसिद्ध सन्त श्री श्री 108 मौनी बाबा जी महाराज द्वारा किया जायेगा। समिति के महामंत्री रोहित शुक्ला ने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिवस नारद मोह की मनोहारी लीला का मंचन होगा। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर को विजयदशमी के दिन 51 फिट के विशालकाय रावण के पुतले का दहन होगा। समिति के निर्देशक उमेश तिवारी ने बताया कि 13 अक्टूबर को भरत मिलाप व राजगद्दी का कार्यक्रम होगा ।जिसमें विशाल शोभायात्रा पूरे नगर का भृमण करते हुये कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी जहां राजगद्दी का कार्यक्रम सम्पन्न होगा ।महोत्सव को भव्ययता प्रदान करने के लिये समिति के राजकुमार वैश्य,शीतल द्विवेदी,सन्तोष शुक्ला,प्रभात तिवारी,वृजेश तिवारी आदि कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारियां सौप दी गई है।

### किसानों ने प्राइवेट नर्सिंग होम के खिलाफ शुरू किया धरना

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर के सिविल लाइन में संचालित एक प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर और अस्पताल पर कार्यवाई को लेकर किसानों ने धरना शुरू कर दिया है ।कोतवाली नगर के मोहल्ला जोशियापुरा निवासी रेनू साहू पत्नी राजकुमार भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के कार्यकर्ता हैं। जिलाध्यक्ष साधु शरण वर्मा ने बताया कि सिविल लाइन में स्थित एक सर्जन के अस्पताल में इलाज के लिए 30 हजार रूपये जमा कराया गया। आपरेशन भी सफल न होने से हालत खराब है। ऐसे में मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए। धरने के दौरान काफी संख्या में महिला और पुरुष किसान मौजूद रहे।

### महिला को अगवा करने का लगाया आरोप

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार।** ।मोतीपुर थाना क्षेत्र के महबूबनगर गांव निवासी मनोज वर्मा पुत्र महावीर प्रसाद ने थाने में तहरीर दी है। उसका कहना है कि उसकी पत्नी सुषमा 25 सितंबर को नगर पंचायत के टीचर कालोनी निवासी राकेश पोरवाल कहां गई थी उसके बाद से लॉटरी नहीं है काफी प्रयास के बाद रविवार को महिला के यहां पत्नी के मौजूद होने की जानकारी मिली। पत्नी घर में ही बंधक थी। छुड़ाने के लिए पुलिस की मदद मांगी गई, लेकिन पुलिस ने कोई सहयोग नहीं किया। ग्रामीण ने थाने में तहरीर देकर केस दर्ज किए जाने की मांग की है।

# कार और बोलेरो की भिड़ंत में महिला समेत छह घायल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** लखनऊ की ओर से रविवार रात आ रही बोलेरो में विकास भवन की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार टक्कर मार अनियंत्रित हो बिजली पोल के सपोर्टिंग तार से जा रूकी। दोनों वाहनों पर सवार महिला सहित छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घायल महिला ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित है।

श्रावस्ती जिले के इकौना थाने के मंझौवा सुमाल निवासी 35 वर्षीय मोनू शुक्ला अपनी 32 वर्षीय पत्नी कंचन देवी का ब्रेन ट्यूमर का लखनऊ में इलाज करा बोलेरो से रविवार रात लगभग 12 बजे गांव जा रहे थे। वाहन में 22 वर्षीय चंद्रमणि पुत्र सुरेश मिश्रा, बम्बे पारा निवासी 24 वर्षीय नरोत्तम नरायन पुत्र प्रमोद कुमार, विशेश्वरगंज थाने के बिलरवा निवासी 22 वर्षीय अमित मिश्रा पुत्र कोयले सवार थे। जैसे ही यह देहात कोतवाली के सिविल लाइन पानी टंकी के पास पहुंचे। विकास भवन की और से आ रही तेज रफ्तार कार बोलेरो में टक्कर मार अनियंत्रित होकर बिजली पोल के सपोर्टिंग तार से टकरा कर रूकी। बोलेरो सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि कार सवार सूफीपुरा निवासी 30 वर्षीय रणविजय पुत्र राज कुमार भी घायल हो गए। रायपुर राजा पुलिस चौकी प्रभारी अमित प्रकाश व पुलिस बल ने घायलों को एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा। क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं दुर्गापूजा व दशहरा

नवाबगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के मद्देनजर थाना नवाबगंज में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नायब तहसीलदार शैलेश अवस्थी ने सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के निर्देशों का उल्लेख करते हुए क्षेत्र में शांति पूर्वक पर्व मनाने की अपील की।

नवाबगंज थाने में आयोजित बैठक में ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, कोटेदार दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के आयोजक व दुर्गा पूजा स्थापित करने वाले क्षेत्र के संभ्रांत व प्रतिषठित लोगों को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार ने कहा कि थाना नवाबगंज क्षेत्र शांति अमन का एक मिसाल रहा है। आगामी होने वाले पर्व पर पुलिस अधिकारी व आरक्षी क्षेत्र में हर समय हर जगह नहीं पहुंच सकते। उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई गड़बड़ी की सूचना पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। बताया कि थाना क्षेत्र में 62 दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। इसलिए सभी आयोजक गण को शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन के साथ मित्र के रूप में सहयोग करें। प्रभारी निरीक्षक शीला यादव ने कहां की मां दुर्गा की पूजा एक पवित्र पर्व है इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को शांति और सद्भाव के साथ पूजा प्रतिष्ठा करने के बाद विसर्जन के अवसर पर मां दुर्गा की मन में आस्था लेकर श्रद्धालु विसर्जन स्थल तक जाएं और शांतिपूर्वक विसर्जन कार्यक्रम को संपन्न कराए। समाज सेवी पिन्टू गुप्ता ने कहा कि थाना क्षेत्र के प्रत्येक विसर्जन स्थल पर 10-10 गोता खोर तथा 2 इम्बैलेंस व लाईट की व्यवस्था के साथ ही बैरीकेटिंग किया जाना आवश्यक होगा। जिससे इस बरसात के मौसम में नदी व नहरो में अत्यधिक पानी होने की वजह से जलाशय में हादसा से बचाव हो सके।


नवाबगंज थाने में बैठक को संबोधित करते नायब तहसीलदार। अमृत विचार

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

नवाबगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत श्री एमपी सरपंच उच्च माध्यमिक विद्यालय बडेहरा मे मिशन शक्ति के तहत प्रभारी निरीक्षक शीला यादव ने टीम सहित पहुंचकर बालिकाओं को किया जागरूक। बालिकाओं मे मिशन शक्ति के तहत पंपलेट बांटा।

नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत श्री मालती प्रसाद सरपंच उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेहरा में आज सोमवार को प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज शीला यादव ने टीम सहित पहुंचकर विद्यालय के छात्र छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया एवं नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। बालिकाओं को गुड टच- बैड टच के बारे में भी बताया गया तथा बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय ही बच्चों के भविष्य की नीव होती है, ऐसे में बहुत ही संभलकर अपने भविष्य को निखारना होता है। उन्होंने बताया कि आज सोशल मीडिया का जमाना है ऐसे में किसी भी अपरिचित व्यक्ति से सोशल मीडिया पर फ्रेंडशिप ना करें, यदि आपको कोई गलत मैसेज या गलत हरकतें कर परेशान करता हो तो बिल्कुल भी नजर अंदाज न करें। इसकी शिकायत आप लोग अपने विद्यालय के प्राचार्य को अवश्य दें। ऐसी विषम परिस्थितियों में 1090,112,1076, के साथ थाना नवाबगंज के सीयूजी नंबर पर कॉल कर हमें सूचित करें। आपका नाम गुप्त रख निसंकोच ही आपकी पूर्ण सहायता की जाएगी। इस अवसर पर म0हेड कॉ0 इशरत जहां स्वतंत्र विक्रम सिंह, राधेश्याम यादव, महिला कांस्टेबल रोबल सिंह, नेहा भार्गव, भोला यादव, प्रधान प्रतिनिधि कैलाश नाथ वर्मा,प्राचार्य रैनशी चौधरी सहित विद्यालय के सभी प्राध्यापकगण व काफी संख्या में बालक बालिकाएं उपस्थित रहे।


विद्यालय में मौजूद थानाध्यक्ष।

**लापरवाही** — आदर्श नगर पंचायत पयागपुर में बदहाल प्रकाश व्यवस्था में नहीं हो रहा सुधार

# हाईमास्ट लाइटें खराब, शाम ढलते ही छा जाता है अंधेरा

दिलीप पाण्डेय, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के पयागपुर आदर्श नगर पंचायत की बदहाल प्रकाश व्यवस्था सुधरने का नाम नही ले रही है ।शाम ढलते ही नगर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों सहित विभिन्न वार्डों में अंधेरे का साम्राज्य कायम हो जाता है। लाखों रुपये खर्च कर नगर को दूधिया रोशनी से जगमग करने के लिये नगर प्रसाशन द्वारा चौक चौराहों के साथ वार्डों में लगाई गई हाईमास्ट व स्ट्रीट लाइटें वर्षों से खराब पड़ी है,जिनका कोई पुरसाहाल नही है,नतीजन लोगों के आवागमन से देर रात तक गुलजार रहने वाली बाजारों में शाम ढलते ही वीरानी छा जाती है।

आदर्श नगर पंचायत के तमगे से सुसज्जित पयागपुर नगर पंचायत की दुर्दशा का आलम कुछ ऐसा होगा,ये नगरवासियों ने स्वप्न में भी नही सोंचा था ।हालात यह है कि गढ्ढा युक्त सड़को पर निकले बड़े बड़े रोड़ें,उन पर बह रहा नालियों का गंदा पानी उस पर व्याप्त घनघोर अंधेरा ऐसे में नगरवासी आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न कैसे मना रहें होंगे इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। लगभग डेढ़ वर्षों से ठप पड़े नगर के विकास कार्य को गति प्रदान करने के लिए मौजूदा हालात में नगर कर्मी भाग दौड़ करते नजर आ रहे है,लेकिन यह भाग दौड़ सिर्फ छिटपुट साफ सफाई के इतर कुछ नही ।आलम यह है कि नगर क्षेत्र के भूपगंज बाजार स्थित पीपल चौराहा,मालगोदाम चौराहा,मसूदपुर चौराहे सहित नगर पंचायत कार्यालय जाने वाले मार्गों पर लगी जहां हाईमास्ट लाइटें पूरी तरह से खराब हैं वही बाजारों के साथ ही विभिन्न वार्डों में विधुत पोलो पर लगी स्ट्रीट लाइटें भी अब नगर क्षेत्र को रोशन करने की कोशिशों मे दम तोड़ चुकी है ।नतीजन नगर क्षेत्र में अंधेरे का बोलबाला है।


नपं पयागपुर में शाम होते ही छाया अंधेरा।

### जल्द ही दूर होगी समस्या


प्रशासक दिनेश कुमार।

इस सम्बंध में प्रशासक/नामित अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि खराब लाइटों का चिन्हांकन कर उसे सही करवाया जा रहा है ।हाईमास्ट लाइटों में क्या समस्या है,जल्द ही उसका निदान कर नगर को दूधिया रोशनी के प्रकाश से जगमग किया जायेगा।

# रंजिश में महिला और उसके पुत्र-पुत्री को पीटा

संवाददाता, मोतीपुर, बहराइच

**दबंगई**

- गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**अमृत विचार।** जिले के सर्रा मुंदरी गांव निवासी आशा बहू और उसके बेटे बेटी को दबंगों ने रंजिश में पिटाई कर दी। गंभीर हालत में तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सर्रा मुंदरी के मुजरा लाला पुरवा निवासी सुमन त्रिवेदी पत्नी रोहित कुमार आशा बहू है। जिला अस्पताल में भर्ती महिला ने बताया कि पड़ोसी से उसकी रंजिश चल रही है। जिसके चलते सोमवार सुबह सभी आशा बहू की पिटाई कर दी। बचाने दौड़े पुत्र सूरज (22) और सीतापुर के रेउसा से आई बहन प्रीति (24) को भी पीटा। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल आशा बहू और उसके पति ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यस्ख आरके पांडेय ने बताया कि जांच के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।
ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्माऽपि नरं न रञ्जयति।।

अज्ञानी व्यक्ति सरलता से प्रसन्न हो जाता है, विद्वान व्यक्ति और भी सरलता से प्रसन्न हो जाता है, किंतु अल्प ज्ञान से उन्मत बने हुए व्यक्ति को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते।


## संपादकीय

# रक्षा निर्यात में बढ़त की ओर

भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता बनने के लक्ष्य के चलते भारत के रक्षा निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और यह वैश्विक स्तर पर बढ़त की ओर है। भारत अब शीर्ष 25 आयुध निर्यातक देशों में शामिल है, जो लगभग 85 देशों को रक्षा उत्पाद आपूर्ति करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 32.5 प्रतिशत ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात बढ़ने के कारणों में वैश्विक संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष भी शामिल है। भारत की एक अग्रणी रक्षा आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरने की महत्वाकांक्षा निर्णायक कार्रवाई और रणनीतिक फोकस की मांग करती है। इसलिए भारत ने रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। देश में उन्नत स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का विकास हो रहा है, जो वैश्विक बाजार में आकर्षक हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन इस प्रयास में सबसे आगे रहा है। विश्व स्तरीय रक्षा उत्पादक के रूप में स्थिति को मज़बूत करने के लिए, भारत को सैन्य-श्रेणी के यूएवी, उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली और अत्याधुनिक साइबर रक्षा तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपनी उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करना चाहिए। इसके अलावा अपने उत्पादन पोर्टफोलियो में उन्नत समुद्री टोही विमान, पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली और व्यापक निगरानी बुनियादी ढांचे को एकीकृत करना आवश्यक है। भारत ने 53 से अधिक देशों के साथ रक्षा सहयोग समझौते किए हैं, जिससे भारतीय रक्षा उत्पादों के लिए नए बाज़ार खुल रहे हैं। इस बीच भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस और इजराइल सहित प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत किया है।

इन रणनीतिक गठबंधनों से न केवल भारत की वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थिति मजबूत होगी, बल्कि वैश्विक रक्षा बाजार में उसे एक स्थायी प्रतिस्पर्धी बढ़त भी मिलेगी। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत को अपनी निर्यात क्षमताओं को बढ़ाना होगा, प्रमुख बाजारों को लक्षित करना होगा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाना होगा। वैश्विक आयुध बाजार में प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए भारत को विशेष रूप से रक्षा निर्यात के लिए एक व्यापक निर्यात वित्तपोषण प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। भारत के रक्षा निर्यात में निजी क्षेत्र का 60 प्रतिशत और डीपीएसयू का 40 प्रतिशत योगदान है। इसलिए सफलता एक स्थायी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर निर्भर करेगी जो ठोस परिणाम उत्पन्न करे। भारत-इजरायल के सफल समयोजन कार्यक्रम से प्रेरणा ले सकता है, जिसने इसके रक्षा औद्योगिक आधार और निर्यात क्षमताओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# रेवड़ी- संस्कृतिः जरा संभल के



प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)




राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं, परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए, रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं।

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है।

भारत की दलगत राजनीतिक व्यवस्था में धर्म, जाति व पंथ की भूमिका हमेशा से रही है और संभवतः भविष्य में भी रहेगी। संख्याबल, धनबल, बाहुबल का अपना अलग ही स्थान है। विशुद्ध वैचारिक, आस्थावादी राजनीति अब दूर की कौड़ी है, जिसका प्रमाण आए दिन होने वाला दलबदल है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसा लग रहा है कि राजनीतिक पार्टियों को अपने "सरवाइवल" के लिए अब किसी अन्य हथियार की आवश्यकता है और आम भाषा में इस हथियार को हम चुनावी रेवड़ियां कहे सकते हैं।

समय के साथ-साथ जनता भी इन रेवड़ियों (कुछ लोग इसे मुफ्तखोरी की संज्ञा भी देते हैं) की इतनी आदी हो गई है कि सभी राजनीतिक दल इस 'विधा' को 'संकल्प-पत्र' की तरह अपनाते जा रहे हैं और यह किसी एक राज्य में नहीं, बल्कि पूरे देश में कारगर भी सिद्ध हो रहा है। मजे की बात यह है कि इन रेवड़ियों की मिठास भी चुनाव दर चुनाव बढ़ती जा रही है। अब सिर्फ साड़ी, सैंडल, मंगलसूत्र या श्रृंगार के सामान से काम नहीं चलता और न ही स्कूटी, साइकिल, टीवी या लैपटॉप से। अब तो जनता को मुफ्त बिजली-पानी, मुफ्त यातायात, अलग-अलग तरह की पेंशन, अनुदान, ब्याज-मुक्त लोन, सब्सिडी, मुफ्त आवास इत्यादि की आदत सी पड़ गई है। हाल में एक प्रदेश में बात मुफ्त आवासीय प्लॉटो तक पहुंच गई। इन मुफ्त की रेवड़ियों का आकर्षण अब जनता के लिए अधिकार समान है और राजनीतिक दलों के लिए चुनावी रेस जीतने का जरिया। शब्द कठोर है पर कहना गलत न होगा कि जनता के मुंह मुफ्तखोरी का खून लग चुका है और अब "वर्क एंड अर्न" वाली संस्कृति जनता के उस वर्ग में खत्म होती जा रही है, जो इन मुफ्त रेवड़ियों के असली लाभार्थी है।

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है। इस बात से किसी भी दल को सरोकार नहीं कि देश के टैक्स पेयर का पैसा देश के संस्थागत ढांचे के लिए ही उपयोग होना चाहिए, न कि किसी राजनैतिक दल या कुनबे की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए। बिना भेदभाव के जनता की वाजिब आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी तो है, परंतु मनमाने ढंग से टैक्स पेयर के पैसे का असंवैधानिक या असंस्थागत तरीके से व्यय तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। ऐसे तौर तरीकों से न सिर्फ अकर्मण्यता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि संस्थागत आर्थिक ढांचा कमजोर भी होता है, जिसके दुष्परिणाम हमें या हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतने ही होंगे। वोट की राजनीति के चलते "अतिशय कल्याणवाद" को आधार बनाना वास्तविकता में वंचितों की भावनाओं से खिलवाड़ करने जैसा है।

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं, परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए, रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं। अब हरियाणा भी हिमाचल की राह पर चलता दिख रहा है। पूरे राजनीतिक तंत्र को स्मरण रखना होगा कि सामाजिक न्याय या उत्थान मुफ्त की रेवड़ियों से न होकर संस्थागत-बुनियादी ढांचे, दूरगामी परियोजनाओं, उच्च तकनीकी शिक्षा, रिसर्च एंड स्किल डेवलपमेंट व व्यावहारिक आर्थिक प्रबंधन से होता है। यदि हम इस वास्तविकता को नजरअंदाज करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब मूलभूत विकास के कार्य सुस्त पड़ जाएंगे, सरकारी खजाना खाली होगा, योजनाएं समय से पूरी न हो सकेंगी और फिर जनता का आक्रोश बढ़ेगा। उस स्थिति में चुनावी रेवड़ियों बांटने का उद्देश्य भी अधूरा रह जाएगा। अतः यह आवश्यक है कि वंचितों के नाम पर टैक्सपेयर का शोषण बंद हो। शुक्र है कि मुफ्त चुनावी रेवड़ियों के विरोध में कुछ प्रशासनिक और विधिक संस्थाओं के स्वर उभरने लगे हैं।

कुछ बुनियादी संस्थागत सुविधाओं को छोड़कर भारत का टैक्स पेयर अब किसी भी अनर्गल चुनावी घोषणा का व्यय उठाने के मूड में नहीं है, क्योंकि इस प्रकार की घोषणाओं से कोई भी स्थाई रूप से सक्षम नहीं हो सकता। अब थोड़ी सी बात शुद्ध आर्थिक परिप्रेक्ष्य में भी कर लेते हैं। हमारा सपना 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पांच ट्रिलियन डॉलर) बनने का है, जिसके लिए हम प्रयत्नशील भी हैं। युवा आबादी, आर्थिक और राजनैतिक स्थायित्व, जीवंत लोकतंत्र, भारत की वैश्विक छवि, हमारी तकनीकी क्षमताएं और निवेश का सही वातावरण हमारे पक्ष में हैं। यदि कुछ पक्ष में नहीं है तो वह समग्रता में भारत का आर्थिक प्रबंधन। विदेशी कर्ज का बोझ, (670 बिलिन डॉलर), आयात-निर्यात का अंतर / राजकोषीय घाटा, अपेक्षा से कम जीडीपी ग्रोथ (6.8 प्रतिशत) व ऊर्जा क्षेत्र में अस्थिरता आदि हमारी कमजोरियां हैं। यदि पूरे देश में सभी दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों का आर्थिक संकलन किया जाए तो इसका गहरा असर न सिर्फ सरकारी खजाने पर होगा, बल्कि अन्य वित्तीय संस्थानों को भी भारी घाटा झेलना होगा।

हम आवश्यक नियोजित व्यय जैसे कि वेतन आदि को तो कम नहीं कर सकते, परंतु धन की कमी स्वाभाविक रूप से विकास कार्यों की गति को धीमा कर सकती है। ऐसी स्थिति में सरकारें अधिक कर्ज लेंगी, हर वस्तु के दाम बढ़ेंगे, सुविधाएं महंगी होंगी, प्रोजेक्ट्स अधूरे रहेंगे, योजनाएं समय से पूरी नहीं होंगी, जिससे जनता में असंतोष बढ़ेगा। आज जो धन हमारी राजनीतिक पार्टियां और सरकारें चुनावों में जीत के लिए बांट रही हैं। यदि यही धन देश की दूरगामी प्रगतिशील योजनाओं में लगा दिया जाए तो यह एक वरदान सिद्ध हो सकता है। 'मेक इन इंडिया' ऐसी ही एक योजना है। इसके अतिरिक्त उच्च तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ, स्पेस व एड्वान्स टेक्नॉलजी आदि के क्षेत्र में कई ऐसे प्रोजेक्ट है, जिनमें धन की अधिक आवश्यकता है और यदि "फ्री-वीज" के रूप में बांटे जाने वाला यह पैसा डाइवर्ट कर दिया जाए तो संबंधित योजनाएं अधिक गतिशील होकर हमारी वर्तमान आर्थिक कमजोरियां को दूर कर सकती हैं। वर्तमान सरकार की एक साथ चुनाव कराने की मंशा भी स्वागत योग्य है, जिससे न सिर्फ सरकारी खर्च बचेगा, बल्कि किसी हद तक चुनावी वायदों पर रोक लगेगी। समय है कि हम अपनी राजनीतिक सोच व आर्थिक व्यवस्थाओं में परिवर्तन लाएं और मुफ्तखोरी के व्यसन से बाहर निकलें, यह आदत आर्थिक दुर्बलता के साथ-साथ नकारात्मक प्रवृत्ति को भी जन्म दे रही है।

## प्रसंगवश

# लोकतंत्र का मंगलाचरण

यह बात ध्यान देने की है कि संसार में फोकलोर और लोकतंत्र के विचार का जन्म एक साथ ही हुआ था और उसकी पृष्ठभूमि में थी फ्रांस की राज्यक्रांति (1789 से 1799)। यही वह समय था, जब रोटी मांग रही भीड़ के प्रति फ्रांस की साम्राज्ञी, 'मेरी आन्तोन' ने कहा था कि - रोटी नहीं है तो ये लोग केक क्यों नहीं खा लेते?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

फ्रांस के अयोग्य शासक, सामंतों और कुलीन वर्ग को प्राप्त विशेषाधिकारों के प्रति लोगों में आक्रोश था और मध्यम वर्ग में मॉन्टेस्क्यू, वाल्टेयर और रूसो के विचारों से बौद्धिक जागरण हो रहा था। मॉन्टेस्क्यू फ्रांस का एक राजनैतिक विचारक और न्यायविद था। 1748 ई. में उसने कानून की आत्मा नामक पुस्तक का प्रकाशन किया। इसमें उसने फ्रांस के राजाओं के दैवी अधिकार के सिद्धांत की कटु आलोचना की। उसने वैधानिक शासन, शक्ति-पार्थक्य के सिद्धांत तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतिपादन किया। उसका विचार था कि निरंकुश शासन को समाप्त करने के लिए शासन के तीनों अंगों कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका के क्षेत्रों को पृथक-पृथक करना आवश्यक है। वॉल्टेयर की रचनाओं से फ्रांस में राज्य क्रांति का जन्म हुआ माना जाता है। उस समय देश में धर्म के नाम पर पादरियों की मनमानी चल रही थी। वॉल्टेयर ने इन लोगों के खिलाफ खुलकर कलम चलाई। वॉल्टेयर को जेल जाना पड़ा। जब उसे शासक के सामने लाया गया, तब उसने शासन को उसकी जिम्मेदारी का अहसास दिलाया। तब शासक ने कहा कि सच्चा लेखक वही है, जो शासक के मुंह पर भी सच बोलने से न डरे।'

रूसो महान दार्शनिक था। उसने बतलाया कि गरीबी पूर्वजन्म के कर्मों का फल नहीं है। रूसो के अनुसार राज्य की सामूहिक चेतना ही व्यक्ति की नैतिकता और स्वतंत्रता का स्रोत है। रूसो के विचारों ने फ्रांस की राज्यक्रांति की पृष्ठभूमि तैयार किया। उसका विश्वास था कि सर्वोपरि सत्ता जनता के हाथ में होनी चाहिए फ्रांसीसी क्रांति ने लोकतंत्र के विचार को बढ़ावा दिया। यह सिद्धांत प्रतिष्ठित हुआ कि राष्ट्र सामंत से नहीं बनता, जन साधारण या लोक से बनता है।

# श्रीलंका में राजनीतिक बदलाव से चिंताएं

श्रीलंका में हालिया राजनीतिक बदलावों का भारत पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा पर असर पड़ेगा। चूंकि भारत एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति है, इसलिए उसे इन उभरती गतिशीलता के अनुकूल होने एवं अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनी राजनयिक रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए।



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए।

इससे पहले, कोलंबो में दक्षिणपंथी सरकारों ने बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश के बदले में चीन की ओर झुकाव की कोशिशें की। ये उनके लिए गले की फांस बन गईं। इनमें से अधिकांश कर्ज के जाल में फंस गए। नतीजा श्रीलंका के लिए विनाशकारी था और इस प्रक्रिया ने भारत के सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया। अब सवाल और भी गंभीर हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक मार्क्सवादी समर्थक पार्टी श्रीलंका की सत्ता में काबिज है। ऐसे में भारत को सतर्क रहना चाहिए और इस बढ़ते चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए क्षेत्र में अपनी रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। साथ ही यह भी देखना चाहिए कि जेवीपी (जनता विक्मुथी पेरामुना) श्रीलंका में किस तरह का शासन और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन लाएगा।

नेशनल पीपुल्स पावर का उदय आईएमएफ के चल रहे बेलआउट कार्यक्रमों और श्रीलंका में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय निवेशों को खतरे में डाल सकता है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है। आज दिसानायके के नेतृत्व में जेवीपी का पुनरुत्थान महज एक राजनीतिक जीत नहीं है, यह उस अंधराष्ट्रवादी चरित्र की वापसी का संकेत है, जिसने कभी श्रीलंका की एकता को खतरा पैदा किया था। जेवीपी के उदय का सबसे चिंताजनक पहलू चीन की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के साथ इसका संभावित तालमेल है। श्रीलंका लंबे समय से चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का हिस्सा रहा है। चीन समर्थित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और राजनीतिक साझेदारियों की एक श्रृंखला, जिसका उद्देश्य भारत को घेरना और हिंद महासागर में अपने समुद्री प्रभुत्व को सुरक्षित करना है। श्रीलंका में आंतरिक राजनीतिक परिवर्तनों के कारण उत्पन्न अस्थिरता फैल सकती है, जिससे भारत के लिए महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों सहित क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

यदि श्रीलंका को राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है तो इससे हिंद महासागर में सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है, जो भारत के व्यापार एवं रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। दिसानायके की नीतियां श्रीलंकाई तमिल समुदाय एवं उनके अधिकारों की वकालत करने में भारत की भूमिका को प्रभावित कर सकती है, जिससे तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो सकती है। तमिल अधिकारों पर कोई भी वापसी और जातीय कट्टरता की वापसी भारतीय नीति निर्माताओं को अच्छी नहीं लगेगी। ऐसा परिदृश्य भारत और श्रीलंका के बीच, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में तनाव को बढ़ा सकता है। मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में चीन के बढ़ते प्रभाव के कारण इस क्षेत्र में भारत की स्थिति पहले ही कमजोर हो चुकी है। हिंद महासागर में चीनी शक्ति का प्रतिकार करने के भारत के प्रयासों में श्रीलंका एक महत्वपूर्ण चौकी रहा है। जेवीपी की जीत और चीन की ओर उसका संभावित झुकाव इन प्रयासों को गंभीर रूप से कमजोर कर देगा, जिससे भूटान दक्षिण एशिया के उन कुछ बचे हुए देशों में से एक रह जाएगा, जहां भारत अभी भी चीन पर रणनीतिक बढ़त रखता है।

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि बुनियादी ढांचे के विकास जैसी परियोजनाओं से दोनों देशों को लाभ होगा एवं क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत श्रीलंकाई युवाओं के लिए छात्र छात्रवृत्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बढ़ा सकता है, जिससे युवा पीढ़ी के साथ मजबूत संबंध बन सकते हैं।

भारत को श्रीलंका में चीनी निवेशों पर बारीकी से नज़र रखनी चाहिए एवं उन्हें रणनीतिक भारतीय निवेशों के साथ संतुलित करना चाहिए। बंदरगाहों एवं हवाई अड्डों जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में भारतीय निवेश बढ़ाने से यह सुनिश्चित होगा कि भारत अपना प्रभाव बनाए रखेगा। क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को एक बहुआयामी राजनयिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जो आर्थिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को प्राथमिकता दे। इन पहलुओं पर सक्रिय रूप से ध्यान देकर, भारत बढ़ते बाह्य दबावों के समक्ष अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए श्रीलंका में अपना प्रभाव मजबूत कर सकता है।

## सोशल फोरम

# डर और लिहाज में अंतर

लोग डर और लिहाज में अंतर नहीं समझते। कितनी ही बार वह लिहाज को डर का नाम दे देते हैं। डर इस दुनिया की हर शै में है, जबकि लिहाज सिर्फ इंसान में मिलता है। इसलिए बहुत बार इंसान ही, जिसने कभी लिहाज समझा ही न हो, उसे यह डर जैसा ही लगेगा।



हफीज किदवई
लेखक


मेरे वालिद और उनके भाई, यानी मेरे चचाजान वगैरह। जब कभी हम दोस्तों के साथ तफरीह करने निकलते, तो हम कहते यार उधर नहीं जाएंगे। उधर चचाजान बैठे होंगे। दोस्त कहते कि चचाजान से इतना डरते हो और हम चुप हो जाते। कैसे बताते यह डर नही है, यह लिहाज है, जो हमें एक तहजीब के साथ मिला है। चचाजान ने तो कभी ऊंची आवाज में बात तक नहीं की, तो डर क्यों होगा? और हम भी क्या गलत करने निकल रहे हैं, जो डर लगेगा। आज भी यह होता है कि बहुत से लोगों की बातें नागवार गुजरती हैं, मगर एक तहजीब है, जो कहती है कि लिहाज का दामन मत छोड़ो। कुछ लोग कहते हैं कि हम डर गए। वह यह नहीं जानते कि जिन आंखों में तहजीब बैठती है, वह आंखें बड़ी निडर होती हैं। डरते तो हम दुनिया में किसी से नहीं है, मगर अपनी तहजीब की बड़ी इज्जत करते हैं। यह हमारी रिवायत है कि तहजीब को न छोड़े।

मेरी नानी अम्मी कहती थीं कि बड़ों को गलती करने पर यह मत कहो कि आप गलत हैं या आप झूठे हैं। उनसे कहो कि ठीक है, मगर यह बात सही है। उन्हें करेक्ट तो करो, मगर लिहाज से, तब कम समझ आता था। अब सब समझ आता है। कहते हैं कि बढ़ता वक्त तजुर्बे को पैदा करता है और तजुर्बा दो चीजों में फर्क को साफ और सही देखने की कुव्वत देता है। अब समझ आता है कि डर और लिहाज में कितना बड़ा अंतर है। हम तो अपने दुश्मन का भी लिहाज करते हैं, मगर उसे पता है कि इन आंखों में उसके लिए खौफ कभी पैदा नहीं हो सकता है। इतना ही कहना है कि लिहाज और डर में अंतर सीखिए। लिहाज़ कीजिए और निडर बनिए...

-फेसबुक वॉल से

# नदियों को लीलता विकास

नदियां किसी भी राष्ट्र की धमनियां होती हैं, जिनसे जलराशि का निरंतर प्रवाह कृषि क्षेत्र के साथ-साथ भूगर्भ के जल स्तर को भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। प्राचीन काल में परिवहन के सर्वाधिक सुगम साधन होने के कारण जहां सभी प्रमुख सभ्यताओं के उदय इन्हीं नदियों के किनारे हुआ वहीं व्यापारिक दृष्टिकोण से प्राचीन काल से अब तक नगरों का विकास भी नदियों के दहाने पर ही हुआ है, जिसकी गवाही आज भी भारत ही नहीं अपितु विश्व के सभी नगर स्वयं ही हैं।



डॉ. उदयराज मिश्र
अंबेडकर नगर

वस्तुत: बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानवजन्य भी होती जा रही है।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मानवता को पालने-पोसने से लेकर उसके संवर्धन तक में नदियों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है, जिनके बगैर समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना और मानवता का अस्तित्व संभव ही नहीं है। यही नदियां ही स्वयं के अस्तित्व को लेकर संकट में हों तो मानवता कैसे प्रमुदित तथा प्रफुल्लित रह सकती है, यह विचारणीय प्रश्न है। आखिर बाढ़ की विभीषिका से जूझते नगर, कस्बों और गांवों की दुर्दशा के वास्तविक कारण क्या हैं? वस्तुतः हमारे देश में प्राचीन काल से ही नदियों को देवी स्वरूपा मानते हुए उनकी रक्षा करने का विधान है, लेकिन आज के विलासितापूर्ण जीवन जीने वाले विस्तारवादी मानव ने जहां अपने संस्कारों को तिलांजलि देकर महज अपनी इच्छाओं की पूर्ति तक स्वयं को सीमित कर लिया है। वहीं उसे अपने भी अस्तित्व के साथ-साथ नदियों के भी सहअस्तित्व का लेशमात्र ध्यान नहीं रहा है। यही कारण है कि विकास के थोथे दंभ के चलते मनमाने खनन, अवैध निर्माण और नदियों के किनारों तक बहुमंजिली इमारतों का निर्माण करते हुए नदियों के सतत प्रवाहन के मार्ग को भी परिवर्तित करने के साथ-साथ अवरुद्ध तक करने का कुत्सित प्रयास जारी है। यही कारण है कि पौराणिक काल में बहने वाली अनेक नदियों का नामोनिशान तक मिट चुका है या फिर पुस्तकों में छपकर रह गया है।

हालात यह हैं कि अब बाढ़ जैसी विभीषिका कछारों को छोड़ नगरों और कस्बों तक आने लगी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गत वर्ष लाल किले तक यमुना का जलप्रलय कदाचित आधुनिकता की अंधी दौड़ में पगलाए इंसानों की लिप्सा का ही प्रतिफल रहा, जिसके चलते महीनों तक दिल्ली हकलान रही और हालात बद से बदतर हो गए थे। कमोवेश ऐसे ही हालात हिमाचल, उत्तराखंड और बिहार में भी दृष्टिगोचर होते रहते हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। महज एक दिन की भारी बरसात में विकास की पोल खोलती नदियों का जलस्तर आज विस्तारवादी मनुष्यों को उनकी करनी का दंड दे रहा है, जिसके साथ निरीह आम जनता भी दंड पा रही है। कदाचित प्रकृति का यह दंड नदियों के अस्तित्व के दृष्टिकोण से उचित भी है और स्वागत योग्य भी है। आखिर खनन माफियाओं, अवैध भवन निर्माताओं और राजमार्गों का निर्माण करने वाली कंपनियों की आंख भी खोलनी आवश्यक थी। जिन पर शासन और प्रशासन की कृपादृष्टि के चलते नदियां स्वयं पथहीन हो आज अस्तित्व तलाशने को विवश हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, अंबेडकर नगर, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, मऊ, गाजीपुर आदि ऐसे शहर हैं, जहां छोटी-मोटी नदियों की तली तक बने मकान इस नदियों के मार्ग अवरुद्ध करते हैं। यही कारण है कि वर्ष 2021 में आजमगढ़ में भंवरनाथ से लेकर हरवंशपुर, पल्हनी, कोलघाट आदि क्षेत्रों में व्यापक तबाही देखी गई थी। यहां पर नदी क्षेत्र में बने मकान इस बात की गवाही देते हैं कि नदी तो अपने मार्ग पर है, किंतु ये मकान ही अवैध हैं, जिनका कि डूबना और गिर जाना ही श्रेयस्कर है। कदाचित यही हालत अंबेडकर नगर के अकबरपुर की भी है। यहां तमसा जैसी पौराणिक काल की नदी का अतिक्रमण का शिकार है। भूमाफियाओं ने नदी की तलहटी तक जमीनों का सौदा करते हुए बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर दी हैं, जिससे नदी का प्रवाह अवरुद्ध होने से पानी बाढ़ के रूप में नगर की सड़कों पर पिछले वर्ष महीनों तक बहता रहा था।

वस्तुतः बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानव जन्य भी होती जा रही है। जब तक नदियों का स्वतंत्र प्रवाह जारी नहीं होगा, ऐसी आपदाएं साल हर साल आती रहेंगी। अतएव अच्छा यही होगा कि अब से ही सही सभी भवनों को गिराते हुए नदियों को पुनर्जीवित किया जाए, जिससे बहते हुए पानी को एक क्षेत्र विशेष में रुकने का अवसर न मिले अन्यथा विस्तारवादी मानव का भी अस्तित्व स्वयं के चलते संकट में बना रहेगा। देखा जाए तो जलप्लावन के अनेक उत्तरदायी कारक हैं, जिनमें प्रदूषण, वृक्षों की कटान, जलवायु परिवर्तन और सतत होने वाले खनन प्रमुख हैं। इन सबसे भी अधिक उत्तरदायी कोई कारक अगर है तो मनुष्य द्वारा नदियों के मार्गों में अतिक्रमण, यह चाहे नए-नए बांधों के रूप में हो या फिर भूमाफियाओं की कुत्सित क्रियाओं का प्रतिफल हो, जो भी हो इसके लिए प्रकृति से अधिक मानव स्वयं में जिम्मेदार है।

लिहाजा बाढ़ की विकराल आपदा से निजात हेतु नदियों से नहरों का निकास और जलमार्गों का अबाध प्रवाह अत्यावश्यक है, जिसके बगैर साल दर साल आपदा प्रबंधन की होने वाली बैठकें व व्यवस्थाएं किसी बेमानी से कम नहीं होंगी और परिणाम का परिमाण सिफर से इतर और कुछ नहीं होगा।

# क्रेडिट कार्ड का घटता चलन



कुछ साल पहले तक क्रेडिट कार्ड हासिल करने के लिए लोग कई तरह के पापड़ बेला करते थे। क्रेडिट कार्ड होना किसी व्यक्ति की समृद्धता का प्रतीक भी माना जाता था, लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की सख्ती और नए नियमों के चलते अब क्रेडिट कार्ड से होने वाला खर्च तेजी से कम होता जा रहा है।

क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर भी अब लोगों को लुभा नहीं पा रहे हैं। आलम यह है कि वित्त वर्ष 2022 के मुकाबले इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च एक तिहाई ही रह गया है। हर वित्त वर्ष इसमें कमी देखी जा रही है। मैक्वेरी रिसर्च के डेटा के आधार पर बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर 54.1 फीसदी थी। इसके बाद वित्त वर्ष 2023 में यह 47.5 फीसदी और वित्त वर्ष 2024 में आंकड़ा घटकर 27.8 फीसदी ही रह गया था।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर सिर्फ 16.6 फीसदी ही रह गई है। आरबीआई द्वारा असुरक्षित लोन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से क्रेडिट कार्ड द्वारा किए जा रहे खर्च पर बुरा असर पड़ा है। हर साल फेस्टिव सीजन के दौरान सितंबर से दिसंबर तक क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस साल ऐसा होता नहीं दिखाई दे रहा है। नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर में भी बड़ी गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2024 में 4.4 फीसदी घटा है। इससे पहले यह साल दर साल 3.2 फीसदी घट रहा था। इसी तरह एसबीआई कार्ड्स का क्रेडिट घाटा वित्त वर्ष 2024 में 7.4 फीसदी और वित्त वर्ष 2023 में 6.2 फीसदी रहा था।

मैक्वेरी रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा, कड़ी जांच और आरबीआई के नए नियमों के प्रभाव को देखते हुए क्रेडिट ग्रोथ में मंदी आगे भी जारी रहेगी। बैंकों ने भी अपने क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो में बढ़े हुए तनाव का संकेत दिया है। वित्त वर्ष 2025 में अगस्त तक नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर भी 38.3 फीसदी रह गई है। वित्त वर्ष 2024 में यह 41.3 फीसदी की दर से बढ़ रहा था। फेस्टिव सीजन के दौरान मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर्स की वजह से क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस बार नए क्रेडिट कार्ड बढ़ने की दर में भी कमी आई है। शायद उधार लेकर घी पीने की प्रवृत्ति पर कुछ अंकुश लगा है।

## एक नजर

### राजू तिवारी बने केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में दुर्गा पूजा के लिए प्रसिद्ध नगर पंचायत दोस्तपुर में तीन दर्जन से अधिक पूजा समितियों ने रविवार की रात को शिव मंदिर चौक में बैठक कर सर्वसम्मति से केंद्रीय पूजा समिति का अध्यक्ष राजू तिवारी को मनोनीत किया। मन्नू सेठ महामंत्री बने। पूर्व चेयरमैन मिथिलेश कुमार मिश्र मुन्ना, सुशील कुमार तिवारी, अश्वनी बरनवाल, रामशंकर पाठक अजय सोनी सहित कुल सात लोग मार्गदर्शक चुने गए। लीगल एडवाइजर एडवोकेट शबीह कुमार, मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार चुने गए।

### दुर्गा पूजा में होगी मेहंदी व गरबा प्रतियोगिता

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** दुर्गा पूजा समिति पटेल नगर की एक बैठक दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी को लेकर संपन्न हुई। कस्बे के एक मैरिज लॉन में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार दुर्गा पूजा महोत्सव में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे के साथ-साथ मेहंदी और गरबा प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इस बार के महोत्सव में वैष्णो देवी धाम के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतिमाओं के दर्शन होंगे। साथ ही सड़कों को खराब हालात एवं आवारा पशुओं सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए प्रशासन से अपील की गयी। बैठक में पंकज गुप्ता, अंकिता श्रीवास्तव, रोहित कुमार, राहुल राज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लगभग 11 माह से फरार चल रहे धोखाधड़ी के मामले के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली के कटसारी गांव के अरुण सिंह ने गांव के ही कृष्ण मोहन सिंह उर्फ मधुर सिंह के विरुद्ध 8 नवंबर 2023 को मकान के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उस पर जाली हस्ताक्षर कर नगर पंचायत कादीपुर के कार्यालय में जमा करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। उपनिरीक्षक पंकज राय ने देवाढ़ पुल के पास से सोमवार को आरोपी कृष्ण मोहन सिंह उर्फ मधुर सिंह को गिरफ्तार किया।

### सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव का स्वागत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव नामित किए जाने पर अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट पूर्व जिला प्रवक्ता सपा का अधिवक्ता साथियों ने सोमवार को स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज तिवारी, सर्वेश मिश्रा, पूर्व शासकीय अधिवक्ता रविंद्र यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमात्मा यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेन्द्र आदि ने माला पहनाकर बिसेन का स्वागत किया।

# ट्रेन से कटकर दो किशोरियों की मौत

## रेलवे ट्रैक के किनारे बकरी चराने गयी थीं, कोइरीपुर स्टेशन के पास बेगमपुरा एक्सप्रेस की चपेट में आयीं

हादसा

संवाददाता, चांदा, सुलतानपुर



हादसे की सूचना मिलते ही रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार



रानी और पूनम। (फाइल फोटो)

**अमृत विचारः** रेलवे ट्रैक के किनारे सोमवार को बकरी चराने गईं दो किशोरियों की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों किशोरियां एक ही गांव के रहने वाली थीं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सोमवार की शाम चांदा थाना क्षेत्र के सुलतानपुर-जौनपुर रेल खण्ड के कोइरीपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर स्थित कसईपुर गांव में दो किशोरियां बकरी चराने गयी थीं। इस बीच वाराणसी से चलकर जम्मू तक जाने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस वहां आ गई। ट्रेन की चपेट में आने से दोनों किशोरियों की मौके पर ही मौत हो गयी। एक की पहचान रानी (15) पुत्री रामहित गौतम व दूसरी की पहचान पूनम (16) पुत्री रामनाथ गौतम के रूप में हुई। दोनों कसईपुर थाना चांदा की रहने वाली थीं। घटना की सूचना पर चांदा थानाध्यक्ष रविन्द्र सिंह व चौकी प्रभारी कोइरीपुर वेद प्रकाश शर्मा मौके पर पहुंचे। रानी कक्षा 9 व पूनम कक्षा 10 में पढ़ती थी। दोनों के घर अगल-बगल स्थित हैं। दोनों ज्यादातर एक साथ ही रहती थीं। उनके घर भी रेलवे ट्रैक से महज 100 मीटर दूर पर ही है। थानाध्यक्ष कोतवाली चांदा रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने दो किशोरियों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### अंडरपास में जलभराव बना दुर्घटना का कारण

**चांदा, अमृत विचार :** अगर कसईपुर मूसेपुर गांव के बीच पड़ने वाले रेलवे अंडरपास में पानी न भरा होता तो शायद यह घटना नहीं होती। जलभराव के कारण गांव वालों को रेलवे की पटरी को पार करना पड़ता है। ट्रेन से कटकर मौत का शिकार हुई पूनम कक्षा दस की छात्रा थी। उसके पिता रामनाथ की पूर्व में ही मौत हो चुकी है। दो भाइयों व दो बहनों में वह सबसे छोटी थी। वहीं रानी कक्षा नौ की छात्रा थी। उसके चार बहन व एक भाई है। इस घटना से परिजनों सहित पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

# लंभुआ विधायक के केस में नहीं हुई गवाही

- कोर्ट ने सुनवाई के लिए 7 अक्टूबर की तिथि की नियत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभा कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपों में एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में सोमवार को अभियोजन गवाह के न आने के कारण सुनवाई टल गई। मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट ने सात अक्टूबर की तारीख नियत की है।

23 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सीताराम वर्मा ने लंभुआ क्षेत्र केशवपुर महात्मा गांधी मनरेगा खेलकूद मैदान ग्राम खड्आन में बिना प्रशासन की अनुमति के चुनावी सभा की थी। जिस पर उड़नदस्ता प्रभारी विपुल कुमार उपाध्याय ने किस दर्ज कराया था। मुकदमे में विधायक सीताराम वर्मा, खड्आन निवासी अजय वर्मा, संतराम वर्मा, शुभम वर्मा, पवन, रंजीत वर्मा आरोपी हैं। वहीं, पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी बहन अर्चना सिंह के मामले में भी गवाह के न आने के कारण सुनवाई टल गई। मामले में सुनवाई के लिए कोर्ट ने सात अक्टूबर की तारीख नियत की है।

# चार दिन बाद महज आधा घंटा ही हुई बिजली आपूर्ति

संवाददाता, मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** तेज हवा के साथ हुई भीषण बारिश के चलते विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी थी। बिजली आपूर्ति चौथे दिन आधी रात को महज आधा घंटा के लिए ही हो सकी। मोतिगरपुर के ढेमा उपकेंद्र से तीनों फीडरों से करीब दो हजार से अधिक घर अंधेरे में थे। फाल्ट दूर कर रविवार की रात 11 बजे के बाद बिजली चालू हुई तो सरैया व ढेमा फीडर चालू हो गया। वहीं, पंडेय बाबा फीडर पर हांसापुर, पांडेयबाबा, महमूदपर जंगल, बढ़ौनाडीह, लामा बनकठा सहित कुछ गांवों में बिजली चालू की गई थी जो महज आधे घण्टे बाद सप्लाई बंद हो गई। हांसापुर में पानी में हाईटेंशन तार का खंभा गिर जाने से आपूर्ति बाधित हो गई थी। ग्रामीणों का आरोप है की सूचना के बावजूद बिजली कर्मी नहीं आया। वहीं दियरा उपकेंद्र आंशिक रूप से शनिवार रात चालू किया गया था। मोतिगरपुर फीडर पर बिजली नहीं चालू हो सकी है। रविवार की रात कादीपुर से दियरा उपकेंद्र को मिलने वाली बिजली में खराबी आ जाने के कारण उपकेंद्र बंद हो गया। जेई रामशरण त्यागी ने बताया कि कई जगह फाल्ट है काम किया जा रहा है, पांडेयबाबा में भी लाइनमैन को बिजली ठीक करने को कहा गया है।

# अशफाक हत्याकांड में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जगदीशपुर के चर्चित अशफाक हत्याकांड में सोमवार को बचाव पक्ष से गवाहों के न आने के कारण सुनवाई टल गई।

एडीजीसी क्रिमिनल मनोज दूबे ने बताया कि अमेठी के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर कला गांव के अशफाक अहमद की जगदीशपुर बाजार में स्थित विजया बैंक के पास 30 जनवरी 2018 गोली व बम मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में रजी अहमद और अन्य घायल हुए थे। मृतक के पिता अंसार अहमद की तरफ से जगदीशपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, उनके भाई राकेश विक्रम सिंह समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था।

# अग्रिम जमानत को आरोपी ने दाखिल की अर्जी

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अदालत से

- हिंदुओं पर अभद्र टिप्पणी मामले में नदीम खान अब भी पकड़ से दूर
- एक दिन पहले भी आत्म समर्पण के लिए दिया था प्रार्थना-पत्र

**अमृत विचारः** कुड़वार थाना क्षेत्र के धरावां गांव के निवासी नदीम खान के खिलाफ हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला तब सामने आया जब नदीम ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर एक अभद्र टिप्पणी पोस्ट की, जिससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। इस पर कुड़वार थाने के दरोगा रामबाबू ने 23 सितंबर को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी नदीम ने 26 सितंबर को सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी। सोमवार को डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के विरोध करने के कारण मामले में अगली सुनवाई के लिए चार अक्टूबर की तारीख नियत की गई है।

इसके अलावा, आरोपी ने 25 सितंबर को भी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पंचम की अदालत में आत्मसमर्पण के लिए भी प्रार्थना पत्र दिया था। सोमवार को पुलिस रिपोर्ट न आने के कारण आत्मसमर्पण प्रार्थना पत्र पर सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए चार अक्टूबर की तारीख तय की है। वहीं, 23 सितंबर को मामला दर्ज होने के बाद अब तक आरोपी नदीम पुलिस की पकड़ से दूर है। जबकि, हिंदूवादी संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। दो दिन पहले गौ रक्षा वाहिनी की ओर से जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोपी को गिरफ्तार कर दंड दिलाने की मांग की गई थी।

### थानाध्यक्ष समेत 6 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमेठी जिले के केशवपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश कुमार कनौजिया ने थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष ईश नरायन मिश्रा समेत छह पुलिसकर्मियों के खिलाफ विशेष एससी/एसटी कोर्ट न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में मुकदमा दर्ज करने की अर्जी दी है। कोर्ट ने क्षेत्राधिकारी से मामले में चार अक्टूबर को रिपोर्ट तलब की है। आरोप है कि 23 जुलाई 2024 की रात गांव में हुए एक विवाद के बाद उन्हें और अन्य ग्रामीणों को थाने बुलाया गया। थाने पहुंचने पर पुलिसकर्मियों द्वारा उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। जातिसूचक अपशब्द कहे गए और धमकी दी गई कि उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कर चुनाव लड़ने से रोका जाएगा। अर्जी में यह भी आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को भी जबरन थाने लाकर अमानवीय व्यवहार किया। बिना महिला पुलिसकर्मी के उनकी पिटाई की गई और उन्हें अपमानित किया गया। साथ ही दावा है कि अपराधियों को छोड़कर उल्टा उन पर ही झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया गया। पीड़ित महेश कनौजिया ने एससी/एसटी एक्ट के तहत थानाध्यक्ष और अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# ढाबों पर लिखा जाए मालिक का नाम

निर्देश

संवाददाता, सुलतानपुर



कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक करते एडीएम।

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ला ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक की। एडीएम ने निर्देश दिया कि ढाबों, होटलों एवं रेस्टोरेंटों पर मालिक का नाम लिखा जाए। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने अपमिश्रित खाद्य पदार्थों व नकली, अधोमानक एवं मिथ्याछाप औषधियों के निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम के लिए समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के लिए कहा। जिले में संचालित देशी-विदेशी मदिरा की दुकानों, सस्ते गल्ले की दुकानों, सब्जियों पर कीटनाशकों के प्रयोग की रोकथाम के लिए कृषि एवं उद्यान विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी रेस्टोरेंट एवं ढाबों पर लाइसेंस एवं पंजीकरण, फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड, प्रोपराइटर का नाम, मैनेजर का नाम व उनके मोबाइल नम्बर अंकित करने का निर्देश दिया। साथ ही सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से रसोईघर एवं सर्विस वाले स्थान को प्रदर्शित करने के लिए निर्देशित किया गया।

# झांसे में लेकर ठग लिए 15.10 लाख, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लंभुआ क्षेत्र के मदनपुर पनियार की एक महिला से एक व्यक्ति ने 15.10 लाख रुपये ठग लिये। पीड़िता ने साइबर थाने पर तहरीर दी है।

पीड़िता ने बताया कि वह फिनो पेमेंट बैंक की सीएमएस है। वह लोगों के पैसे निकालती व जमा करती है। बीते 18 अगस्त को उसके बेटे शिवाजी को अमेठी का उमेश मिला। उसने बताया कि वह आधार मनी का कार्य करता है जिसके चलते उसे रिटेलरों को नकद पैसा देना पड़ता है। उसने बताया कि वह उसके खाते में पैसा भेजा करेगा वह उन्हें नकद दे दिया करे। झांसे में आकर उसके बेटे ने हां कर दी। खाते में पैसा आता गया । 21 अगस्त से 27 अगस्त तक 31 लाख 30 हजार रुपए निकाल कर दे दिये। जब बैंक गयी तो पता चला कि उसका खाता 15 लाख दस हजार माइनस में है। बैंक से जानकारी मिली कि लोन लिया गया है। तब उसने उमेश को फोन कर जानकारी दी तो उसने बताया कि मैनेजर से बात हुई है। सब ठीक हो जायेगा। 15 दिन का समय उमेश ने लिया था लेकिन उसने रुपये वापस नहीं किये। साइबर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### संयुक्त मंत्री बनाए गए रामशरण का किया गया स्वागत





जीआईसी में आयोजित कार्यक्रम में राम शरण का स्वागत करते लोग।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** उप्र पेंशनर्स कल्याण संस्था की जनपदीय कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित की गयी। सभी सदस्यों ने राम शरण सिंह (सेवानिवृत्त कानूनगो) को प्रांतीय कार्यकारिणी में संयुक्त मंत्री मनोनीत किए जाने पर बधाई दी और माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। बैठक में नोडल वेतन वृद्धि पर कार्यवाही नहीं होने पर उपस्थित सदस्यों ने आक्रोश व्यक्त किया। इसमें विलंब होने पर प्रभारी लेखाधिकारी वित्त माध्यमिक व जिला विद्यालय निरीक्षक की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह भी उठाया। बैठक में अध्यक्ष सुयश उपाध्याय, जनपदीय मंत्री झिनकू पांडेय, अच्छेलाल विश्वकर्मा, रामपाल शर्मा, बसंत कुमार, दरगाही आदि मौजूद रहे।

### तो अब 7 को होगा प्रधान की जाति का सत्यापन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले की विकासखंड जयसिंहपुर के रवानिया ग्राम प्रधान नीरा देवी की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। डीएम की अध्यक्षता में जाति सत्यापन हेतु 18 सितंबर को कलेक्ट्रेट में बैठक की गई थी। इसकी जानकारी पूर्व में ही ग्राम प्रधान को पत्र भेज कर दी जा चुकी थी। आवश्यक कार्य की बात कहते हुए प्रधान ने समय मांगा था जिस पर सात अक्टूबर को जाति सत्यापन की तिथि रखी गई है। गांव निवासी हर्षराम ने डीएम को शपथ पत्र युक्त शिकायत डीएम को सौंपा था। ग्रामीण का आरोप था कि प्रधान नीरा देवी कूटरचित प्रपत्रो के सहारे पिछड़े वर्ग की आरक्षित सीट पर चुनाव जीत प्रधान बन गईं। जिसकी डीएम ने जांच पड़ताल करा एक टीम बना 18 सितंबर को दस्तावेजों को लेकर उपस्थित होने के लिए कहा था। प्रधान नीरा यादव 18 सितंबर को उपस्थित न होने के लिए समय मांगा था। इस पर पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मुदित श्रीवास्तव ने दूसरा पत्र जारी कर सात अक्टूबर को सत्यापन की तिथि रखी है। इसकी जानकारी उन्होंने डीएम, एसडीएम, तहसीलदार जयसिंहपुर व प्रधान नीरा को पत्र भेजकर दी है।

### सराफा व्यापार मंडल के महामंत्री के पुत्र का निधन



मौन रखकर शोक जताते सराफा व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सराफा व्यापार मंडल के महामंत्री नवीन कुमार अग्रहरि के छोटे पुत्र आदित्य उर्फ वासू का रविवार की रात इलाज के दौरान निधन हो गया। वासू की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को शहर के ही हथियानला पर पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल का पौत्र व सर्राफा व्यापार मंडल के महामंत्री नवीन कुमार अग्रहरि के छोटे बेटे आदित्य उर्फ वासू की तबीयत खराब चल रही थी। परिजनों ने उसे पीजीआई लखनऊ में भर्ती कराया था जहां रविवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही सर्राफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवी प्रसाद सोनी , चंद्रप्रकाश अग्रवाल, नगर उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री संजय लोहिया, कोषाध्यक्ष विनय बरनवाल बिन्नू, दयाशंकर, लक्खीचंद्र कौशल, राजकुमार सोनी, कमल कौशल, संजय कुमार, भरतजी सर्राफ, केके भाटिया, राजकुमार भाटिया समेत बड़ी संख्या में व्यापारियों ने आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

**व्यापारियों ने बंद कीं दुकानें, दी श्रद्धांजलि :** आदित्य की मौत से व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर शोक सभा की।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। कोतवाली क्षेत्र के राईबीगो गांव के परविंदर सिंह के विरुद्ध गैंगस्टर न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। चौकी प्रभारी सूरापुर अभिषेक सिंह ने सोमवार को वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार किया।

# सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव की सरगर्मी तेज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में एक बार फिर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। सहकारी गन्ना विकास समितियों के अभी तो डेलीगेट के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन समितियों के सभापति व उपसभापति बनने के लिए लोग अभी से ही गुणा गणित लगाने में जुट गए हैं।

जिले में सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड सुलतानपुर, सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड बेलवाई व किसान सहकारी चीनी मिल लिमिटेड के लिए सामान्य निकाय चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन व जांच हो गई है। मंगलवार को 10 बजे से तीन बजे नाम वापसी, तीन बजे के बाद प्रत्याशियों की सूची, जरूरत पड़ी तो चुनाव चिह्न आवंटित किए जायेंगे। चार अक्टूबर को जरूरत पड़ी तो आठ से तीन बजे तक चुनाव, चार बजे के बाद मतगणना होगी। गन्ना विकास समिति लि. सुलतानपुर के चुनाव अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह, सहकारी गन्ना विकास समिति लि. बेलवाई के चुनाव अधिकारी कादीपुर तहसीलदार घनश्याम भारती, किसान सहकारी चीनी मिल लि सुलतानपुर के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित कुमार सिंह बनाए गए हैं।

# बारिश में भी चल रहा था मनरेगा का कार्य

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** गुरुवार से ही जिले में मौसम का मिजाज बदल गया था। बरसात के साथ वज्रपात की घटनाएं भी हुई थीं। वहीं, जिले के 14 विकास खंडों में मनरेगा के तहत मजदूर कार्य कर रहे थे। जिनकी डिजिटल उपस्थिति पोर्टल पर भी चल रही थी।

सोशल मीडिया पर भीषण बरसात व जल भराव में मनरेगा के मजदूर कार्य कर रहे हैं। इस वायरल खबर को लोकपाल मनरेगा महेंद्र विक्रम सिंह ने संज्ञान लेते हुए डीएम, सीडीओ व बीडीओ को जांच कर दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की बात कही है। वहीं इस संबंध उपायुक्त मनरेगा से बात करने का प्रयास किया गया तो फोन रिसीव नहीं किया गया।

# भुगतान न होने पर प्रधानों ने जताई नाराजगी

संवाददाता, बल्दीराय, सुलतानपुर



क्षेत्र पंचायत की बैठक में मंचासीन अधिकारी और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विचारः** ब्लॉक सभागार में सोमवार को क्षेत्र और ग्राम पंचायत की बैठक गहमागहमी के बीच हुई। इस दौरान हुए और कराए जाने वाले विकास कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में मनरेगा से भुगतान न होने पर प्रधानों ने नाराजगी जताई। बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह भी मौजूद रहीं।

बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र और ग्राम पंचायत की बैठक की गई। विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने सभी से सरकारी योजनाओं को लोगों तक शत-प्रतिशत पहुंचाने की बात कही। ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने वंचित गांवों को क्षेत्र पंचायत निधि से कार्य कराए जाने का भरोसा दिलाया। बीडीओ ने कराए गए कार्यों का ब्योरा दिया। इस मौके पर बीडीओ वैशाली (आईएएस), डीडीओ अजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश यादव, बीईओ रोजी सिंह, सीडीओ राजवती सिंह, एसडीओ विद्युत अरुण कुमार यादव, प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास, प्रधान मो. सम्मू, प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि राजू सोनी, प्रधान श्रीपाल, बीडीसी अतुल मिश्र, प्रधान मो. रिजवान, बिंद्रा यादव, सुरेश, मनीष सिंह, बीडीसी स्वामीनाथ, अकील अहमद, ऊधो प्रताप, हजारीलाल, मो. असलम, रवि राणा, अरविंद सिंह, दयावंत सिंह, शिवकुमार, प्रियंका साहू, गुलाम हैदर, बब्बू सहित सभी बीडीसी व प्रधान मौजूद रहे।

धनपतगंज विकास खंड

ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही भाजपा सरकार : विधायक

# पहली बार भाजपा की ब्लाक प्रमुख ने ली शपथ

संवाददाता, धनपतगंज, सुलतानपुर



पद एवं गोपनीयता की शपथ लेतीं नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख पार्वती सरोज।

**अमृत विचार :** धनपतगंज विकास खंड की नवनिर्वाचित भाजपा की महिला ब्लॉक प्रमुख पार्वती सरोज ने सोमवार को शपथ ली। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के पार्टी की सोच के आधार पर बगैर किसी भेदभाव के क्षेत्र का विकास किया जायेगा।

सोमवार को ब्लाक मुख्यालय परिसर में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक विनोद सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार बुनियादी सुविधाओं का ग्रामीण अंचल में विस्तार तेजी से कर रही है। विधायक विनोद सिंह को भाजपा नेता त्रिनेत्र पांडेय व प्रधान संतोष सिंह ने सम्मानित किया। ब्लाक प्रमुख को जिला गन्ना अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने शपथ दिलाई। संचालन यमुना पांडेय ने किया। कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चौहान, विशाल शुक्ल, लंभुआ प्रमुख कुंवर बहादुर, जयसिंहपुर के प्रमुख राहुल शुक्ला, कुड़वार के प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह, कूरेभार ब्लाक प्रमुख सोनू, अमऊ प्रधान बब्लू मिश्रा, धर्मदासपुर प्रधान शंकर मिश्रा, प्रधान मोनू चतुर्वेदी, प्रधान अम्बुजा तिवारी, सराय गोकुल प्रधान मनीष तिवारी, भीखरपुर प्रधान पंचम यादव, बीडीसी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवी प्रसाद, बीडीसी अजीत श्रीवास्तव, प्रधान राजेश दूबे, भाजपा श्रम प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. बलराम मिश्रा, उमाकांत, शत्रुघ्न मिश्रा आदि थे।

**दूरी बनाए रहे कई बीडीसीः** सूचना के बावजूद सभी 81 बीडीसी कार्यक्रम में नहीं आये। बमुश्किल 40 बीडीसी ही नजर आये। भाजपा के बल्दीराय ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह के कार्यक्रम में न पहुंचने और आज ही के दिन क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाने की राजनीतिक गलियारे में चर्चा तेज रही।

# जेसीबी के जरिये चौथे दिन निकाला गया गांव में भरा पानी

संवाददाता, सुलतानपुर



खोदाई करती जेसीबी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** एसडीएम व तहसीलदार के प्रयास के बावजूद भी सोमवार को एक गांव में पानी भरा रहा। प्रधान ने अधिकारियों से बात कर जेसीबी से खोदाई करवाकर जल निकासी कराई।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसा का एक पुरवा करमदासपुर के पास विझुरी चमरा की बांध के सड़क का निर्माण हाल ही में द्वारा कराया गया था। जहां से गांव का पानी निकलता था उस स्थान पर लगी पानी की पाइप को कार्यदायी संस्था ने बंद करा दिया था। इससे बरसात का पानी नहीं निकल पा रहा था। ग्रामीणों ने अधिकारियों से जलजमाव की शिकायत की लेकिन नतीजा नहीं निकला। सोमवार को ग्रामीण प्रधान शरद निषाद के पास पहुंचे। प्रधान ने जेई दीप चंद्र चौरसिया से बात की। जेई ने प्रधान से कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर पानी निकलवा दीजिए। प्रधान ने जेसीबी नाले की सफाई कराई तब पानी निकला।

# कंपोजिट विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

## रजिस्टर अपडेट नहीं होने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



क्लास में जाकर बच्चों से बात करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय, भलुहा विकास क्षेत्र खेसरहा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में 250 बच्चों का नामांकन है जिसमे 160 बच्चे उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा पीटीएम रजिस्टर, निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, मिड्डे मील रजिस्टर आदि को देखा। इस दौरान निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, मिड्डे मील रजिस्टर व अन्य रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया जिसपर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सभी रजिस्टर को समय से अपडेट करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान निपुण तालिका व अन्य रजिस्टर पूर्ण न होने पर शिक्षक शत्रुहन कुमार गुप्ता एवं अवधेश मिश्रा का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। विद्यालय में कम्पोजिट ग्राण्ट, टीएलएम आदि की पेंटिंग नहीं पाया गया, आरओ भी नहीं लगा था। मिड्डे मील मीनू के अनुसार बना था। विद्यालय में बच्चे जूता मोजा नहीं पहने थे, जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत व बच्चे ड्रेस, जूता मोजा आदि अनिवार्य रूप में पहन कर आयें। विद्यालय में साफ-सफाई ठीक नहीं था तथा शौचालय भी गंदा था जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी द्वारा अभिभावको की नियमित बैठक कराने तथा बच्चों के अभिभावको को प्रेरित करें की जूता-मोजा आदि खरीद लें। सभी शिक्षकगण उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने विद्यालय में ठीक ढंग से कार्य सम्पादित न होने, गंदगी पाये जाने के कारण खण्ड शिक्षा अधिकारी खेसरहा को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के किचन को देखा गया, खाद्यान्न ठीक ढंग से नहीं रखा गया था, गेंहू की गुणवत्ता बहुत खराब मिला। प्रधानाध्यापक द्वारा अवगत कराया गया कि एफसीआई (कोटेदार) द्वारा खराब गुणवत्ता का गेंहू दिया गया है प्रधानाध्यापक द्वारा नया गेंहू लाया गया है। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में बन रहे अतिरिक्त कक्षा कक्ष को देखा गया।

## आम जनता के लिए बनाया गया रेल म्यूजियम

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा स्थापित गोरखपुर स्थित रेल म्यूजियम आम जनता का मनोरंजन करने के साथ रेल के इतिहास के सम्बन्ध में ज्ञानबर्धन करता है। आने वाले शरद ऋतु को ध्यान में रखते हुये आम जनता एवं बच्चों की सुविधा हेतु इसके खुलने एवं बन्द होने के समय में परिवर्तन किया गया है। गोरखपुर स्थित रेल म्यूजियम 01 अक्टूबर, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक दोपहर 12.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक खुलेगा। इसमें प्रवेश हेतु टिकट बुकिंग का समय रात्रि 07.30 बजे तक रहेगा तथा गेट बन्द होने का समय रात्रि 08.00 बजे तक होगा। रेल म्यूजियम पूर्व की भांति सोमवार के दिन बन्द रहेगा। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# बारिश से नदियां उफान पर, दर्जनों मार्गों पर आवागमन ठप

संवाददाता, सिद्धार्थनगर





**अमृत विचार:** पिछले तीन दिनों की प्रलयंकारी बारिश के चलते 24 घंटों के भीतर जिले की सभी प्रमुख नदियां खतरे का निशान पार कर गई हैं। सबसे विकाराल रूप बूढ़ी राप्ती का है जो खतरा बिदु से तीन मीटर से अधिक ऊपर बह रही है। इसके अलावा ककरहवा को जोड़ने वाले कई सम्पर्क मार्गों पर पानी चढ़ जाने के कारण दुल्हा-डफालीपुर मार्ग सहित दर्जन पर अन्य रास्ते बंद कर दिये गये हैं। पानी के दबाव में सरयू नहर टूटने से लोटन क्षेत्र में सैलाब और व्यापक हे गया है। अभी राप्ती नदी खतरा बिंदु के निकट है। अगर इसने डैंजर लेबिल पार किया तो सैलाब के आने की संभावना बढ़ सकती है।

ड्रेनेज खण्ड के अनुसार बूढ़ी राप्ती नदी अपने प्रलयंकारी रूप में दिख रही है। वह खतरा बिंदु 84.650 के सापेक्ष 3.32 मी.ऊपर बह रही है। उसका बढ़ाव देख कर लगता है कि वह अब तक के उच्चतम जलस्तर 88.500 को आगामी सुबह तक पार कर जाएगी। बूढ़ी राप्ती की बाढ़ से कछार इलाके के भूतहवा, भूतहवाँ, पिपरहवा, नादवलिया आदि 40 से अधिक गांव प्रभावित हैं। इसके अलावा कूड़ा नदी भी खतरा बिंदु 83.520 मी. को पार कर 83.840 पर बह रही है। इसकी बाढ़ से ताल नटवा, ताल भरौना, मरुखर, संगल्दीप, हथिवड ताल, मझगवा, आदि गांव लगभग 50 बाढ़ से घिरे हैं। यही हाल घोंघी का भी है। वह भी अपने खतरा बिंदु 87.00 के सापेक्ष 87.56 पर बह रही है, इससे रसियावल, बर्वास, आदि गांव प्रभावित हो गये हैं। दूसरी तरफ तेलार नदी से दूल्हा, ककरहवा इलाके के दूल्हा जुनूबी, आनंदापुर, बनौली लीलाडीह, नेबुइया आदि एक दर्जन गांव प्रभावित बताए जा रहे है।

अब तक मिली सूचना के अनुसार जिले के लगभग 90 गांव बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हैं। जिनमे लगभग 30 गांव मैरूंड बताये जा रहे हैं। इसके अलावा तीन प्रमुख मार्गों सहित कम से कम दो दर्जन सम्पर्क मार्गों पर पाने चढ़ने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कृषि क्षति का अभी आंकलन नहीं हुआ है और किसानों में बाढ़ को लेकर कोहराम मचा हुआ है। लोटन के किसान उदय नारायन शुक्ल कहते हैं की हथिया नक्षत्र में पानी बरसने से धान के खेतों मे बालियां लगती है, लेकिन इस बार हथिया की बारिश किसानों के लिए तबाही लेकर आई है।

# निजी सचिव संजय सिंह सम्मानित

संवाददाता, गोरखपुर





**अमृत विचार:** मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन कक्ष, गोरखपुर में पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन राजेश कुमार ने सोमवार को सेवानिवृत्त होने वाले निजी सचिव-I/अपर महाप्रबन्धक संजय कुमार सिंह को गोल्ड प्लेटेड मेडल, समापक राषि का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे सिंह के स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिये शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त होने वाले 12 अराजपत्रित रेलकर्मियों को गोल्ड प्लेटेड मेडल, समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त रेल कर्मियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य कार्मिक अधिकारी/ आईआर अवधेश कुमार ने कहा कि आप सभी ने अपने जीवन का एक लम्बा समय रेलवे को दिया है। इस अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, मुख्यालय बीके द्विवेदी, सहायक कार्मिक अधिकारी/ समापक प्रमोद कुमार भारती, कार्मिक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन के पदाधिकारी तथा सेवा निवृत्त होने वाले रेलकर्मियों के परिजन उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त लेखा विभाग में लेखा सहायक, कामेश्वर कुमार एवं कृष्ण चन्द्र का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रधान वित्त सलाहकार संजीव जैन ने लेखा सहायक, कामेश्वर कुमार एवं कृष्ण चन्द्र को सम्मानित किया।

## सार-संक्षेप

### गोल्डन ईगल्स हैंडबॉल क्लब टीम ने जीता कांस्य पदक



संवाददाता, गोरखपुर, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) द्वारा खिलाड़ियों हेतु उपलब्ध आधुनिक संसाधनों के फलस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज पर शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी है। 20 से 29 सितम्बर तक अल्माटी, कजाकिस्तान में आयोजित 7वीं एशियाई महिला हैंडबॉल क्लब लीग चैम्पियनशिप में भारत की गोल्डन ईगल्स हैंडबॉल क्लब टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। चैम्पियनशिप में क्लब टीम की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे महिला हैंडबॉल टीम से 03 खिलाड़ी सृष्टि अग्रवाल, सुषमा एवं नीना सिल ने प्रतिभाग किया। शानदार प्रदर्शन के लिये महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर, अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे दिनेश कुमार सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण एवं अध्यक्ष/नरसा अभय कुमार गुप्ता, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, हैंडबॉल/सचिव कृष्ण चन्द्र सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह तथा हैंडबॉल/कोच अरविन्द कुमार यादव ने बधाई एवं शुभकामनायें दीं। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### बैडमिंटन चैम्पियनशिप-2024 का आयोजन

संवाददाता, गोरखपुर। अमृत विचार : भारतीय रेल के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर देश एवं भारतीय रेल को गौरवान्वित कर रहे हैं। इसी क्रम में, 01 से 05 अक्टूबर, 2024 तक पोलैंड में आयोजित 5वीं यू.एस.आई.सी. बैडमिंटन चैम्पियनशिप-2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस चैम्पियनशिप में स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित भारतीय रेल का एक प्रतिनिधि मंडल हिस्सा ले रहा है। इस प्रतिनिधि मंडल के प्रमुख के रूप में पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के महासचिव एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे पंकज कुमार सिंह का चयन किया गया है। इस विश्व स्तरीय रेलवे बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारतीय रेल की बैडमिंटन टीम हिस्सा लेने के लिये पोलैंड जायेगी।

# यात्रियों को राहत: पर्वों पर राह आसान करेगी विशेष ट्रेन

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्योहारों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 04044 आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी आनन्द विहार टर्मिनस से संशोधित तिथि 26 एवं 29 अक्टूबर तथा 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23 एवं 26 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को तथा 04043 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी 27 एवं 30 अक्टूबर तथा 03, 06, 10, 13, 17, 20, 24 एवं 27 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को मुजफ्फरपुर से चलाई जायेगी।

04044 आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 26 अक्टूबर तथा 02, 09 एवं 16 नवम्बर, 2024 को आनन्द विहार टर्मिनस से 23.15 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 23.47 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद से 02.30 बजे, चन्दौसी से 03.25 बजे, बरेली कैण्ट से 04.55 बजे, सीतापुर जं0 से 08.40 बजे, गोण्डा से 11.35 बजे तथा बस्ती से 12.50 बजे छूटकर गोरखपुर 14.00 बजे पहुंचेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# जन्म लेने वाले बच्चों की समय से करें फीडिंग

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

▸▸ सीएमओ ने सभी बीसीपीएम को दिए दिशा निर्देश

**अमृत विचार:** जिला स्वास्थ्य समिति डीएचएस एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित इंडिकेटर्स की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के प्रगति की समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित सभी संबधित एमओआईसी, डैम, डीसीपीएम व अन्य नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि टीकाकरण का सत्र शेड्यूल के अनुसार निरीक्षण करें। टीकाकरण की फीडिंग तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सभी बीसीपीएम को निर्देश दिया कि नये बच्चों के जन्म पर आशा से प्राप्त रिपोर्ट की फीडिंग सही समय पर की जाये। समस्त बीसीपीएम आशा के माध्यम से जन्म लेने वाले बच्चों की फीडिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करें। समस्त एमओआईसी को ग्राम पंचायतों के अन्टाइड फण्ड से धनराशि खर्च कर गांवों में दवाओं का छिड़काव व चूना आदि डलवाने का निर्देश दिया। जन्म लेने वाले बच्चो का वजन ठीक ढंग से लिया जाये इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। टीकाकरण के दिन बुधवार, शनिवार को घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। अच्छा कार्य न करने वाली आशा, एएनएम को चिन्हित कर उनको कार्य में सुधार लाने के लिए प्रेरित करें। एसएनसी डेटा की समीक्षा, एचबीएनसी और आरसीएच पोर्टल डाटा, एचएमआईएस पोर्टल आदि की समीक्षा की गयी। डिलेवरी 95 प्रतिशत तक प्रत्येक दशा में अस्पताल में ही हो। समस्त एमओआईसी को निर्देश देते हुए कहा कि किसी गर्भवती महिला को जानबूझ कर किसी अन्य जगह रेफर कदापि न किया जाये। सभी संबधित मेडिकल आफिसरो को निर्देश देते हुए कहा कि पूरी ईमानदारी के साथ गर्भवती महिलाओ व बीमार व्यक्तियो के साथ अच्छा व्यवहार करें और सही इलाज करें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अनटाइड फन्ड, परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पीसीपीएनडीटी, रोगी कल्याण समिति, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी। इस बैठक में उपरोक्त के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके झा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ. कैटुल, बीएमसी यूनीसेफ रूपेश त्रिपाठी, डीपीएम, समस्त सीएचसी/पीएचसी के एमओआईसी समस्त सीडीपीओ आदि उपस्थित थे।

**आवश्यकता है**
**चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय**
बरदरी, मरकामऊ, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी
में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है
स्नातक स्तर पर कला संकाय में (बी.ए.) पाठ्यक्रम हेतु– समाज शास्त्र, गृह विज्ञान एवं राजनीति शास्त्र में प्रवक्ता 02–02 पद । एवं परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय में (एम.एससी.एजी.) पाठ्यक्रम हेतु– एग्रोनॉमी में प्रवक्ता 02 पद
शैक्षिक योग्यता व वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की परिनियमावली के अनुसार।
**इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 15 दिवसों के अंदर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर डॉक द्वारा प्रेषित करे।**
प्रबंधक
मो. न. 9935190185

## डीएम व एसपी ने सिद्धार्थ विवि का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर। अमृत विचार:** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में आज यानी 1 अक्टूबर को आयोजित आठवें दीक्षांत समारोह के कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर तैयारियों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने गेस्ट हाउस, मंच, हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल आदि को देखा। जिलाधिकारी ने मंच/टेण्ट की व्यवस्था के लिए अधि. अभि. लोक निर्माण विभाग एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत विद्युत विभाग को एनओसी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# 9 फेरों के लिए चलेगी विशेष ट्रेनें

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 09421/09422 साबरमती-सीतामढ़ी-साबरमती त्यौहार विशेष गाड़ी का संचालन साबरमती से 05, 12, 19, 26 अक्टूबर तथा 02, 09, 16, 23 एवं 30 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक शनिवार को तथा सीतामढ़ी से 06, 13, 20, 27 अक्टूबर तथा 04, 11, 18, 25 नवम्बर एवं 02 दिसम्बर, 2024 दिन प्रत्येक रविवार को 09 फेरों के लिये किया जायेगा।

09421 साबरमती-सीतामढ़ी त्यौहार विशेष गाड़ी 05, 12, 19, 26 अक्टूबर तथा 02, 09, 16, 23 एवं 30 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक शनिवार को साबरमती से 19.45 बजे प्रस्थान कर महेसाणा से 20.55 बजे, पालनपुर से 22.55 बजे, आबूरोड से 23.35 बजे दूसरे दिन फालना से 01.00 बजे, मारवाड़ से 02.05 बजे, ब्यावर से 03.10 बजे, अजमेर से 04.35 बजे, किशनगढ़ से 05.04 बजे, जयपुर से 07.00 बजे, बांदीकूई से 08.45 बजे, भरतपुर से 10.17 बजे, अछनेरा से 10.52 बजे, आगरा फोर्ट से 11.45 बजे, टुण्डला से 13.10 बजे, इटावा से 14.17 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 16.40 बजे, उन्नाव से 17.25 बजे, लखनऊ से 18.30 बजे, बाराबंकी से 19.15 बजे, गोण्डा से 20.40 बजे, बस्ती से 22.07 बजे, खलीलाबाद से 22.31 बजे, तीसरे दिन गोरखपुर से 00.25 बजे, सिसवां बाजार से 02.00 बजे, नरकटियागंज से 03.45 बजे तथा रक्सौल से 05.20 बजे छूटकर सीतामढ़ी 08.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 09422 सीतामढ़ी-साबरमती त्यौहार विशेष गाड़ी 06, 13, 20, 27 अक्टूबर तथा 04, 11, 18, 25 नवम्बर एवं 02 दिसम्बर, 2024 दिन प्रत्येक सोमवार को सीतामढ़ी से 16.00 बजे प्रस्थान कर रक्सौल से 18.05 बजे, नरकटियागंज से 19.35 बजे, अजमेर से 22.05 बजे, ब्यावर से 22.45 बजे, फालना से 01.08 बजे, आबूरोड से 02.45 बजे, पालनपुर से 03.50 बजे तथा महेसाणा से 04.47 बजे छूटकर साबरमती 06.00 बजे पहुंचेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# कई गाड़ियों के मार्ग बदले

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के शहडोल-न्यू कटनी रेल खंड पर स्थित बीरसिंहपुर स्टेशन पर तीसरी लाइन की कमिशनिंग हेतु नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

लखनऊ जं. से 03, 07 एवं 10 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 12535 लखनऊ जं.-रायपुर द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। रायपुर से 04, 08 एवं 11 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 12536 रायपुर-लखनऊ जं. द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। दुर्ग से 03 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा साप्ताहिक एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। नौतनवा से 05 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग साप्ताहिक एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बरौनी से 02 से 10 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 15231 बरौनी-गोंडिया एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग कटनी-उसलापुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट के रास्ते चलायी जायेगी। गोंडिया से 02 से 10 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 15232 गोंडिया-बरौनी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग उसलापुर-कटनी के स्थान पर चलायी जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड गाजू की संगठनात्मक बैठक दिनांक 1/10/2024 को सुबह– 11:00 बजे समिति के कार्यालय पर आहूत की जाती है सभी इच्छुक व्यक्ति बैठक में सादर आमंत्रित हैं। मुख्य प्रवर्तक मो0 नं, 9120181895

**सूचना**
मैं संदीप श्रीवास्तव पुत्र श्री जे0बी0एल0 श्रीवास्तव यह सूचित करना चाहता हूँ कि प्लाट न0 –14 /39 वृन्दावन योजना, लखनऊ का आवंटन पत्र की मूल प्रति खो गयी है। जो कही विक्रय बंधक नहीं है। जिसका भविष्य में दुरूपयोग अवैध है।

**सूचना**
मेरे पुत्र तन्मय पाठक के शैक्षिक अभिलेख में त्रुटिवश मेरा नाम शीलम पाठक लिखा है। जबकि वास्तविक नाम शीलम है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। शीलम पत्नी धर्मेंद्र कुमार पाठक ग्राम– पूरे दुर्गा पाठक, पोस्ट– भखरी जिला– सुल्तानपुर।

**सूचना**
मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम अंसारी मोहम्मद आकिफ पुत्र मोहम्मद खालिद दर्ज है, जबकि आधार कार्ड के नाम मोहम्मद आकिफ अंसारी (Mohd. Aqif Ansari) पुत्र मोहम्मद खालिद अंसारी है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति /मेरे ही हैं, मैं इन दोनों नाम से पहचाना जाता हूं। **निवासी मो0 मिर्दही उत्तरी कस्बा दरियाबाद बाराबंकी**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम SHAILESH KUMAR MAURYA दर्ज है जबकि उसके स्कूल अभिलेखों में उसका नाम SAILESH KUMAR MAURYA दर्जे है। अत: मेरे पुत्र के आधार कार्ड के अनुसार स्कूल में भी नाम दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद ग्राम परसेहरा खुर्द, तहसील व जिला सीतापुर।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे बचत खाता सं0– 07360100029175 में मेरा नाम मुन्नी बानों D/o अमीन दर्ज है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम शाहीन बानों D/o मो. अमीन दर्ज है। उपरोक्त मुन्नी बानों D/o अमीन एवं शाहीन बानों D/o मो. अमीन दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) के हैं। अत: मेरे बचत खाता सं0– 07360100029175 में मेरा नाम शाहीन बानों D/o मो. अमीन दर्ज किया जाये। **शाहीन बानो पुत्री मो0 अमीन नि0 ग्राम गोकुलपुर रोझइया वि0ख0 जगतपुर, तहसील–ऊचाहार जिला रायबरेली।**

**सूचना**
समस्त मत्स्य आखेटक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य पालन से जुडे व्यक्ति व मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.10.2024 को समय 11 बजे दिन में खेल मैदान महमूदपुर विकास खंड धनपतगंज पर एक नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन के लिए द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में ग्राम पंचायत महमूदपुर, रसूलपुर व नकहा के व्यक्ति एवं सम्मानित ग्राम प्रधान की उपस्थिति प्रार्थनीय है।
आयोजक – पूजा निषाद
निवासी महमूदपुर, विकास खंड
धनपतगंज, जनपद सुल्तानपुर

**सीधे प्रवेश**
शैक्षिक सत्र 2024–26 सीधे प्रवेश डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) पाठ्यक्रम में डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण हेतु निर्गत शासनादेश पत्र संख्या– 390/ अरसठ–4–2023–2067/2013 दिनांक 26 मई 2023 को अतिक्रमित करते हुए डी0एल0एड0 2024 में चयन/प्रवेश सचिव, पी0एन0पी0 उ0प्र0 के पत्र संख्या डी0एल0एड0/ 2879–81/2024–25 दिनांक 23 अगस्त 2024 एवं पत्र संख्या गोप0/डी0एल0एड0–24/ 3085–88/2024–25 दिनांक 06.09.2024 तथा कार्यालय/सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0 द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 12.09.2024 के अनुपालन में। **रुदौली एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट**
(मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थान)
सरायपीर, भेलसर, रुदौली, अयोध्या उ0प्र0
(लखनऊ–गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुदौली सब्जी मण्डी के पीछे), सम्पर्क सूत्र– 9936535300, 7275031616

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हुए कई कार्यक्रम

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे पर 'स्वच्छ भारत मिशन' की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम पर 14 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे डीके सिंह के मुख्य अतिथि सोमवार को रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में 'स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य रेलकर्मी उपस्थित थे।

स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे कला समिति द्वारा गणेश वन्दना, एकल गीत 'स्वच्छता ही सेवा', स्वच्छता पर आधारित समूह गीत, पूर्वोत्तर रेलवे बालिका इन्टर कालेज की छात्राओं द्वारा स्वच्छता पर समूह नृत्य, पूर्वोत्तर रेलवे हायर सेकेण्ड्री स्कूल की छात्रा तन्मयी मिश्रा द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा है' विषय पर स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने वाला भाषण दिया गया तथा पूर्वोत्तर रेलवे कला समिति एवं रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा 'स्वच्छता की जीत' पर नाटक प्रस्तुत किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# ट्रेनों की सुरक्षा के लिए बनाया कवच 4.0

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार:** भारतीय रेल यात्रियों को संरक्षित एवं सुरक्षित यात्रा कराने हेतु प्रतिबद्ध है। भारतीय रेल ट्रेन संचलन में बेहतर संरक्षा एवं सुरक्षा के लिये नित नये अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर रहा है। इसी के तहत, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन आरडीएसओ द्वारा अत्याधुनिक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच 4.0' विकसित की गई है। कवच स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली है, जिसके लिये उच्चतम क्रम के संरक्षा प्रमाणन की आवश्यकता होती है।

कवच 4.0 संस्करण में विविध रेलवे नेटवर्क के लिये आवश्यक सभी प्रमुख विशेषताओं को सम्मिलित किया गया है। यह भारतीय रेल के लिये संरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारतीय रेल को टक्कर रोधी उपकरण कवच 4.0 से युक्त करने के लिये द्रुत गति से कार्य शुरू हो गया है। उन्नत सुविधाओं से लैस कवच का उद्देश्य ट्रेनों को सिगनल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) अर्थात लाल सिगनल से गुजरने से रोकना एवं टकराव से बचाना है। यदि लोको पायलट गति प्रतिबन्धों के अनुसार ट्रेन को नियंत्रित करने में विफल रहता है तो यह ट्रेन ब्रेकिंग सिस्टम को स्वचालित रूप से सक्रिय करता है। इसके अतिरिक्त, यह कार्यात्मक कवच प्रणाली से लैस दो लोकोमोटिव के बीच टकराव को रोकता है। यह जंगल, पहाड़ एवं पानी सभी तरह की भौगोलिक स्थितियों में प्रभावी तरीके से कार्य करने में सक्षम है। प्रत्येक स्टेशन पर स्टेशन कवच की स्थापना, पूरे ट्रैक की लम्बाई में आरएफआईडी टैग की स्थापना, पूरे खंड में टेलीकॉम टावरों की स्थापना, ट्रैक के साथ ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) का बिछाया जाना तथा प्रत्येक लोकोमोटिव पर लोको कवच का प्रावधान इत्यादि है। कवच के इंस्टालेशन को प्राथमिकता प्रदान करते हुये यह निर्णय लिया गया है कि प्रथम चरण में मुम्बई-दिल्ली एवं दिल्ली-हावड़ा रूट के 3,000 रूट किमी. पर कवच इंस्टालेशन का कार्य इस वित्त वर्ष में पूरा करने का निर्णय लिया गया है। इसके उपरान्त दिल्ली-चेन्नई एवं मुम्बई-चेन्नई के विभिन्न खंडों पर 9,000 रूट किमी. पर कवच इंस्टालेशन करने की योजना है, जिसके लिये निविदायें आमंत्रित की जा चुकी हैं। इसके साथ ही आर.डी.एस.ओ. एवं रेल मंत्रालय के अनुमोदन के उपरान्त 10,000 रेल इंजनों पर कवच के इंस्टालेशन हेतु निविदायें आमंत्रित की जा चुकी हैं।

## एक नजर

### 250 छात्र-छात्राओं में आज वितरित होगा टैबलेट

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पूर्वांचल के मालवीय कहे जाने वाले स्व. पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी की स्मृति में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंगलवार को सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल खलीलाबाद में नि:शुल्क टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। टैबलेट वितरण की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव ने बताया कि कक्षा 11वीं में अध्ययनरत 250 छात्र-छात्राओं में नि:शुल्क टैबलेट वितरण किया जाएगा। इस परम्परा की शुरुआत विद्यालय की आधारशिला रखने वाले पं. सूर्य नारायण चतुर्वेदी ने ही कराई थी। प्रबंध निदेशक डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए उनका हर सपना साकार करने में जुटे हैं।

### गोतस्करी के 10 अभियुक्तों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

**कुशीनगर, अमृत विचार :** कुशीनगर पुलिस ने कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने, अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को प्रदेश के सीमावर्ती जिलों व बिहार व अन्य जगहों पर गोवंशी पशुओं की तस्करी करने वाले गैंग के 10 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। गैंग के सदस्य सदरे आलम, विक्की प्रसाद, लालबाबू, बाबू अली, रिजवान अली, अरमान अली, रियाज, रुस्तम व इमामुल समेत 10 अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गयी। ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में 19 जून को इस गिरोह को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक पिकअप नं. यूपी 56 टी 6255, जिसमें कुल 6 गोवंशीय पशु बरामद किये गये थे। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया गया था।

### स्वच्छता ही सेवा के तहत चलाया गया सफाई अभियान

**कुशीनगर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के अपर जिला जज शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा सोमवार को स्वच्छता ही सेवा के तहत दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित सार्वजनिक शौचालय की साफ-सफाई कराई गई। अध्यक्षता मो. रिजवान अहमद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा की गई। दीवानी न्यायालय परिसर के बाहर मुख्य गेट के आस-पास जो रेहड़ी वाले, ठेले वाले व अन्य दुकानदार अपनी दुकान लगाये हुये हैं, उनको स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैरालिगल वॉलेन्टियर ने इसमें अपना योगदान किया।

# बाढ़ पीड़ितों ने की लेखपाल को हटाने की मांग

## सौंपा ज्ञापन, बाढ़ पीड़ितों की पात्रता सूची तैयार करने में भेदभाव का लगाया आरोप

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर


अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश को ज्ञापन सौंपते आक्रोशित ग्रामीण। अमृत विचार

» लेखपाल का तबादला न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार।** धनघटा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चपरा पूर्वी, खाले पुरवा, आगापुर गुलरिहा आदि गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को धनघटा तहसील मुख्यालय पर पहुंच कर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश को ज्ञापन सौंपा। आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव में तैनात लेखपाल विवेक रंजन यादव की कार्यशैली को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए, उन्हें तत्काल हटाए जाने की मांग किया।

ग्रामीणों ने बताया कि लेखपाल विवेक रंजन यादव के द्वारा ग्राम पंचायत में बाढ़ राहत सामग्री वितरण करने के दौरान काफी अनियमितता बरती गई है। जिससे तमाम पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित रह गए हैं। ऐसे लेखपाल को तत्काल हटाया जाना न्याय हित में होगा। आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि हल्का लेखपाल को तत्काल हटाया नहीं गया और वंचित बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री का वितरण नहीं कराया गया तो उन्हें धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर ग्रामीण परमजीत चौहान, संवरू सिंह चौहान, सूरज, नेबुला मिश्र, राम सजन, अनीता देवी, सीता जी, रेखा, सुनैना, रामरती, राजमती देवी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### मामले की जांच कराकर होगी कार्रवाई : एडीएम

इस संबंध में पूछे जाने पर एडीएम जय प्रकाश ने बताया कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर हल्का लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही वंचित रह गए बाढ़ पीड़ितों को भी राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

# ज्यादा ध्वनि पर डीजे बजे तो होगी कार्रवाई : सीओ

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी मेंहदावल केशवनाथ के नेतृत्व में थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत बेलहर कला थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी को बताया गया कि केवल परंपरागत जुलूस ही निकाले जाएंगे। पुलिस क्षेत्राधिकारी केशवनाथ ने बताया कि सभी डीजे संचालकों से नोटिस अंतर्गत धारा 168 का बन्ध पत्र भरवा लिया गया है। दुर्गा पूजा और मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे साउंड सिस्टम उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप ही बजाए जाएंगे। अन्यथा डीजे संचालक के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# लगातार दूसरी बार विधायन समिति के सदस्य मनोनीत

संवाददाता, संतकबीरनगर

» भाजपा नेताओं और जन प्रतिनिधियों ने धनघटा विधायक को दी बधाई


गणेश चंद्र चौहान

**अमृत विचार।** धनघटा क्षेत्र से भाजपा विधायक गणेश चंद्र चौहान को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने लगातार दूसरी बार प्रतिनिहित विधायन समिति उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य नामित किया है। इस मनोनयन पर विधायक गणेश चंद्र चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना समेत पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार ज्ञापित किया है। धनघटा विधायक के लगातार दूसरी बार मनोनयन पर सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता त्र्यंबक नाथ त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अमर राय, डॉ सत्यपाल पाल, जोखई सिंह, महामंत्री कौशलेश सिंह दीपू, गणेश पाण्डेय, ज्ञानेंद्र मिश्र, शुभम पाण्डेय, भजन गायक गोरखनाथ मिश्र, समेत तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# प्रधानमंत्री आवास पूर्ण नहीं कराने वालों से होगी रिकवरी

## नोटिस जारी कर शीघ्र रिकवरी शुरू कराएं अधिकारी : डीएम


नगरीय विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर। अमृत विचार

संवाददाता, संतकबीरनगर

» जिला नगरीय विकास अभिकरण की समीक्षा बैठक आयोजित

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत पैसा मिल जाने के बाद भी आवास का निर्माण पूरा नहीं कराने वाले लाभार्थियों से रिकवरी की कार्यवाही शीघ्र ही शुरू हो जाएगी। उक्त आशय का निर्देश जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक के दौरान दिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित संस्था को निर्देशित किया कि पीएमएवाई शहरी में जिले में 219 लोग ऐसे हैं, जिनके द्वारा अभी तक आवास निर्माण पूर्ण नहीं कराया गया है। उनको नोटिस देते हुए रिकवरी की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। पीएम स्वनिधि योजना में प्रथम, द्वितीय और तृतीय लोन में धर्मसिंहवा, खलीलाबाद और मेंहदावल की प्रगति खराब मिलने पर संबंधित ईओ और एलडीएम को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि एक सप्ताह में शत प्रतिशत प्रगति हासिल करें। मगहर और मेंहदावल नगर पंचायतों की वेंडर्स प्रोफाइलिंग और उनकी फैमली प्रोफाइलिंग की प्रगति बेहद खराब पाए जाने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने एक सप्ताह में सभी नगर निकायों को 80 प्रतिशत से ऊपर प्रोफाइलिंग करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के लिए एसएचजी मार्ट बनाए जाने के लिए एसएचजी के लिंकेज करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, पीओ डूडा प्रेमेंद्र सिंह, अधिशाषी अभियन्ता नगर पालिका अवधेश भारती, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवीश चन्द्र, प्रबंधक डूडा ज्ञानेन्द्र शुक्ल, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित जिला समन्वयक आदि मौजूद रहे।

# कारागार के चप्पे-चप्पे का लिया जायजा

## जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया निरीक्षण

संवाददाता, संतकबीरनगर


भोजनालय का निरीक्षण करते जनपद न्यायाधीश, डीएम और एसपी। अमृत विचार

» जेल के भीतर प्रतिबंधित सामग्री के प्रवेश, परिसर व बैरकों की सफाई और भोजन की गुणवत्ता पर ध्यान देने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल हॉस्पिटल, कैदियों की बैरक, मेस और जेल परिसर आदि का सघन निरीक्षण किया। जिला जज अनिल कुमार वर्मा और जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कैदियों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं और मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। उपस्थित कारागार कर्मियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री नहीं पहुंचनी चाहिए। ऐसा हुआ तो जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाएगा। जिला जज ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के बारे में उन्होंने कारागार कर्मियों को विशेष निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक राजेश कुमार राय, जेलर आरके सिंह, उप कारापाल नयन कमल, गीता रानी, राजकुमार, हरिकेश, चिकित्सक डॉ. वरुणेश दुबे, वरिष्ठ सहायक केके पांडेय, जेल वार्डर सिद्धार्थ सिंह समेत तमाम जेल कर्मी मौजूद रहे।

# मजाक बन गई है सोशल आडिट टीम की खुली बैठक

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

» खलीलाबाद ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकरडीहा और पोपया का मामला

**अमृत विचार।** गांवों में विकास के लिए सरकार ने खजाना खोल दिया है तो उसकी मानीटरिंग के लिए सोशल आडिट टीम से विकास कार्यों की जांच और ग्रामीणों की उपस्थिति में खुली बैठक करते हुए विकास कार्यों पर शुचिता की मुहर लगवाने का भी इंतजाम किया है। लेकिन ग्राम प्रधान और सोशल आडिट टीम के सदस्य सारे नियम कानून को ताक पर रखकर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में जुटे हैं।

ताजा मामला खलीलाबाद ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पकरडीहा और पोपया में दिखाई दिया। सोशल आडिट की खुली बैठक कहीं-कहीं मजाक बनकर रह गई है। हुआ यह कि अपने तय कार्यक्रम के अनुसार सोशल आडिट टीम इन गांवों में पहुंच गई। ग्रामीणों को इस बात की सूचना देने में जिम्मेदारों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जानकारी के आभाव में ग्रामीण सोशल आडिट टीम की बैठक में नहीं पहुंचे। आडिट करने पहुंची टीम काफी देर तक ग्रामीणों का इंतजार करती रही। लोगों के नहीं आने पर कोरम पूरा कर की वापस लौट गई।

## सार-संक्षेप

### सेवानिवृत्त उप निरीक्षक को दी गई विदाई


सेवानिवृत्त उप निरीक्षक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते क्षेत्राधिकारी।

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिले में तैनात रहे उप निरीक्षक कन्हैया प्रसाद के अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के नेतृत्व में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन केशवनाथ और सीओ सदर अजीत चौहान ने उन्हें अंग वस्त्र देकर और माल्यार्पण करके सम्मानित किया। साथ ही प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। बाद में सम्मानपूर्वक सरकारी वाहन में बैठाकर उन्हें विदा किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, प्रधान लिपिक उमाशंकर यादव सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### कुदरहा पीएचसी पर जांच टीम ने सभी पहलुओं पर की छानबीन

**कुदरहा, बस्ती, अमृत विचार :** कुदरहा पीएचसी के प्रसव केंद्र पर पिछले दिनों प्रसूता, स्टॉफ नर्स, नवजात समेत परिजनों को वार्ड में ताला लगाकर बंद कर दिए जाने के मामले में रविवार को मुख्यालय से स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करने पहुंची। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जेपी चौधरी के नेतृत्व में महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजनी और एचएस रामप्रकाश मौके पर पहुंचकर एएनएम विनोद सिंह, स्टाफ नर्स मंजू और दाई कुंता देवी से अलग-अलग बयान लिये। इस बिंदु पर भी जांच की गई कि महिला का प्रसव लेबर रूम के बजाय वार्ड में क्यों कराया गया। जबकि उस समय लेबर रूम में एक बेड खाली बताया जा रहा है। देर शाम जांच टीम ने रिपोर्ट बनाकर अधीक्षक डॉ. फैज वारिस को सौंप दिया है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत किट वितरित

**कुशीनगर, अमृत विचार :** गण्डक नदी में नेपाल के बाल्मीकि नगर बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद जल स्तर बढ़ने से जिले के खड्डा तहसील व तमकुही राज में दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बाढ़ प्रभावित सालिकपुर, महादेवा, मरचहवा, शिवपुर, अहिरौली दान, पिपराघाट, नारायणपूर, हरिहरपुर, बसंतपुर, भगवानपुर, सोहगी बरवा आदि गांवों में जलस्तर बढ़ने से लोग प्रभावित हुए हैं। तहसीलदार खड्डा के द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में 250 किट का वितरण किया व तहसीलदार तमकुहीराज के द्वारा अहिरौली दान में 285 बाढ़ राहत किट का वितरण किया। बाढ़ से ग्रसित सभी क्षेत्रों में लोगों को भोजन भी कराया जा रहा है। पुलिस टीम, मेडिकल, पशु विभाग की टीम भी अपना कार्य कर रही है। उपजिलाधिकारी खड्डा एवं तमकुहीराज ने सभी ग्राम वासियों से सुरक्षित एवं चिन्हित स्थान पर ही खाने व ठहरने की अपील की। अपर जिलाधिकारी ने गण्डक नदी के किनारे रहने वाले ग्रामीणों से अपील किया कि कोई भी जर्जर व बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के कच्चे मकान में रात्रि विश्राम न करें। बिजली उपकरणों का प्रयोग न करने के साथ साथ जानवरों एवं उपयोगी सामान ऊंचाई पर सुरक्षित स्थानों पर रखें। विषधर जीवों से सतर्क रहने की बात कही।

## पितरों की विदाई कल, शारदीय नवरात्र 3 अक्टूबर से शुरू

**बस्ती, अमृत विचार।** पितृ पक्ष 2 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। उसी दिन पितरों की विदाई की जायेगी। उदया तिथि के अनुसार गुरुवार 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी। इस विशेष तिथि पर हस्त नक्षत्र व इंद्र योग का संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य देवेष्य मिश्र ने बताया कि उदया तिथि के अनुसार, गुरुवार 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी। इस विशेष तिथि पर हस्त नक्षत्र व इंद्र योग का संयोग बन रहा है। कन्या लग्न सुबह 6 बजे से 7:05 बजे तक है। इस वर्ष शारदीय नवरात्र 3 अक्टूबर से लेकर 11 अक्टूबर तक रहेगा। वहीं, 12 अक्टूबर को दशहरा यानी विजयदशमी है। कलश स्थापना मुहूर्त 3 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से लेकर सुबह 7:05 बजे तक है। वहीं, अभिजित मुहूर्त सुबह 11:31 बजे से दोपहर 12:19 बजे तक है। इन दोनों शुभ योग समय में कलश स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार मां दुर्गा डोली पर सवार होकर आएंगी। मां दुर्गा का डोली पर सवार होना शुभ संकेत नहीं है। यह प्राकृतिक आपदा, महामारी और देश में अस्थिरता का संकेत भी है।


पीस कमेटी की बैठक करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### त्यौहारों को लेकर सभी थानों पर हुई पीस कमेटी की बैठक

**कुशीनगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों नवरात्र व दशहरा आदि को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लेकर जनपद के समस्त थानों द्वारा क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। जिसमें जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग कर सभी से त्यौहार से सम्बंधित समस्या को पूछा गया। पुलिस द्वारा त्यौहार को आपसी सौहार्द व भाईचारा के साथ मनाने के लिए अपील की गई।

# मुख्यमंत्री से की विद्युत दुर्व्यवस्था की शिकायत

संवाददाता, कुशीनगर

» प्रधान ने गुरवलिया बाजार में स्थित उपकेंद्र से घोषित रोस्टर के बजाय बेतहाशा बिजली कटौती करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** विद्युत अनापूर्ति से परेशान पूर्व विधायक रामधारी पाण्डेय के गांव बसडीला पाण्डेय की प्रधान माधुरी पाण्डेय सोमवार को गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर गुरवलिया विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात अभियन्ता के कार्यशैली की शिकायत करते हुए सुचारू विद्युत आपूर्ति कराने की मांग की।

विकासखण्ड तमकुही अन्तर्गत ग्रामसभा बसडीला पाण्डेय की ग्राम प्रधान माधुरी पाण्डेय ने बताया कि गुरवलिया बाजार में स्थित विद्युत उपकेन्द्र से घोषित रोस्टर के बजाय बेतहाशा बिजली की कटौती की जाती है। ऐसे में उपकेन्द्र से सम्बद्ध उपभोक्ता काफी परेशान हैं। उपभोक्ताओं की परेशानियों से अभियन्ता और कर्मचारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने बताया कि दिन में भी शिड्यूल्ड के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। यहां तैनात जेई शिकायतकर्ताओं से बात करना उचित ही नहीं समझते। उन्होंने बताया कि बसडीला पाण्डेय में अधिभार की अपेक्षा कम पावर के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं, जो लोड पड़ने पर जल जाते हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिये 250 केवी के ट्रांसफार्मर की तत्काल आवश्यकता है। पोखरा टोला व डीह टोला में दस व सोलह केवी के लगे ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण दोनों टोले के उपभोक्ता एक सप्ताह से अन्धेरे में रह रहे हैं।

# कोहरवलिया में गौ-संरक्षण केंद्र की होगी स्थापना


विधायक पीएन पाठक

**कुशीनगर, अमृत विचार :** कसया के कोहरवलिया में गौ संरक्षण केंद्र के स्थापना को लेकर कुशीनगर विधायक पीएन पाठक के प्रयास से शासन ने स्वीकृति दे दी है। वही प्रथम किस्त के रूप में 80 लाख रुपये की वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। हरित क्रांति, पशुधन विकास एवं निराश्रित पशुओं के जीवन यापन के संवर्धन के लिए कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के कोहरवलिया में गौ संरक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि गो सेवा केंद्र की स्थापना कृषकों और पशुपालकों के लिए वरदान साबित होगा। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह के प्रति आभार प्रकट किया है।

**बुरा हाल** | बारिश के समय तमाशबीन बनकर दुश्वारियां देख रहे नगर पालिका के जिम्मेदार

# न नाला निर्माण हुआ और न ही सफाई

संवाददाता, बस्ती

» अधिकांश नालों की नहीं हुई वर्षों से मरम्मत, पानी का बहाव होने में आ रही समस्या

**अमृत विचार।** शहर की समस्याओं का निदान निकालने वाली नगर पालिका खुद राम भरोसे हो गई है। निर्माण और मरम्मत के लिए नगर पालिका के पास पर्याप्त बजट ही नहीं है। नगर पालिका का यह रोना पिछले दो साल से बना हुआ है। बारिश में जब शहर में जलभराव का संकट गहराता है तो नगर पालिका लोगों को समस्या से उबारने में हाथ खड़े कर देती है।

शहर में 40 किमी तक मुख्य नाले का निर्माण हुआ है। इसके अलावा मोहल्लों, कॉलोनियों में एक हजार किमी से अधिक लंबाई में छोटी नालियां बनाई गई हैं। मगर वर्षों से इन नालियों और नालों के मरम्मत का कार्य नहीं हुआ है। जबकि लंबा समय होने के कारण इनकी सतह सड़कों से काफी नीचे हो गई है। ऐसे में पुराने नाले और नालियां पानी का बहाव नहीं कर पा रहे हैं। नतीजा नालियों का पानी उलटा घरों में जा रहा है।

**पक्का निर्माण या नालों को ढकने की भी योजना नहीं :** शहर के मुख्य नाले अधिकांश जगहों पर कच्ची खोदाई कर बनाए गए हैं। इन्हें पक्का करने की कोई योजना तैयार नहीं हुई है। जिससे अधिक बहाव के दौरान नालों के किनारे कटान भी हो रही है। शहरी क्षेत्र के अधिकांश मुख्य नालों के बगल से आवागमन हो रहा है। मंगला कॉलोनी, तुरकहिया आदि जगहों पर 20 फिट चौड़ाई में बना खुला नाला दुर्घटना का सबब बना है।

**ईओ और इंजीनियर भी नहीं :** दो साल से नगर पालिका की निर्माण इकाई ठप सी हो गई है। कभी एक सहायक अभियंता और दो अवर अभियंता से गुलजार होने वाली नगर पालिका के पास इधर एक भी इंजीनियर नहीं है। पीडब्ल्यूडी के उधार के इंजीनियर से किसी तरह छिटपुट कार्य कराया जा रहा है। वहीं साल भर से अधिशासी अधिकारी भी यहां तैनात नहीं किए जा रहे हैं। पिछले महीने एक महिला ईओ का स्थानांतरण यहां के लिए हुआ भी तो एक ही दिन बाद वह गैर जनपद स्थानांतरित होकर चली गई।

### बीडीए को बनानी पड़ रही सड़क और नाली

अभी हाल ही रेलवे स्टेशन मार्ग के निर्माण पर किसी तरह नगर पालिका ने 60 लाख रुपये धन का इंतजाम किया। इस धन से सड़क तो बनाई जा रही है लेकिन, दोनों तरफ नाला निर्माण की व्यवस्था नगर पालिका के पास नहीं है। ऐसे में बीडीए को नाला निर्माण का जिम्मा उठाना पड़ा है। वहीं शहर के मुख्य मालवीय मार्ग के नवीनीकरण के लिए भी नगर पालिका के पास बजट नहीं है। इस सड़क को भी बनाने का जिम्मा बीडीए ने उठाया है। हालांकि इस पर अभी निर्माण शुरू नहीं हो पाया है।

> बजट के अलावा ईओ और इंजीनियरों की डिमांड शासन से कई बार की जा चुकी है। उपलब्ध बजट और संसाधन में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। अतिरिक्त बजट के लिए शासन स्तर पर प्रयास चल रहा है।
>
> **नेहा वर्मा, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद**

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर तीसरी आंख की होगी नजर, निर्देश जारी

संवाददाता, बस्ती

» केंद्र बनाए गए स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य

**अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड की 2025 में आयोजित होने वाली 10वीं व 12वीं की परीक्षा पर तीसरी आंख से नजर रखी जाएगी। केंद्र बनाए गए स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। उसी स्कूल को केंद्र बनाया जायेगा, जहां सीसीटीवी कैमरे की सुविधा होगी। जिसकी निगरानी मुख्यालय और नोडल अधिकारी करेंगे। परीक्षाएं निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने सभी स्कूलों को निर्देश जारी किया है।

जिले में 42 स्कूल सीबीएसई बोर्ड से संचालित होते हैं। यहां पढ़ने वाले 10वीं और 12वीं के लगभग इस सत्र में आठ हजार छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र बनाए जाने वाले स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे की सुविधा होगी। जहां यह सुविधा नहीं होगी, उसे परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग को भी सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक ने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे नीति के अनुसार अपने स्कूलों में सीसीटीवी लगवाना सुनिश्चित करें। यदि अनुचित साधन के प्रयोग का कोई मामला होगा तो इसकी रिपोर्ट बोर्ड को रिपोर्ट किया जायेगा।

सिटी कोऑर्डिनेटर प्रमेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में परीक्षा पहले से होती है, जिसकी निगरानी स्कूल स्वयं करता था लेकिन इस बार बोर्ड की ओर से निगरानी की व्यवस्था की गई है। जिसको लेकर बोर्ड से सभी स्कूलों को पत्र आया है। उसी के निर्देश पर परीक्षा करायी जायेगी।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360–2800 गेहूँ (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूँग खड़ा 10000–10500 मूँग दाल 10500–11000 मूँग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूँगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 77,650 |
| सोना रवा | 77,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,900 |
| चांदी (999) | 92,800 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# बिकवाली से सेंसेक्स 1.49% गिरा

## पश्चिमी एशिया में तनाव, जापानी बाजार में कमजोर रुख का दिखा असर

- **निफ्टी ने भी 368 अंक यानी 1.41% का लगाया गोता**

मुंबई, एजेंसी

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 1,272 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी ने 368 अंक का गोता लगाया। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के अलावा विदेशी पूंजी की निकासी से भी बाजार में गिरावट रही।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 1272.07 अंक यानी 1.49% लुढ़क कर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,314.71 अंक तक फिसलकर 84,257.14 पर आ गया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 368.10 अंक यानी 1.41% की बड़ी गिरावट से 25,810.85 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि एशियाई बाजारों में कमजोरी, पश्चिम एशिया में बढ़ते और चीन सरकार के प्रोत्साहन वाले कदमों से बाजार को झटका लगा। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में 3% से अधिक की गिरावट आई। आईसीआईसीआई, नेस्ले, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, एसबीआई और टाटा मोटर्स में भी गिरावट का रुख बना रहा।

### निवेशकों की संपत्ति 3.57 लाख करोड़ रुपये घटी



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के साथ निवेशकों को 3.57 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 1,272.07 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,314.71 अंक यानी 1.53 प्रतिशत टूटकर 84,257.14 पर आ गया था। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से गिरावट आई। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,57,885.53 करोड़ रुपये घटकर 4,74,35,137.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

# पीसीआर: विकल्प बाजार का महत्वपूर्ण सूचक

पुट कॉल रेसियो (पीसीआर) विकल्प बाजार में एक महत्वपूर्ण सूचक है, जो निवेशकों की भावना और बाजार की दिशा को दर्शाता है। यह पुट विकल्पों और कॉल विकल्पों के अनुपात को दर्शाता है, जिससे निवेशकों को बाजार की स्थिति का अनुमान लगाने में मदद मिलती है। विकल्प बाजार में निवेश करने से पहले पीसीआर का विश्लेषण करना निवेशकों के लिए आवश्यक है। आइए इस पर जरा ध्यान दिया जाए ...




### अनुपात

- पीसीआर 1 से अधिक है, तो निवेशक बाजार में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं।
- रेसियो 1 से कम है, तो निवेशक बाजार में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

### महत्वपूर्ण

- उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा, विकल्प व फ्यूचर, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं।
- विविधीकरण, जोखिम प्रबंधन, शिक्षा और अनुभव, विशेषज्ञ की सलाह और नियमित निगरानी से जोखिम कम किया जा सकता है।

### निम्न चरण का करें पालन

- **विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें :** विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें, जिसमें पुट और कॉल विकल्पों की संख्या शामिल है।
- **पुट और कॉल विकल्पों का अनुपात :** पुट विकल्पों की संख्या को कॉल विकल्पों की संख्या से विभाजित करें।
- वहीं वित्तीय वेबसाइटों और प्लेटफॉर्मों पर पुट कॉल रेसियो की जानकारी देख सकते हैं, जैसे कि वरसिटी बाय जोरोधा।




### उच्च जोखिम

**अस्थिरता :** ऐसे निवेश में बाजार की कीमतें तेजी से बदल सकती हैं।
**अनिश्चितता :** ऐसे निवेश में भविष्य आय या मूल्य की अनिश्चितता होती है।
**उच्च रिटर्न की उम्मीद :** ऐसे निवेश में उच्च रिटर्न की उम्मीद होती है।

### उपाय

**विविधीकरण :** निवेश को कई प्रकार के आस्तियों में विभाजित करें।
प्रबंधन : जोखिम को प्रबंधित करने को रणनीतियों का उपयोग करें।
शिक्षा और अनुभव : निवेश से पहले शिक्षा और अनुभव प्राप्त करें।

उच्च जोखिम वाले निवेश में निवेशकों को आकर्षित करने की क्षमता होती है, लेकिन यह जोखिम भरा भी हो सकता है। उच्च रिटर्न की उम्मीद में निवेशक अपनी पूंजी को जोखिम में डाल सकते हैं। लेकिन, उच्च जोखिम वाले निवेश में हानि की संभावना भी अधिक होती है। उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, विकल्प बाजार, फ्यूचर बाजार, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं। उच्च जोखिम वाले निवेश से पहले सावधानी से विचार करना आवश्यक है।

## विनिर्माण उद्योगों में रोजगार 7.5% बढ़कर 1.85 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** विनिर्माण उद्योगों में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या 2022-23 में 7.5% बढ़कर 1.85 करोड़ हो गई, जो पिछले वर्ष 1.72 करोड़ थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि इस क्षेत्र में व्यक्तियों की अनुमानित संख्या महामारी से पहले के मुकाबले 22.14 लाख अधिक थी। औसत पारिश्रमिक में भी सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई।

## लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में सरकार ने नहीं किया कोई बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- **2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं की दरों में किया गया था बदलाव**

सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं अन्य लघु बचत योजनाओं पर 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने की सोमवार को घोषणा की। सरकार ने तीन तिमाहियों से ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं की दरों में बदलाव हुआ था।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि 2024-25 की तीसरी तिमाही (एक अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2024 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें दूसरी तिमाही (एक जुलाई से 30 सितंबर, 2024 तक) के लिए अधिसूचित दरों के समान ही रहेंगी। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2% ब्याज मिलेगा जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज दर 7.1% रहेगी। वहीं पीपीएफ और डाकघर बचत जमा योजना के लिए ब्याज दरें क्रमशः 7.1 और 4% पर बनी रहेंगी। केवीपी पर 7.5% तथा यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। वहीं राष्ट्रीय बचत पत्र पर ब्याज दर 7.7% रहेगी। डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को 7.4% ब्याज मिलेगा। सरकार डाकघरों और बैंकों द्वारा संचालित इन योजनाओं के लिए हर तिमाही में ब्याज दरों को अधिसूचित करती है।

## आयकर ऑडिट रिपोर्ट 7 अक्टूबर तक कर सकेंगे दाखिल

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने 2023-24 के लिए ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी है। विभाग ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक दाखिल करने में करदाताओं के समक्ष आ रही कठिनाइयों के मद्देनजर समय सीमा 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर की गई है। लेखा एवं परामर्श कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल करने में आ रही समस्याओं पर समयसीमा सात दिन और बढ़ाने का फैसला हुआ है।

## चालू खाता घाटा बढ़ा, जीडीपी का 1.1%

मुंबई, एजेंसी

देश का चालू खाते का घाटा अप्रैल-जून तिमाही में मामूली रूप से बढ़कर 9.7 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.1% हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 8.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1% था। आरबीआई ने सोमवार को चालू खाते से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। गत जनवरी-मार्च तिमाही में चालू खाता 4.6 अरब डॉलर यानी जीडीपी के 0.5% अधिशेष में था।

रिजर्व बैंक ने चालू खाता घाटे में सालाना आधार पर बढ़ोतरी को वस्तु व्यापार में फासला बढ़ने को जिम्मेदार बताया है। वस्तु व्यापार अंतराल चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 65.1 अरब डॉलर दर्ज किया गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 56.7 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध सेवा प्राप्तियां एक साल पहले के 35.1 अरब डॉलर से बढ़कर 39.7 अरब डॉलर हो गईं।

### प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त में 1.8% घटी

**नई दिल्ली।** कोयला, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में गिरावट से अगस्त में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में 1.8% की कमी आई। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में यह वृद्धि दर 6.1% थी। प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त 2023 में 13.4% थी। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान यह 4.6% बढ़ा। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8% था। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27% हिस्सेदारी है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### कई राज्यों से 26 ठगों को सीबीआई ने पकड़ा

नई दिल्ली। सीबीआई ने लोगों को ठगने से जुड़ीं गतिविधियों में शामिल होने के आरोपी 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि ऑपरेशन चक्र-3 के तहत पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में 32 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी हुई। एजेंसी ने 58.45 लाख नकद, लॉकर की चाबियां और तीन लग्जरी गाड़ियां जब्त की हैं। एजेंसी ने जिन स्थानों पर छापेमारी की उनमें चार कॉल सेंटर – पुणे के रीजेंट प्लाजा में स्थित वी.सी. इनकंफॉर्मिटीज प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम के मुरली नगर में स्थित वी.सी. इंफ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद में स्थित वायाजेक्स सॉल्यूशंस और विशाखापत्तनम में स्थित अत्रिया ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।


### नोएडा में सड़क हादसे में चार की मौत, एक घायल

नोएडा (उप्र)। सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर 11 के पास हुए सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि हादसा रविवार देर रात दो बजे हुआ और पीड़ित दिल्ली के न्यू कोंडली के थे। अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) जोन प्रथम मनीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने घायल उत्तम की शिकायत पर मामला दर्ज किया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उत्तम ने बताया कि रविवार रात को वह मोहित, विशाल, मनीष और हिमांशु उर्फ बिट्टू के साथ नोएडा आए थे तथा दिल्ली लौट रहे थे। कार हिमांशु चला रहा था, तभी सेक्टर-11 स्थित एच ब्लॉक में ट्रैक्टर चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इस घटना में कार सवार सभी लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने चारों लोगों को मृत घोषित कर दिया।

# मोदी पर खरगे की टिप्पणी अपमानजनक : शाह

## जम्मू-कश्मीर की जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष के दिए बयान की गृहमंत्री ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी



- **शाह बोले- नफरत दिखाते हुए खरगे ने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री का नाम बिना वजह ही घसीटा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जम्मू-कश्मीर में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी को सोमवार को अत्यंत खराब और अपमानजनक करार दिया। शाह ने कहा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए खरगे ने यह कहकर अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम बिना वजह ही घसीटा कि वह मोदी को सत्ता से हटाने से पहले नहीं मरेंगे।

जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में रविवार को रैली में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की तबीयत खराब हो गई, लेकिन कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने भाषण जारी रखा और सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता से हटाने से पहले वह मरेंगे नहीं। खरगे ने कांपती आवाज में कहा कि जब हमारी सरकार आएगी तो हम आतंकवाद को खत्म कर देंगे।

शाह ने खरगे की इस टिप्पणी को पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने भाषण में कल अपमानजनक व्यवहार किया। शाह ने लिखा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए उन्होंने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री मोदी को अनावश्यक घसीटा और कहा कि वह प्रधानमंत्री को हटाने से पहले नहीं मरेंगे। खरगे की टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस में प्रधानमंत्री के प्रति कितनी नफरत और डर है तथा वे उन्हीं के बारे में सोचते रहते हैं। मंत्री ने कहाक जिहां तक खरगे जी के स्वास्थ्य का सवाल है, तो मोदी जी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह दीर्घायु हों और स्वस्थ जीवन जिएं। वह अनेक वर्षों तक जीवित रहें। वह 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होता देखने के लिए जीवित रहें।

### गृहमंत्री मणिपुर और जाति जनगणना पर दें ध्यान : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को मणिपुर, जनगणना और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। खरगे ने शाह की टिप्पणी के बाद एक्स पर पोस्ट किया कि आपकी सरकार का ही सर्वे कहता है कि शहरी सीवरों, सेप्टिक टैंकों की सफाई करने वाले 92% कर्मचारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों से आते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जातिगत जनगणना के विरोध में इसलिए है क्योंकि तब पता चल जाएगा कि एससी, एसटी, ओबीसी आर्थिक रूप से कमजोर व सभी कौन-कौन से कार्यों से जीवन-यापन कर रहे हैं, उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है तथा उनको किस तरह सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना करवाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। हम ये करवाकर ही रहेंगे।

# भाजपा की उद्योगपति समर्थक नीतियों की राहुल गांधी ने की आलोचना

चंडीगढ़, एजेंसी



- **कांग्रेस नेता ने अंबाला की चुनावी रैली में मोदी सरकार पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का लगाया आरोप**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को नरेन्द्र मोदी सरकार पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया और दावा किया कि जैसे सुनामी आती है, वैसे ही गौतम अडाणी के बैंक खाते में पैसे आते रहते हैं, जबकि आम आदमी संघर्ष करता रहता है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाएगी और बदलाव लाएगी।

अंबाला जिले के नारायणगढ़ में रैली में राहुल गांधी ने कहा कि लड़ाई कांग्रेस और भाजपा तथा उनकी विचारधाराओं के बीच है। एक तरफ न्याय और दूसरी तरफ अन्याय है। रैली के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कुमारी सैलजा भी उपस्थित रहे। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह सरकार बड़े उद्योगपतियों की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमें ऐसी सरकार नहीं चाहिए, बल्कि किसानों, मजदूरों और गरीबों की सरकार चाहिए।

### संविधान बदलने की बात करने वालों को बदल दीजिए : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के लोगों को उन लोगों को बदल देना चाहिए, जो संविधान बदलने की बात करते हैं और हर स्तर पर उसका अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने हमेशा देश की रक्षा की है। किसानों, जवानों और खिलाड़ियों ने देश का सम्मान बरकरार रखा है।

## दलित युवक को आईआईटी-धनबाद दे प्रवेश : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- **फीस की राशि जमा नहीं कर पाने पर युवक को गंवानी पड़ी थी सीट**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईआईटी-धनबाद से फीस जमा न करने के कारण सीट गंवाने वाले दलित युवक को प्रवेश देने को कहा। युवक समय से फीस जमा न कर पाने से आईआईटी -धनबाद में प्रवेश नहीं ले पाया था। अब न्यायालय ने संस्थान से उसे बीटेक में प्रवेश देने को कहा है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम ऐसे युवक को अवसर से वंचित नहीं कर सकते। उसे मझधार में नहीं छोड़ सकते। अदालत ने आईआईटी-धनबाद को अतुल कुमार को संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग बीटेक में प्रवेश देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता जैसे प्रतिभाशाली छात्र को वंचित नहीं किया जाना चाहिए, जो हाशिए पर पड़े समूह से ताल्लुक रखता है और जिसने प्रवेश पाने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

## आतंकियों के खात्मे को तलाश अभियान जारी

**जम्मू।** सुरक्षाबलों ने हालिया मुठभेड़ों के बाद आतंकियों के खात्मे के लिए कठुआ और राजौरी में जारी तलाश अभियान को सोमवार को नए क्षेत्रों तक बढ़ा दिया। शनिवार शाम कठुआ की बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद और दो घायल हो गए थे। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर किया था। वहीं, रविवार शाम राजौरी के मनियाल गली में आतंकियों और सुरक्षाबलों में संक्षिप्त गोलीबारी हुई थी। कठुआ में तीसरे दिन भी तलाश अभियान जारी है और मुठभेड़ स्थल के पास के गांवों तक घेराबंदी कर दी गई है।

## ये या-या क्या है, ये कॉफी शॉप नहीं : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- **पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर सीजेआई सख्त**



प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर नाराजगी जताई। उन्होंने वादी से पूछा कि ये या-या क्या है? यह कॉफी शॉप नहीं है और उन्हें ऐसे शब्दों से एलर्जी है।

यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत में तब हुआ जब पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को जनहित याचिका में पक्षकार बनाने और सेवा विवाद से संबंधित याचिका रद करने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच की मांग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हो रही थी। सीजेआई ने उस समय नाराजगी जताई जब वादी ने पीठ के कुछ सवालों के जवाब में यस के बजाय या-या कहा।

चंद्रचूड़ ने कहा कि ये या-या क्या है? ये कॉफी शॉप नहीं है। मुझे इस या-या से एलर्जी है। इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने पुणे के वादी से कहा कि आप किसी न्यायाधीश को प्रतिवादी बनाकर जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? कुछ तो गरिमा होनी चाहिए। आप यह नहीं कह सकते कि मैं एक न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं, बस। गोगोई उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे हैं। गोगोई प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए। क्योंकि आप पीठ के समक्ष सफल नहीं हुए, इसलिए आप यह नहीं कह सकते कि मैं किसी न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं। क्षमा करें, हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता ने श्रम कानूनों के तहत उसकी सेवा समाप्त किए जाने से संबंधित उसकी याचिका को न्यायमूर्ति गोगोई के नेतृत्व वाली पीठ द्वारा खारिज किए जाने के बाद एक जनहित याचिका दायर की थी।

## सिद्धरमैया के खिलाफ एमयूडीए मामले में केस

**नई दिल्ली।** ईडी लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) प्रकरण के संबंध में धन शोधन का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। मैसूरु स्थित लोकायुक्त पुलिस प्रतिष्ठान ने 27 सितंबर को दर्ज प्राथमिकी में सिद्धरमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती, साले मल्लिकार्जुन स्वामी और देवराजू को नामज़द किया है।

# हिंदू संगठनों की पुलिस से झड़प

शिमला, एजेंसी

**हिमाचल मस्जिद विवाद**

- **मुस्लिम संगठन ने कहा- कोई मस्जिद अवैध नहीं**

हिमाचल प्रदेश में अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच मुस्लिम संगठन ने कहा कि राज्य में कोई अवैध मस्जिद नहीं है लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में नक्शे को मंजूरी मिलने में देरी से यह समस्या हो रही है। मस्जिद गिराने की मांग को लेकर कुल्लू में यात्रा निकालने वाले हिंदू संगठनों की सोमवार को पुलिस के साथ झड़प हो गई।

हिंदू धर्म जागरण यात्रा के प्रदर्शनकारियों ने हनुमान मंदिर से अखाड़ा मस्जिद तक मार्च निकाला। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भगवा झंडे और तख्तियां लेकर मस्जिद गिराने का आह्वान कर रहे थे। पारंपरिक पोशाक में महिलाएं यात्रा की अगुवाई कर रही थीं। अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग 30 अगस्त को शिमला के मलयाना इलाके में मुस्लिम नाई और हिंदू व्यापारी के बीच हुई हाथापाई के बाद शुरू हुई। हिंदू समूह अवैध मस्जिदों गिराने की मांग कर रहे हैं जबकि स्थानीय लोग बाहरी लोगों की पहचान की मांग कर रहे हैं।

मंडी स्थित मुस्लिम कल्याण समिति के अध्यक्ष नहीम अहमद ने इस बीच सोमवार को कहा कि प्रदेश में कोई भी मस्जिद अवैध नहीं है लेकिन नक्शे को मंजूरी मिलने और अन्य प्रक्रियाओं में देरी हुई है। अगर कोई भी हिस्सा अवैध पाया जाता है तो हम खुद हटा देंगे।

## अभिनेता की तस्वीर वाले नोट देकर 2.1 किलो सोना ठगा

**अहमदाबाद।** गुजरात में दो अज्ञात व्यक्ति अभिनेता अनुपम खेर की तस्वीर वाले नकली नोट देकर सर्राफा कारोबारी का 2.1 किलो सोना लेकर रफूचक्कर हो गए। कारोबारी मेहुल ठक्कर ने नवरंगपुर थाने में दी शिकायत में बताया कि किस तरह उन्हें 500 के नकली नोटों के 26 बंडल देकर धोखाधड़ी हुई।

घटना 24 सितंबर की है जब अज्ञात लोगों ने 2.1 किलो सोने के बदले ठक्कर के कर्मचारियों को नकली नोट थमाए, जिनपर रीसोल बैंक ऑफ इंडिया लिखा था। ठक्कर के पास आभूषण की दुकान के मालिक और परिचित प्रशांत पटेल का फोन आया। पटेल ने 2.1 किलो सोना खरीदने की बात कही, जिसके लिए 1.60 करोड़ की रकम तय हुई। ठक्कर को अंदाजा नहीं था कि वह ठगी का शिकार होने वाले हैं।

## चुनावी बॉण्ड मामले में सीतारमण व अन्य के खिलाफ जांच पर रोक

बेंगलुरु, एजेंसी

- **कर्नाटक हाईकोर्ट ने भाजपा नेता की याचिका पर दिया अंतरिम आदेश**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित अनियमितताओं की जांच पर रोक लगा दी। चुनावी बॉण्ड योजना अब रद हो चुकी है।

न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने भाजपा नेता नलिन कटील की उस याचिका पर यह अंतरिम आदेश दिया, जिसमें उन्हें आरोपी के रूप में नामजद करने वाली प्राथमिकी को चुनौती दी है। अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित शिकायत के बाद यहां की एक विशेष अदालत के निर्देश पर सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। पुलिस के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री सीतारमण, ईडी के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है।

## दरभंगा, सीतामढ़ी में तटबंधों में दरार से बाढ़ की स्थिति बिगड़ी

- **एनडीआरएफ की छह टीमें और बुलाई गईं**

**पटना।** बिहार के दरभंगा में कोसी नदी और सीतामढ़ी में बागमती नदी के तटबंधों में नई दरारें आने के बाद सोमवार को राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई। अधिकारियों के अनुसार, कल रात उफनती कोसी नदी ने किरतपुर प्रखंड के पास तटबंध तोड़ दिये, जिससे किरतपुर और घनश्यामपुर प्रखंड के गांव प्रभावित हुए हैं। विजय कुमार चौधरी ने सोमवार को बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। जल संसाधन विभाग और राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं और चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। तटबंधों में दरार की छह घटनाएं सामने आई हैं। मदद को उप्र के वाराणसी व झारखंड के रांची से एनडीआरएफ की छह अतिरिक्त टीमें बुलाई गई हैं।

# मैच के परिणाम को तेज चला बल्ला

## चौथे दिन भारत को 52 रन की बढ़त, बांग्लादेश की पहली पारी 233 पर सिमटी, दूसरी में बनाए 26 रन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


दूसरी पारी में विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

• ग्रीनपार्क में चौथे दिन टीम इंडिया का दिखा जलवा, चौके-छक्कों की बरसात

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में चौथे दिन सोमवार को टीम इंडिया पूरे रौब में दिखी और मैच को रोमांचक मोड़ पर ला दिया। धुआंधार बॉलिंग और बैटिंग ने बारिश के कारण दो दिन का मैच न होने का मलाल दूर कर दिया। चौथे दिन बांग्लादेश टीम ने पहली पारी में मोमिनुल हक के नाबाद 107 रन की बदौलत 233 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी टीम इंडिया ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए पहले तीन ओवर में ही 50 रन पूरे कर लिए। खेल समाप्त होने से पहले भारतीय टीम ने 9 विकेट पर 285 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी और पहली पारी में 52 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश की टीम ने खेल समाप्त होने तक 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए।

चौथे दिन मैच शुरू होने पर चटक धूप निकली। बांग्लादेश टीम ने अपनी पहली पारी 3 विकेट पर 107 रन से आगे खेलना शुरू किया। पहली व मैच की चौथी सफलता बुमराह ने मुश्फिकिर रहीम को 7 रन पर पवेलियन लौटाकर दिलाई। इसके बाद लिटन दास आए। मोमिनुल ने अपना पचासा पूरा किया। सिराज ने पारी के 50वें ओवर में लिटन दास को 13 रन पर आउट करके पांचवीं कामयाबी हासिल की। इस समय बांग्लादेश का स्कोर 148 रन पर था। इसके बाद शाकिब आए। 56वें ओवर में अश्विन ने शाकिब को सिराज के हाथों कैच करा दिया। बांग्लादेश का यह विकेट 170 रन पर गिरा। अश्विन के 66वें ओवर में चौका जड़कर मोमिनुल ने अपने टेस्ट करियर का 13वां शतक पूरा किया। 66 ओवर में 6 विकेट खोकर बांग्लादेश ने 205 रन बना लिए। इसके बाद 28 रन के अंदर बांग्लादेश ने अपने बचे चारों विकेट खो दिए। मोमिनुल ने 17 चौकों से नाबाद 107 रनों की शतकीय पारी खेली। बांग्लादेश ने पहली पारी में 72.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 233 रन बनाए। टीम इंडिया के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

बांग्लादेश की पहली पारी समाप्त होने पर टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल व कप्तान रोहित शर्मा मैदान पर उतरे। दोनों ने एक दिवसीय अंदाज में खेलना शुरू किया और महज तीन ओवर में स्कोर 50 पर पहुंचा दिया। 55 रन के स्कोर पर कप्तान रोहित 23 रन बनाकर बांग्लादेश का पहला शिकार बने। इसके बाद 11.1 ओवर में 100 रन का आंकड़ा टीम ने छू लिया। दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी हुई। यशस्वी 52 गेंदों पर 72 रन बनाकर आउट हुए। चाय के समय तक टीम ने 16 ओवर में 2 विकेट पर 138 रन बना लिए। चाय के बाद शुभमन मिल 39 रन पर पवेलियन लौटे। ऋषभ पंत नौ रन पर शाकिब का शिकार हुए। इस समय स्कोर 159 था। पांचवें विकेट के लिए विराट कोहली व केएल राहुल के बीच 87 रनों की साझेदारी हुई। कोहली 47 रन बनाकर पांचवां शिकार हुए। इसके बाद अगले 39 रन में टीम इंडिया ने चार विकेट और खो दिए। नौवें विकेट के रूप में आकाशदीप के आउट होते ही भारतीय टीम ने पारी घोषित कर दी। केएल राहुल ने 68 रनों की पारी खेली। पहली पारी में भारतीय टीम ने 34.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 285 रनों का स्कोर खड़ा किया और 52 रन की बढ़त बनाई। बांग्लादेश के लिए मेहंदी हसन मिराज व शाकिब अल हसन ने 4-4 विकेट लिए।

दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश टीम ने जल्द ही पहला विकेट 18 रन पर खो दिया। अश्विन ने जाकिर को 10 रन पर पगबाधा किया। हसन बिना खाता खोले ही अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए। खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने 11 ओवर में 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए थे। इस्लाम 7 रन व मोमिनुल बिना खाता खोले क्रीज पर हैं।

### सबसे तेज टीम अर्धशतक और शतक का बनाया रिकॉर्ड

**कानपुर।** भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद आक्रामक शुरूआत करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया और सबसे तेज टीम शतक का अपना ही रिकॉर्ड दुरूस्त किया। यशस्वी जायसवाल ने दस चौके और एक छक्के की मदद से भारत के लिए चौथा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा 11 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने तीसरे ही ओवर में 50 रन बना डाले। इसके साथ ही इंग्लैंड का सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने इस साल जुलाई में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4.2 ओवर में अर्धशतक बनाया था। भारत ने सौ रन 11वें ओवर में पूरे करके अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में पोर्ट आफ स्पेन टेस्ट में सबसे तेजी से तिहरा अंक छुआ था।

## विराट कोहली ने पूरे किए 27,000 रन, विश्व में चौथे बल्लेबाज बने

**कानपुर।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए। इस टेस्ट मैच के शुरुआती तीन दिनों में बारिश से लगभग आठ सत्र का खेल प्रभावित होने के बाद भारतीय टीम ने चौथे दिन अपनी पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 47 रन का योगदान दिया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर वह 27,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले महान सचिन तेंदुलकर के बाद वह दूसरे भारतीय बल्लेबाज है। सबसे ज्यादा रन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 34,357 रन बनाए है। दूसरे स्थान पर श्रीलंका के संगकारा (28,016) और तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (27,483) है। कोहली के नाम टेस्ट में 8,870 से अधिक रन है जबकि उन्होंने 295 वनडे में 13,906 और 125 टी-20 में 4,188 रन बनाए है। इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा विराट के शानदार करियर में एक और बड़ा मील का पत्थर, उन्होंने 27,000 रन पूरे किए।



**9** विकेट पर 285 रन बनाकर भारत ने घोषित कर दी पहली पारी

‹‹ 47 रनों की पारी के दौरान बल्लेबाजी करते विराट कोहली।


बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान कैच लपकते रवींद्र जडेजा। ››

### 300 टेस्ट विकेट लेने वाले सातवें भारतीय बने जडेजा

**कानपुर।** रविंद्र जडेजा भारत के लिये 300 विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बन गए जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खालिद महमूद का विकेट लिया। जडेजा ने महमूद का रिटर्न कैच लपककर बांग्लादेश की पारी का अंत किया। बांग्लादेश ने पहली पारी में 233 रन बनाए। भारत के लिये 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) शामिल हैं। जडेजा ने 74 टेस्ट में यह आंकड़ा हुआ है। वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए।

### स्कोर बोर्ड

**बांग्लादेश पहली पारी : 233/10** — 74.2 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश | 0 | 24 | 0/0 |
| शादमान इस्लाम पगबाधा बो आकाश | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 107 | 194 | 17/1 |
| नजमुल हुसैन शंटो पगबाधा बो अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम बो बुमराह | 11 | 32 | 2/0 |
| लिटन दास का शर्मा बो सिराज | 13 | 30 | 3/0 |
| शाकिब का सिराज बो अश्विन | 9 | 17 | 2/0 |
| मेहदी हसन मिराज का गिल बो बुमराह | 20 | 42 | 4/0 |
| तैजुल इस्लाम बो बुमराह | 5 | 8 | 1/0 |
| हसन महमूद बो सिराज | 1 | 4 | 0/0 |
| खालिद अहमद का और बो जडेजा | 0 | 4 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12, गेंदबाजी : बुमराह 18-7-50-3, सिराज 17-2-57-2, अश्विन 15-1-45-2, आकाश दीप 15-6-43-2, जडेजा 9.2-0-28-1

**भारत पहली पारी : 285/9 (घोषित)** — 34.4 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो महमूद | 72 | 51 | 12/2 |
| रोहित शर्मा बो मेहदी हसन | 23 | 11 | 1/3 |
| शुभमन गिल का महमूद बो शाकिब | 39 | 36 | 4/1 |
| ऋषभ पंत का महमूद बो शाकिब | 9 | 11 | 0/0 |
| विराट कोहली बो शाकिब | 47 | 35/4/1 | |
| केएल राहुल स्ट लिटन बो मेहदी हसन | 68 | 43/7/2 | |
| रविंद्र जडेजा का शंटो बो मेहदी हसन | 8 | 13 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन बो शाकिब | 1 | 4 | 0/0 |
| आकाश दीप का महमूद बो मेहदी हसन | 12 | 5 | 0/2 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : महमूद 6-0-66-1, अहमद 4-0-43-0, मेहदी हसन 6.4-0-41-4, इस्लाम 7-0-54-0, शाकिब 11-0-78-4

**बांग्लादेश दूसरी पारी : 26/2** — 11 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शादमान इस्लाम नाबाद | 7 | 40 | 1/0 |
| जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन | 10 | 15 | 1/0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 4 | 9 | 1/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 3-1-3-0, अश्विन 5-2-14-2, आकाश दीप 3-2-4-0

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को वनडे शृंखला में 3-2 से हराया

**ब्रिस्टल।** बारिश आई लेकिन देर से और ऑस्ट्रेलिया ने निर्णायक पांचवें एक दिवसीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके इंग्लैंड को शृंखला में 3-2 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिये 310 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन उस समय बारिश हो गई जब ऑस्ट्रेलिया ने 20.4 ओवर में दो विकेट पर 165 रन बनाए थे। इसके बाद का खेल नहीं हो सका और डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ऑस्ट्रेलिया ने 49 रन से जीत दर्ज की। शृंखला के दौरान चोटों और बीमारियों से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया ने हर मैच में अलग टीम उतारी। आखिरी मैच में मिचेल मार्श के फिट नहीं होने से स्टीव स्मिथ ने कप्तानी की। ऑस्ट्रेलिया ने दस ओवर के बाद एक विकेट पर 103 रन बना लिए थे। मैथ्यू शॉर्ट ने 30 गेंद में 58 रन बनाए। स्टीव स्मिथ 36 और जोश इंगलिस 28 रन बनाकर खेल रहे थे जब मैच खत्म करने का फैसला किया था।

### खेल पत्रकारों का सम्मान करेगा डीएसजेए

**नई दिल्ली।** दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) दिल्ली के 80 साल से अधिक उम्र के खेल पत्रकारों को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये सम्मानित करेगा। डीएसजेए ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस मौके पर केवल कौशिक, के.दत्ता और सी.एस. रामचंद्रन जैसे अनुभवी खेल पत्रकारों को विशेष एसजेएफआई पदक और एक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन शनिवार शाम को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में होगा। डीएसजेए स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का एक सहयोगी है जिसे इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीए) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

### रेलवे ने आईओसी को हराकर गोल्ड कप जीता

**चेन्नई।** गत चैंपियन भारतीय रेलवे ने आरएसपीबी ने इंडियन आइल कारपोरेशन को 5-3 से हराकर 95वां अखिल भारतीय एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया। आरएसपीबी ने आक्रामक शुरूआत की और सातवें ही मिनट में गुरसाहिबजीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। सिमरनजोत सिंह ने दो मिनट बाद बढत दुगुनी कर दी। युवराज वाल्मीकि ने 18वें और 58वें मिनट में गोल दागे जबकि मुकुल शर्मा ने 35वें मिनट में पांचवां गोल किया। आईओसी के लिए 23वें मिनट में तलविंदर सिंह ने और 29वें मिनटमें गुरजिंदर सिंह ने गोल किया। राजबीर सिंह ने 58वें मिनट में गोल दागा।

### रक्षा ने क्रोएशिया और बेल्जियम में जीते खिताब

**मुंबई।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कंदासामी ने शानदार फॉर्म कायम रखते हुए क्रोएशिया इंटरनेशनल और बेल्जियम जूनियर टूर्नामेंट खिताब जीते। सोलह वर्ष की रक्षा दोनों टूर्नामेंटों में अपराजेय रहीं। उन्होंने क्रोएशिया इंटरनेशनल के फाइनल में इंग्लैंड की लियोना ली को 21-9, 21-5 से हराया। इसके अलावा बेल्जियम में जर्मनी की ग्लोरिया पोलुएक्तोव को 21-14, 10-21, 22-20 से मात दी।

### निशानेबाज जूनियर विश्व चैंपियनशिप में देश को दो कांस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की जूनियर विश्व चैंपियनशिप में क्रमश: 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कांस्य पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई जिसमें दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। राइफल निशानेबाजों के क्वालिफिकेशन दौर में गौतमी भनोट व अजय मलिक की भारतीय जोड़ी 628.9 का संयुक्त स्कोर बनाकर 34 टीमों में तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय टीम ने क्रोएशिया को 17-9 से हराया। वहीं चीन ने फाइनल में फ्रांस को हराकर प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में भारत के अभिनव साव व शाम्भवी क्षीरसागर की दूसरी जोड़ी 628.1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रही। मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में दोनों भारतीय जोड़ियां क्वालीफिकेशन में क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं, जिससे उनके बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला खेल गया।

# एटलेटिको प्रशंसकों ने मैदान पर फेंका सामान, मैच बाधित

मैड्रिड, एजेंसी



मेजबान एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड के बीच ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार का मैच बीच में रोकना पड़ा जब एटलेटिको के प्रशंसकोंने मैदान पर सामान फेंकना शुरू कर दिया। मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में हुए मैच में करीब 70वें मिनट में व्यवधान पैदा हुआ और खिलाड़ियों को लॉकर रूम में भेज दिया गया।

मैड्रिड ने उस समय पहला गोल दागा था जो एटलेटिको के प्रशंसकों के सामने इस गोल का जश्न मना रहे थे। इसके 15 मिनट से अधिक समय के बाद मैच को दोबारा शुरू किया गया जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। रियाल के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस ने रेफरी को मैदान पर फेंकी जा रही चीजों के बारे में सचेत किया जिसमें लाइटर भी शामिल था। वहीं एटलेटिको के कोच डिएगो सिमोन ने प्रशंसकों को कई बार समझाया। स्टेडियम के लाउडस्पीकर पर ऐलान किया गया कि 15 मिनट तक खेल रोकना पड़ा है और अगर दर्शकों का ऐसा ही व्यवहार रहा तो इसे निलंबित कर दिया जाएगा। स्पेनिश लीग ने एक दिन पहले कहा था कि वह पुलिस से उन सोशल मीडिया अभियान के प्रचारकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी जिनका उद्देश्य विनिसियस जूनियर (खिलाड़ी) के खिलाफ नस्लवादी हरकतों को बढ़ावा देना था। मैच से पहले एटलेटिको के प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर वीडियो में विनिसियस अलग है नारे लगाते हुए देखा गया था।

# पाकिस्तान दौरे पर फैसला सरकार का : बोर्ड

कानपुर, एजेंसी



• उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा- हमारी नीति है हम अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत सरकार को करना है। पाकिस्तान 19 फरवरी से नौ मार्च तक एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला है।

शुक्ला ने बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमारी नीति यह है कि अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं। यह सरकार तय करती है कि हमारी टीम को किसी देश के दौर पर जाना चाहिए या नहीं। इस मामले में भी सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसका पालन करेंगे। मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ को द्विपक्षीय शृंखला नहीं खेली है। दोनों टीमें का आमना सामना सिर्फ आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के टूर्नामेंटों में होता है। पाकिस्तान की टीम ने पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सात साल के अंतराल के बाद भारत का दौरा किया था। बीसीसीआई आईसीसी से टूर्नामेंट को पाकिस्तान से हटाकर श्रीलंका या दुबई में आयोजित करने का अनुरोध कर सकता है। एशिया कप के बीते सत्र का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ था। जिसमें भारत को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। इससे श्रीलंका ने टूर्नामेंटों के नौ मैचों की मेजबान की थी जबकि पाकिस्तान ने शेष चार मैचों की मेजबानी की। पीसीबी हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी को अपने देश से बाहर ले जाने के विचार के खिलाफ है।

### पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग में खेलेंगे तेंदुलकर

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर नजर आएंगे जब वह इस साल तीन आयोजन स्थलों पर होने वाली पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) में हिस्सा लेंगे। इस टी-20 प्रतियोगिता में छह टीम हिस्सा लेंगी। आईएमएल में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इसके मैच मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे। हर साल आयोजित होने वाला यह टी-20 टूर्नामेंट तेंदुलकर और भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर की योजना का हिस्सा है। गावस्कर इस लीग के आयुक्त भी होंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेंदुलकर और गावस्कर पीएमजी स्पोर्ट्स और खेल विपणन कंपनी स्पोर्टफाइव के साथ मिलकर भारत में लीग का आयोजन करने के लिए एक और कंपनी स्थापित करेंगे। किसी एक फ्रेंचाइजी के स्वामित्व के माध्यम से भाग लेने में रुचि रखने वाले पक्षों को भी आमंत्रित किया गया था।

## बॉलीवुड हलचल



### काजोल, कृति की फिल्म दो पत्ती 25 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन अभिनीत बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स हैंडल पर बताया कि शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती 25 अक्टूबर से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। निर्माताओं ने दर्शकों को सस्पेंस थ्रिलर की एक झलक दिखाते हुए एक मिनट 32 सेकंड के वीडियो के साथ फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। नेटफ्लिक्स ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म दो पत्ती के बहुप्रतीक्षित टीजर को एक कैप्शन के साथ साझा करते हुए लिखा, अब होगा खेल शुरू, लेकिन इस कहानी के है दो पहलू, दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी, केवल नेटफ्लिक्स पर। फिल्म दो पत्ती, उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है। काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। कृति सेनन ने पहली बार दोहरी भूमिका निभाई है। उन्होंने जुड़वां बहनों का किरदार निभाया है। यह फिल्म बड़े पर्दे पर शाहीर शेख की पहली फिल्म भी है।

### आईफा में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं मृणाल



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं। अबु धाबी में आयोजित आईफा उत्सवम में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर को फिल्म 'हाय नन्ना' में यशना की भूमिका के लिए पुरस्कार मिला है। आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर मृणाल बेहद खुश हैं। मृणाल ठाकुर ने कहा, मैं इस अवॉर्ड के लिए बहुत आभारी हूं। मेरे लिए यशना की भूमिका निभाना वास्तव में एक खास अनुभव था, जिसने मुझे प्यार और भावना की गहराई के बारे में जानने का मौका दिया। मैं अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने निर्देशक, प्रतिभाशाली सह-कलाकारों और पूरी टीम को देती हूं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है। यह हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है। मृणाल ने कहा, मैं इस सफर को जारी रखते हुए दर्शकों के साथ और भी बेहतर कहानियां शेयर करने के लिए तैयार हूं। यह मेरा पहला आईफा अवार्ड है। इस अवॉर्ड को रानी मैम और ऐश्वर्या मैम जैसे कलाकारों के साथ शेयर करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री, पटनायक ने मिथुन को दादा साहेब फाल्के के लिए दी बधाई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने सोमवार को मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर माझी ने प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर जाने माने अभिनेता को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय सिनेमा में आपके पांच दशक के उल्लेखनीय सफर और भारतीय दर्शकों के साथ साथ दुनियाभर के अपने प्रशंसकों का आपने अपनी बहुमुखी प्रस्तुतियों से जो मनोरंजन किया है, उसके सम्मान में यह सबसे शानदार श्रद्धांजलि है। पटनायक ने एक्स पर लिखा प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर बहुमुखी प्रतिभा के अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को बधाई। उन्होंने उड़िया सिनेमा सहित पर्दे पर कई यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस डांस जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाले चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में सरकार के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए सोमवार को नामित किया गया। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

# महिला टी-20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारी बेहतरीन : लक्ष्मण




**बेंगलुरू।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने टी-20 महिला विश्व कप से पहले सेंटर ऑफ एक्सीलैंस में लगाए गए शिविर में जो मेहनत की है, उसका फायदा टूर्नामेंट में मिलेगा। भारतीय टीम चार अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।

लक्ष्मण ने बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलैंस में चुनिंदा पत्रकारों से कहा उन्होंने जिस प्रतिबद्धता, समर्पण और ऊर्जा के साथ तैयारी की है, वह अतुलनीय है। मुझे उनकी तैयारियों पर गर्व है। यह काफी अच्छा शिविर था और मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने इस तरीके से तैयार किया था कि पहले चरण में मानसिक और शारीरिक पहलुओं पर फोकस था। इसके बाद ब्रेक था और दूसरे चरण में कौशल तथा तकनीकी पहलू पर जोर रहा। यह सिर्फ नेट्स अभ्यास तक नहीं था बल्कि पांच मैच भी खेले जिसमें अमोल ने उन्हें अलग अलग तरह की चुनौतियां दी। भारत में महिला क्रिकेट आगे की ओर बढ़ रहा है और इसमें महिला प्रीमियर लीग की अहम भूमिका होगी। मेरा मानना है कि महिला क्रिकेट का ग्राफ ऊपर जा रहा है। इस भूमिका में मैने भारतीय युवा लड़कियों और अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों को तैयारी करते देखा है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# स्पेसएक्स कैप्सूल अंतरिक्ष पहुंचा दोनों यात्रियों की जल्द होगी वापसी

- चार सीट वाले कैप्सूल में विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए दो सीट खाली रखी गईं


केप केनवरल (अमेरिका)

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स समेत जून से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने के लिए स्पेस एक्स का नया कैप्सूल रविवार को अंतरिक्ष पहुंचा। स्पेस एक्स ने बचाव अभियान के लिए शनिवार को उड़ान भरी। चार सीट वाले कैप्सूल में क्षमता से कम केवल दो अंतरिक्ष यात्री हैं। दो सीट अंतरिक्ष में फंसे बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए खाली रखी गई हैं। कैप्सूल के अगले साल धरती पर लौटने की संभावना है।

'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) ने 'बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल' में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बाद विल्मोर और विलियम्स को स्पेसएक्स कैप्सूल से धरती पर लाने का फैसला किया। अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उड़ान भरने वाला यह स्टारलाइनर का यह पहला यान था। नासा ने कहा कि उड़ान के बाद 'थ्रस्टर' की विफलता और हीलियम' रिसाव की समस्या बहुत गंभीर है। इसी कारण स्टारलाइनर इस महीने की शुरुआत में खाली ही धरती पर लौटा।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के साथ हिंदी का महत्व बढ़ा

सिंगापुर के एक शीर्ष कारोबारी नेता ने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका के साथ हिंदी का महत्व भी बढ़ा है और अत्याधुनिक तकनीक के साथ हिंदी के मेल ने कारोबार के क्षेत्र में भारत में 57.2 करोड़ और विश्व में 50 करोड़ हिंदी भाषियों के लिए संभावनाओं के द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें पहले अछूते रहे विशाल बाजारों में प्रवेश करने का अवसर मिलता है। सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष नील पारेख ने कहा हम डिजिटलीकरण की दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं, जहां संस्कृति और बाजारों के बीच सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं और भाषा लोगों, विचारों एवं अवसरों को जोड़ने वाले अहम सेतु के रूप में उभरी है। सप्ताहांत में आयोजित वैश्विक हिंदी उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन – 2024 की थीम नवाचार के युग में हिंदी की उत्कृष्टता थी, जिसका आयोजन सिंगापुर स्थित ग्लोबल हिंदी फाउंडेशन ने किया था। पारेख ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तेजी से उभरते भारत में काम करने के लिए हिंदी भाषा के ज्ञान के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। पारेख सिंगापुर में संसद के मनोनीत सदस्य भी हैं।



## गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए हिंदी एक सेतु

उद्यमी पारेख ने कहा कि हिंदी सिर्फ संचार की भाषा नहीं है बल्कि यह गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए एक सेतु है। इससे हमें भारतीय बाजार में प्रवेश का मौका मिलता है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की इच्छा रखने वाले निगमों और एसएमई के लिए उत्कृष्ट संभावनाएं प्रदान करता है। हिंदी दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसे वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ से अधिक लोग बोलते हैं। भारत में 57.2 करोड़ से अधिक लोग सिर्फ हिंदी बोलते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने में एक शक्तिशाली उपकरण बन गई है और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाया जा रहा है।

## आने वाले समय में अहम भाषा होगी हिंदी

सिंगापुर स्थित वित्तीय सलाहकार मंदार पाध्ये ने भाषाओं विशेषकर हिंदी के प्रचार-प्रसार के प्रयासों का उल्लेख किया, जो देश के अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली भाषाओं में से एक है। पाध्ये ने कहा, वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी है तथा इसके बाद जिन दो भाषाओं का ज्ञान आपको होना चाहिए, वे हैं हिंदी और चीनी (मंदारिन), क्योंकि अगली पीढ़ी के नेता ऐसी जगहों से आ रहे हैं जहां ये भाषाएं बोली जाती हैं। पाध्ये की हालिया पुस्तक द रिजिलिएंट इन्वेस्टर में मानव-से-मानव संबंधों पर प्रकाश डाला गया है जो निरंतर विकसित होते वित्तीय परिदृश्य में व्यावसायिक विकास और व्यक्तिगत विकास के बीच विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी एक अहम भाषा होगी क्योंकि कई कारोबारी नेता भारतीय समुदाय से आते हैं और इनमें से कई की मातृभाषा हिंदी है। करीब 300 प्रतिभागियों के साथ हिंदी पर अपने विचार साझा करने के लिए सिंगापुर पहुंचीं इंदौर में 'प्री-एग्जामिनेशन ट्रेनिंग सेंटर' की प्राचार्य अलका भार्गव ने कहा कि उनका मानना है कि वैश्विक मंच पर हिंदी को और अधिक बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक संयुक्त प्रयास किए जाने चाहिए।

## एक नजर

### भारतीय सिख डॉलर लेकर पाक की यात्रा पर आएं

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने सोमवार को देश की यात्रा करने वाले भारतीय सिखों को सलाह दी कि वे भारतीय मुद्रा के बजाय अमेरिकी डॉलर लेकर चलें। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के प्रथम सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा हमें कई शिकायतें मिली हैं कि अपने पवित्र स्थलों के दर्शन के लिए पाकिस्तान आने वाले भारतीय सिखों को मौजूदा विनिमय दर से बहुत कम राशि दी जा रही है। अरोड़ा ने भारतीय सिखों के शोषण के बारे में कई शिकायतें प्राप्त होने के बाद यह परामर्श जारी किया।

### बांग्लादेश ने ब्रिटेन से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाया

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने ब्रिटेन में अपनी उच्चायुक्त सईदा मुना तस्नीम को वापस बुला लिया है और उन्हें तुरंत ढाका लौटने को कहा है। ढाका ट्रिब्यून की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने अवामी लीग सरकार द्वारा नियुक्त दूतों को वापस बुलाने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में रविवार को नोटिस जारी किया। तस्नीम नवंबर 2018 से लंदन में उच्चायुक्त हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अपने लंदन कार्यभार से पहले उन्होंने थाईलैंड में बांग्लादेश के राजदूत के रूप में कार्य किया था।

### ताइवान पहुंचा तूफान क्रैथॉन, चेतावनी जारी

**ताइपे।** तूफान क्रैथॉन के ताइवान के तट पर पहुंचने के बाद सोमवार तड़के जान-माल की क्षति की गंभीर चेतावनी जारी की गयी। ताइवान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी के अनुसार, सोमवार सुबह नौ बजे तक क्रैथॉन ताइवान के सबसे दक्षिणी बिंदु से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में केंद्रित था, जो लगभग नौ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा था। इसके केंद्र के पास अधिकतम हवा की गति 162 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई और तूफान का दायरा 200 किलोमीटर है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ब्लिंकन से करेंगे मुलाकात

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष टोनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे और इस दौरान दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध एवं पश्चिम एशिया में संकट सहित कई द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। जयशंकर रविवार को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंचे। वह कैबिनेट के अन्य मंत्रियों और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से मुलाकात करने के अलावा जयशंकर का थिंक-टैंक समुदाय से भी बातचीत करने का कार्यक्रम है।

### कोलंबिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में आठ की मौत

**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्वी विभाग विचाडा में मानवीय मिशन के दौरान कोलंबियाई वायु सेना के एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से आठ लोगों की मौत हो गयी। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के एक्स अकाउंट पर कहा गया, पेट्रो ने शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना जताई और देश इस त्रासदी में मृतकों के प्रति शोकाकुल है।

# हिजबुल्ला उप प्रमुख जारी रखेगा लड़ाई

## नईम कासेम ने कहा- इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो उसके लड़ाके पूरी तरह तैयार

- शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद लंबे युद्ध के लिए तैयार

बेरूत, एजेंसी

हिजबुल्ला के उपप्रमुख ने समूह के अधिकतर शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद इजराइल के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया और कहा कि आतंकवादी समूह लंबे युद्ध के लिए तैयार है। हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला भी इजराइली हमलों में मारे जाने वाले शीर्ष नेताओं में शामिल था।

नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्ला के लड़ाके लेबनान की रक्षा करने और लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नसरल्ला के उत्तराधिकारी का फैसला होने तक उप महासचिव के रूप में नईम कासेम अब हिजबुल्ला के कार्यवाहक नेता हैं। कासेम ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हिजबुल्ला के शीर्ष सैन्य कमांडरों की मौत के बावजूद समूह अब नये कमांडरों पर निर्भर है। कासेम ने कहा, इजराइल हमारी (सैन्य) क्षमताओं को प्रभावित करने में सक्षम नहीं है। हमारे पास उपकमांडर हैं और किसी भी शीर्ष नेता के मारे जाने या घायल होने की स्थिति में कमांडर की जगह ले सकते हैं।

लेबनान के कई क्षेत्रों पर रविवार को इजराइली हमलों के परिणामस्वरूप कम से कम 105 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया ने लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पहले कहा था कि उसने रविवार दोपहर से लेबनान भर में दर्जनों लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया है।



लेबनान में हमले के बाद ध्वस्त इमारतों का मलबा।

### इजराइल ने मध्य बेरूत पर किया हमला

**यरूशलम।** लेबनान में हिजबुल्ला के नेताओं और उसके ठिकानों को निशाना बनाकर हमला करने के कुछ ही घंटों बाद इजराइल ने मध्य बेरूत में हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाया। लगभग एक साल के संघर्ष में मध्य बेरूत में यह पहला इजराइली हवाई हमला है। इससे पहले, इजराइल की सेना ने सप्ताहांत में लेबनान पर हमला कर हिजबुल्ला के प्रमुख नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया था। इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने शनिवार को हवाई हमले में हिजबुल्ला की 'सेंट्रल काउंसिल' के उप प्रमुख नबील कौक को मार गिराया। हिजबुल्ला ने उसकी मौत की पुष्टि की है। वह एक सप्ताह से भी कम समय में इजराइली हमलों में मारा गया हिजबुल्ला का सातवां शीर्ष सदस्य है।

### नेतन्याहू ने अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी को कैबिनेट में शामिल कर अपनी स्थिति को मजबूत किया

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने गठबंधन का विस्तार करते हुए और सरकार में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी गिदोन सार को रविवार को अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया। नेतन्याहू ने बताया कि समझौते के तहत, सार बिना किसी विभाग के मंत्री के रूप में काम करेंगे और उस सुरक्षा कैबिनेट में शामिल होंगे जिस पर पश्चिम एशिया में इजराइल के शत्रुओं के खिलाफ जारी युद्ध के प्रबंधन की निगरानी है। सार (57) को उम्मीद थी कि वह नेतन्याहू के एक और प्रतिद्वंद्वी एवं रक्षा मंत्री योआव गैलेंट की जगह लेंगे लेकिन इजराइल की उत्तरी सीमा पर हिजबुल्ला के साथ लड़ाई तेज होने के कारण गैलेंट फिलहाल पद पर बने रहेंगे। सार के प्रधानमंत्री के साथ तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। वह कभी नेतन्याहू की 'लिकुड पार्टी' के उभरते सितारे थे, लेकिन चार साल पहले उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी और अपने अलग दल का गठन किया।

### यमन के हुती विद्रोहियों ने अमेरिका निर्मित ड्रोन को मार गिराने का किया दावा

**दुबई।** यमन के हुती विद्रोहियों ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने देश के ऊपर अमेरिका निर्मित एक और 'एमक्यू-9 रीपर' ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने वीडियो भी साझा किया जिसमें कथित तौर पर सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल ड्रोन को निशाना बनाती दिखती है। अमेरिकी सेना ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। दावा ऐसे समय किया गया है जब गाजा पट्टी में इज़राइल-हमास युद्ध को लगभग एक साल होने वाला है। हुती विद्रोही लाल सागर से यात्रा करने वाले जहाजों को निशाना बनाते रहे हैं और अमेरिका के नेतृत्व वाले हवाई हमलों ने यमन में हुती की स्थिति को प्रभावित किया है।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 200 लोगों की मौत

- 30 लोग अब भी लापता हिमालयी राष्ट्र में तबाही

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई और जगह जगह भूस्खलन हुआ, जिससे हिमालयी राष्ट्र में तबाही मच गई। नेपाल पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश, बाढ़, भूस्खलन और पानी भर जाने की वजह से कम से कम 192 लोग मारे गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस आपदा में देश भर में 194 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जबकि 30 अन्य लापता हैं। सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत कार्यों के लिए सभी सुरक्षा एजेंसी को तैनात किया गया है और नेपाल सेना, नेपाल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों ने अब तक लगभग 4,500 आपदा प्रभावित व्यक्तियों को बचाया है। घायलों का मुफ्त उपचार कराया जा रहा है और बाढ़ से प्रभावित अन्य लोगों को भोजन और अन्य आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्राकृतिक आपदा के बाद काठमांडू में सैकड़ों लोग भोजन, सुरक्षित पेयजल और गंदगी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। भूस्खलन के चलते प्रमुख राजमार्गों के अवरुद्ध होने के कारण देश के अन्य जिलों और भारत से सब्जियों की आवक अस्थायी रूप से बाधित हुई है जिससे बाजार में कीमतें भी बढ़ गई हैं।



बाढ़ पीड़ितों को रेस्क्यू करते हुए।

# जापान में 27 अक्टूबर को चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं इशिबा

**टोक्यो।** जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने सोमवार को कहा कि वह पदभार ग्रहण करने की तैयारी के तहत 27 अक्टूबर को आम चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं। इशिबा ने कहा कि संसद का निचला सदन 09 अक्टूबर को भंग हो जाएगा। उन्होंने जल्द से जल्द जनता का जनादेश प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। पूर्व रक्षा मंत्री इशिबा (67) ने शुक्रवार को आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को मामूली अंतर से हराकर देश की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का नेतृत्व प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की। एलडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जापान में संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है, इसलिए पार्टी के नए प्रमुख के रूप में इशिबा को मंगलवार को एक असाधारण डाइट सत्र में प्रधानमंत्री चुना जाना तय है।

# डेमोक्रेट्स चुनाव जीतने पर संविधान कर सकते हैं नष्ट

- अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने व्यक्त की चिंता

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने सोमवार को कहा कि आगामी पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी अगर जीत हासिल करती है तो अमेरिका के संविधान को नष्ट कर देगी। मस्क राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी के इस कथन को देश के मुख्य कानून के लिए खतरा मानते हैं कि अमेरिकी संविधान भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है।

उन्होंने कहा कि केरी ने पहले चिंता जतायी थी कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देने वाला अमेरिकी संविधान का पहला संशोधन सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है। एक एक्स यूजर ने केरी के भाषण पर एक लेख के शीर्षक का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया और कहा कि अगर डेमोक्रेट जीत गये, तो यह आखिरी चुनाव होगा। मस्क ने एक्स पर इसे 'रि-पोस्ट' करते हुए कहा और वे संविधान को नष्ट कर देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटस की ओर से मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस चुनाव लड़ रही है जबकि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार हैं।



# ब्रिटेन का आखिरी कोयला बिजली संयंत्र हुआ बंद

**लंदन।** ब्रिटेन का आखिरी कोयला आधारित बिजली संयंत्र सोमवार को बंद हो जाएगा, जिससे देश में औद्योगिक क्रांति को जन्म देने वाली कोयला विद्युत की 142 साल पुरानी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। मध्य इंग्लैंड स्थित 'रैटक्लिफ-ऑन-सोर स्टेशन' अपनी अंतिम पाली के साथ आधी रात से हमेशा के लिए विराम ले लेगा। ब्रिटेन सरकार ने 2030 तक देश के लिए समूची ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न करने के प्रयासों में एक मील के पत्थर के रूप में कोयला आधारित बिजली संयंत्र के बंद होने की सराहना की। ऊर्जा मंत्री माइकल शैंक्स ने कहा, संयंत्र का बंद होना एक युग के अंत का प्रतीक है और कोयला श्रमिक 140 वर्षों से अधिक समय से हमारे देश को बिजली प्रदान करने वाले अपने काम पर गर्व कर सकते हैं। एक देश के रूप में हम पीढ़ियों के प्रति ऋणी हैं।

# दुर्गा पूजा का विरोध वाले बयान पर चिंता व्यक्त की

- कट्टरपंथी इस्लामी समूह इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की
- हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी गई

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने देश में दुर्गा पूजा समारोहों का विरोध करने वाले कट्टरपंथी इस्लामी समूह, इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता के बयानों पर चिंता व्यक्त की है। मीडिया रिपोर्टों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, परिषद ने मीडिया के लिए जारी बयान में इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की है, इस 16 सूत्री मांग में उन्होंने हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी है। काउंसिल ने बयानों और मांगों के जरिए देश में सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वालों को तुरंत हिरासत में लेने की मांग की है।

### परिषद ने दी चेतावनी

परिषद ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू समुदाय दुर्गा पूजा के आयोजन से हतोत्साहित हो सकता है। परिषद ने उल्लेख किया कि ऐसी मांगें और बयान मानवाधिकारों के खिलाफ हैं और धार्मिक आयोजन करने के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।

# कोशिका प्रतिरोपण से टाइप 1 मधुमेह को ठीक करने का दावा

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने मूल कोशिका (स्टेम सेल) प्रतिरोपण के माध्यम से 'टाइप-1' मधुमेह के एक पुराने रोगी को ठीक करने का दावा किया है और इसे विश्व भर में अपनी तरह का पहला मामला बताया गया है। चीनी समाचार पत्र 'द पेपर' की रिपोर्ट के अनुसार, 25 वर्षीय एक महिला एक दशक से अधिक समय से इस बीमारी से पीड़ित थी लेकिन छोटे से ऑपरेशन के जरिए कोशिका प्रतिरोपण के लगभग ढाई महीने बाद वह अपने रक्त शर्करा स्तर को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने में सक्षम है। इस ऑपरेशन में सिर्फ आधे घंटे का समय लगा। यह ऑपरेशन करने वाली टीम ने पिछले सप्ताह पत्रिका सेल में अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए।



# इमरान पर आतंकवाद का नया मामला दर्ज

- रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में प्रदर्शन के बाद तीन नए मामले दर्ज किए गए

इस्लामाबाद, एजेंसी

रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के आह्वान पर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद पंजाब पुलिस ने उनके खिलाफ शनिवार को तीन नए मामले दर्ज किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री पहले से ही जेल में बंद हैं।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार पीटीआई के संस्थापक पर रविवार को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर और पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान के साथ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। रावलपिंडी के न्यू टाउन और सिविल लाइंस पुलिस थानों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों में हत्या के प्रयास, धारा 144 के उल्लंघन और अन्य आतंकवाद से संबंधित अपराधों के आरोप भी शामिल थे। एक वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद इमरान खानने अपने समर्थकों को राष्ट्रीय संस्थाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए उकसाया और जेल से निर्देश जारी किए।



# 17 भारतीय मछुआरे श्रीलंका में गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 17 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाएं जब्त कर लीं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि इन 17 मछुआरों को मिला कर इस साल द्वीप राष्ट्र में ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या 413 हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और रविवार को मन्नार के उत्तर में उनकी दो नौकाएं जब्त की गईं। नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि पकड़े गए 17 मछुआरों को तलाईमन्नार पियर ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मन्नार मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।

## खगोल विज्ञान | कैमरे में कैद करने की पूरी दुनिया में होड़ लगी

# आसमान मे चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु ए 3

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस का नजर आना शुरू हो गया है। सुबह के आसमान में प्रभावशाली ढंग से चमक बिखेर रहा है। इसकी चमक बढ़ने को लेकर खगोल के प्रति रूचि रखने वाले दुनियाभर के खगोलप्रेमी व धूमकेतुओं पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों के बीच इस धूमकेतु को कैमरे में कैद करने की होड़ लगी हुई है। इस धूमकेतु के जुलाई में विखण्डित होने की खबर आई थी।

यह क्षतिग्रस्त हो चुका था और नज़र आना भी बंद हो गया था। घटना बेहद निराश करने वाली थी। मगर अब पुनः नजर आने लगा है। 27 सितंबर को सूर्य के सबसे करीब पहुंच गया था। अब वापस लौट रहा है। अब यह धूमकेतु 12 अक्टूबर को पृथ्वी के सबसे करीब होगा। उम्मीद है कि तब वह सुबह की जगह शाम को नजर आने लगेगा। अक्टूबर में इसकी चमक में काफी बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है। संभव है कि तब इसे कोरी आंखों से देखा जा सकेगा। फिलहाल यह धुंधला नजर आ रहा है और इसे देखने के लिए दूरबीन की सहायता लेनी पड़ेगी।



यूएई से कैमरे में कैद धूमकेतु ए3।

### नष्ट होने से बच गया ए 3 त्सुचिंशान-एटलस

**नैनीताल :** धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस बेहद भाग्यशाली माना जा रहा है। जुलाई में टूटकर बिखर चुका था। जिसने जबरदस्त वापसी की। मगर 27 सितंबर को सूर्य के करीब पहुचने पर इसके पुन: नष्ट होने की आशंका बनी हुई थी। दरअसल सूर्य के नजदीक पहुचने पर संभव था कि वह सूर्य के आकर्षण में हजार भीषण ताप में समा जाता और सदा के लिए समाप्त हो जाता। मगर यह यह बच निकला। अब इसके धरती के करीब पहुचने का इंतजार है।